শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 312 | गुवाहाटी | रविवार, 11 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

मोदी सरकार ने भारत की मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत से अधिक नहीं होने... पेज 3
भारतीय सेना को मिले 331 युवा अफसर पेज 4
उप्र का गन्ना पूरी दुनिया में पहुंचा रहा मिठास : योगी पेज 5
राजस्थान में महंगाई राहत कैंप के नाम पर लोगों से किया जा रहा है... पेज 8

## मणिपुर हिंसा : शांति समिति गठित, सीएम के अलावा विपक्षी नेता भी शामिल




**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर गृह मंत्री अमित शाह एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। इस समिति में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। गृह मंत्रालय के मुताबिक, शांति समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, समिति में पूर्व सिविल सेवक, शिक्षाविद्, साहित्यकार, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जातीय समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। बता दें, मणिपुर में हिंसा का दौर जारी है। ताजा मामला खोखेन गांव का है, जहां शुक्रवार को जवानों की वर्दी में आए मैती समुदाय के उग्रवादियों ने पहले कॉबिंग के बहाने ग्रामीणों को घरों के बाहर बुलाया और फिर उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में एक महिला समेत तीन की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। खोखेन गांव, पश्चिमी इंफाल जिले और कांगपोकपी के बीच में स्थित है, जहां शुक्रवार को -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर पहुंचे नेडा के कन्वीनर हिमंत, सीएम से की मुलाकात



**इंफाल।** असम के मुख्यमंत्री और नेडा के कन्वीनर हिमंत विश्व शर्मा शनिवार सुबह इंफाल पहुंचे। यहां इंफाल पहुंचने के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेंद्र सिंह के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों में विभिन्न मुद्दों पर और मणिपुर की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। बताया जा रहा है कि नेडा के कन्वीनर शर्मा आज सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान वे सुरक्षा और नागरिक प्रशासनिक संगठनों के साथ भी मुलाकात की। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और नागरिक समाज के सदस्यों से इंफाल में मुलाकात करने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मीडिया को बताया कि हमारे लिए, मणिपुर में शांति और स्थिरता बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने आज जो कुछ भी जाना है, मैं गृह मंत्री को इसकी रिपोर्ट करूंगा। तीन मई को पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा भड़कने के बाद से यह राज्य का उनका पहला दौरा है। केंद्रीय गृह मंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

### मुझे थोड़ा पहले आना चाहिए था : असम के मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपनी मणिपुर की यात्रा के दौरान पिछले महीने एक हिंसक जातीय संघर्ष का गवाह बने, साथ ही कुछ समय पहले राज्य में नहीं आने के लिए अपराध बोध व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां सिर्फ चर्चा करने और भरोसा कायम करने आया हूं। मुझे थोड़ा पहले आना चाहिए था, लेकिन घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री आ गए। मैं दोषी महसूस -शेष पृष्ठ दो पर

### हथियारों की वापसी के लिए विधायक ने बनाया ड्रॉपबॉक्स




**इंफाल।** मणिपुर में लूटे गए हथियारों की वापसी के लिए मणिपुर के विधायक ने एक अनोखा तरीका निकाला है। इंफाल पूर्व से भाजपा विधायक एल सुसिंद्रो मैतेई के घर पर सुरक्षा बलों से छीने गए हथियारों को वापस करने के लिए एक ड्रॉपबॉक्स स्थापित किया गया है। इससे किसी का नाम सामने नहीं आएगा और गोपनीयता बनी रहेगी। विधायक ने घर के बाहर एक ढके हुए शेड में एक -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य सरकार ने एमएसई के लिए असम क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने असम क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की है, जो राज्य की मध्यम और छोटी कंपनियों के लिए वित्तपोषण को सुरक्षित करेगी। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) संयुक्त रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है, जो योजना के तहत ऋण सुविधाओं के लिए 75 फीसदी - 85 फीसदी गारंटी कवरेज देगा। उधारकर्ता की श्रेणी और शेष राशि के आधार पर। असम सरकार 25 फीसदी - 15 फीसदी कवरेज देगी, जिससे कुल गारंटी कवरेज 100 फीसदी हो जाएगा। संबंधित एमएलआई के दावों को क्रिस्टलाइज्ड पोर्टफोलियो के अधिकतम 10 फीसदी एनपीए तक निपटाया जाएगा (पोर्टफोलियो को हर वित्तीय वर्ष में क्रिस्टलीकृत किया जाएगा)। यदि एनपीए का स्तर निर्धारित सीमा से अधिक -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## असम कैबिनेट में स्कूल, जीएसटी पर लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले



**गुवाहाटी।** असम कैबिनेट ने शुक्रवार को अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट (एबीएफटी) के सहयोग से 2024-27 में 6 करोड़ रुपए में गुवाहाटी शहर के 250 सरकारी स्कूलों और निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने का फैसला किया। कैबिनेट ने दावा किया कि यह पहल प्रचलित गतिहीन जीवन शैली, एकाग्रता की कमी और किशोरों के स्कूल छोड़ने की चुनौतियों का समाधान करेगी। इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और -शेष पृष्ठ दो पर

## रिसर्जेंट नॉर्थईस्ट विषय पर गुवाहाटी में आयोजित हुआ दूरदर्शन डॉयलाग




**गुवाहाटी (हि.स.)।** डीडी न्यूज ने आज गुवाहाटी में *रिसर्जेंट नॉर्थईस्ट* विषय पर *डीडी डायलॉग* कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कॉन्क्लेव में केंद्रीय मंत्रियों, नौकरशाहों, टेक्नोक्रेट्स, स्वास्थ्य और शिक्षा विशेषज्ञों, उद्योग और नियामक निकायों सहित पूर्वोत्तर की विकास गाथा में महत्वपूर्ण हितधारकों के पैनल चर्चा और साक्षात्कार देखे गए। कॉन्क्लेव ने केंद्र सरकार की प्रमुख पहलों, पिछले दशक में पूर्वोत्तर में हासिल की गई प्रगति के साथ-साथ कई गुना विकास के लिए आगे बढ़ने पर चर्चा पर विशेष जोर दिया। कॉन्क्लेव का उद्घाटन असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने वीडियो संदेश के जरिए किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रिसर्जेंट नॉर्थईस्ट का विषय क्षेत्र की आकांक्षाओं और क्षमता के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में इस क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए दूरदर्शन समाचार की भी सराहना की। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सिक्किम के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बेदू सिंह पंथ, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और डीडी न्यूज की महानिदेशक श्रीमती प्रिया कुमार की उपस्थिति -शेष पृष्ठ दो पर

### एशियन गेम्स में तभी जाएंगे, जब सभी मुद्दे सुलझेंगे : साक्षी




**नई दिल्ली।** पहलवान साक्षी मलिक ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ अपने विरोध का जिक्र करते हुए कहा कि वह और बजरंग पुनिया और विनेश फोगट सहित अन्य दो विरोध करने वाले पहलवान अपने मुद्दों को हल करने के बाद ही एशियाई खेलों में भाग लेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए मलिक ने हिंदी में कहा कि हम एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। आप नहीं समझ सकते कि हम मानसिक रूप से हर दिन क्या कर रहे हैं। डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ मामले में चार्जशीट का जिक्र करते हुए पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि अगर 15 जून तक कार्रवाई नहीं की गई तो पहलवान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## भारत की राजनीति वोट बैंक पॉलिटिक्स से आज रिपोर्ट कार्ड पॉलिटिक्स बन गई है : नड्डा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में चित्तूर जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लिया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति 2014 से पहले की *वोट बैंक पॉलिटिक्स* से आज *रिपोर्ट कार्ड पॉलिटिक्स* बन गई है। साल 2014 के बाद से, भारत का परिवर्तन अद्वितीय रहा है। जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में पिछले 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रहे हैं। दूसरी तरफ देश तेज गति से तरक्की भी कर रहा है। ऑटोमोबाइल हो या इलेक्ट्रॉनिक्स में, भारत हर उद्योग -शेष पृष्ठ दो पर

### अरुणाचल में सड़क दुर्घटना, चार की मौत पांच घायल

**इटानगर (हि.स.)।** अरुणाचल प्रदेश के कामले जिला में केमलिको गांव के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कामले जिला पुलिस निरीक्षक तारु गुसार ने बताया कि एक टाटा सूमो 9 यात्रियों को लेकर अपर सुवनसिरी जिला के दापोरिजो से इटानगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सुबह लगभग 9 बजे केमलिको गांव के पास टाटा -शेष पृष्ठ दो पर

## जलगांव में भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने मंदिर में की तोड़फोड़, धारा 144 लागू



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक के बाद एक हिंसा के मामले सामने आ रहे हैं। कोल्हापुर में औरंगजेब को लेकर अभी स्थिति सुधरी नहीं थी कि कल बीड जिले के आष्टी शहर में तनाव पैदा हो गया था। वहीं, अब खबर आ रही है कि बीती रात महाराष्ट्र के जलगांव के अमलनेरा में दो समुदाय आपस में भिड़ गए। इतना ही नहीं, यहां तो पुलिस को भी नहीं बख्शा गया। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को इलाके में धारा 144 लागू करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि मामूली विवाद में हिंसा शुरू हुई। अमलनेरा में दीवार पर एक समुदाय के कुछ बच्चे पेशाब -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*एक आदर्श पत्नी वो है जो अपने पति की सुबह मां की तरह सेवा करे और दिन में एक बहन की तरह प्यार करे और रात में एक वेश्या की तरह खुश करें।*

**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### रेल हादसा : सेवानिवृत्त अधिकारियों ने पीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पूर्व न्यायाधीश और पूर्व डीजीपी सहित 270 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने रेलवे हादसे पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। शनिवार को भेजे अपने पत्र में अधिकारियों ने ओडिशा के बालेश्वर जिले में हुए रेल हादसे की सीबीआई जांच का समर्थन करते हुए इसे सही कदम बताया है। अधिकारियों ने इस हादसे के पीछे के कारणों का पता लगाने -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान में गेहूं व आटे की चोरी रोकने के लिए धारा 144 लागू



**पेशावर।** पाकिस्तान में कंगाली के कगार पर पहुंच गया है। हालात इतने खराब हैं कि लोग रोटी को तरस रहे हैं आटे की तस्करी शुरू हो गई है! मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आटे की तस्करी व चोरी रोकने के लिए पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है। सरकार ने इसके लिए बाकायदा सरकारी आदेश जारी किए हैं। दरअसल पाकिस्तान में रमजान के महीने से ही आटे की किल्लत बनी हुई है। पाकिस्तान में आटे की मिल्स ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है, जिसकी वजह से पाकिस्तान में आटे की भारी कमी हो गई है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल : नामांकन को लेकर कई जिलों में तनाव, रणक्षेत्र बना डोमकल



**कोलकाता।** बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से विभिन्न जिलों से अशांति व हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। शनिवार को मुर्शिदाबाद, बीरभूम, हावड़ा, बांकुड़ा, दक्षिण 24 परगना सहित कई जिलों में अशांति की तस्वीरें सामने आई। मुर्शिदाबाद के डोमकल में विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोके जाने को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी कांग्रेस-वाम गठबंधन के समर्थक आमने-सामने आ गए और दोनों तरफ से जमकर ईंट-पत्थर चले। इसके चलते पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पथराव में दोनों तरफ के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। टीएमसी समर्थकों पर विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को नामांकन से रोकने के लिए डोमकल में बीडीओ दफ्तर घेरकर रखने का आरोप है। जिसको लेकर यह झड़प हुई। बाद में भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बीडीओ कार्यालय के बाहर से सरेआम पिस्तौल लेकर घूमने के आरोप में तृणमूल के स्थानीय अंचल अध्यक्ष बशीर मोल्ला को गिरफ्तार किया है। इसके बाद सियासी पारा और चढ़ गया। आरोप है कि विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन से रोकने के लिए वह बीडीओ कार्यालय के बाहर पिस्तौल लेकर पहरा दे रहा था। वाम-कांग्रेस व भाजपा ने नामांकन करने पहुंच रहे विपक्षी उम्मीदवारों के साथ मारपीट करने और भगा देने का आरोप लगाया है। विपक्ष का आरोप है कि सबकुछ पुलिस की मौजूदगी में हो रहा है। गौरतलब है कि नामांकन के पहले दिन मुर्शिदाबाद के खारग्राम में शुक्रवार देर रात एक कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या भी कर दी गई। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# शक्तिपीठ कामाख्या धाम में 22 से शुरू होगा अंबुबासी मेला, तैयारियां जोरो पर

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** शक्ति-साधना का सबसे बड़ा केंद्र नीलाचल पहाड़ पर स्थित मां कामाख्या धाम सिद्धि का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। माता के सभी शक्तिपीठों में कामाख्या शक्तिपीठ को सर्वोत्तम माना जाता है। हर साल यहां अंबुबासी मेला का आयोजन धूमधाम से किया जाता हैं। इस मेले में शामिल होने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। दूर-दूर से श्रद्धालु, साधु, संत, तांत्रिक, देसी-विदेशी पर्यटक भी आते हैं। इस इस संदर्भ में शनिवार की शाम को असम सरकार के विभिन्न विभाग तथा जिला प्रशासन एवं कामाख्या देवालय के साथ एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में उपस्थित असम सरकार के मंत्री जयंत मल्ल बरुवा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अंबुबासी के लिए भरलुमुख स्थित सोनाराम मैदान में, पांडु पोर्ट तथा कामाख्या स्टेशन में तीन शिविर लगाये जाएंगे। अंबुबासी के अवसर पर भीड़ के मद्देनजर श्रद्धालु रात के 9.00 बजे के बाद एवं सुबह 5 बजे तक कामाख्या मंदिर तक नहीं जा पाएंगे। सुबह 5.00 बजे के बाद पुनः श्रद्धालु मंदिर




तक जा सकते हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कामाख्या देवी मंदिर में 22 से 26 जून तक पांच दिवसीय अंबुबासी मेला आयोजित किया गया है। 22 जून की रात 2.30.42 बजे अंबुवासी का योग शुरू होगा। दिन के समय मंदिर खुला रहेगा। 23, 24, 25 को मंदिर का कपाट पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा उस समय पूजा-पाठ सभी बंद रहेगा। 26 तारीख को नित्य पूजा के बाद मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोला जाएगा। मंदिर के कपाट खुलने के बाद कोई भी विशेष दर्शन की व्यवस्था नहीं होगी। सभी आम लोगों की तरह मां के दर्शन कर पाएंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इसबार विशेष प्रचार की व्यवस्था नहीं की गई है। श्रद्धालुओं के लिए लगाए गया तीन अस्थायी शिविरों में भंडारा, पानी, शौचालय, लाइट आदि की व्यवस्था विशेष रूप से की जाएगी। साथ में सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। साथ में वॉलिंटियर्स भी मौजूद रहेंगे। चिकित्सा के लिए कैंप रहेगा, जिसमें डॉक्टर, दवाइयां उपलब्ध रहेंगे। अंबुबासी के अवसर पर कोई भी गाड़ी मंदिर तक नहीं जाएगी। नीचे जूता रखने की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क पर कार्पेट बिछाया जाएगा। दिव्यांग, विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति तथा सीनियर सिटीजन के लिए फेरी कार की व्यवस्था रहेगी। निचले कामाख्या से कामाख्या मंदिर तक जाने के लिए विशेष रूप से लाइट, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। पांडु के टेंपल घाट से कामाख्या तक नया रास्ता खुला रहेगा लेकिन वहां से श्रद्धालु सिर्फ पैदल यातायात कर पाएंगे। अंबुबासी उत्सव के दौरान मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना बंद रहती है। मान्यता है कि इस समय देवी रजस्वला रहती हैं। इस वजह से मंदिर के कपाट बंद रहता है। यह मंदिर तंत्रमंत्र का विशेष स्थान है। तांत्रिकों के लिए अंबुवासी का समय सिद्धि प्राप्त का अनमोल समय होता है। इसलिए दुनिया भर से भारी संख्या में तांत्रिक इस समय शक्ति पीठ कामाख्या धाम में पहुंचते हैं।

## गर्मी से छुटकारा पाने के लिए पांच गांवों के लिए कराई मेंढकी की शादी



**गोलाघाट ( हिंस )।** गर्मी प्रदेश के लोगों को जला रही है। सूखे के कारण गोलाघाट के खेतों में दरारें आ गई हैं। वरुण देवता को खुश करने के लिए गोलाघाट के हाबीसोवा सिनातली गांव में पांच गांवों के लोगों ने मेंढकी की शादी का आयोजन किया। पूरे रीति-रिवाज के साथ मेंढकी की शादी में पांच गांवों के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। सिनातली की दुल्हन को लेने के लिए हाबीसोवा बरपत्थार का दूल्हा पहुंचा था। पूर्व परंपरा को ध्यान में रखते हुए खुमटाई के हाबीसोवा सिनाताली में मेंढकी की शादी रचाई गई। जेठ महीना समाप्ति की ओर है, लेकिन किसानों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्होंने अभी तक की जुताई नहीं की है। खेतों में दरारें आने से अब किसानों समेत हर कोई परेशान है। इसी वजह से खुमटाई के पांच गांवों के लोगों ने संयुक्त रूप से मेंढकी की शादी कराकर वरुण देवता को प्रसन्न करने की कोशिश की। पूर्व परंपरा को कायम रखते हुए कई लोग मेंढकी की शादी देखने पहुंचे और सभी एक साथ मस्ती करते नजर आए।

## राज्यपाल से मिले भाजपा नेता, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव को लेकर राजनीति तेज होती दिखाई दे रही है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सब के बीच भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती होनी चाहिए। इससे पहले पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद, डॉ सुकांत मजुमदार ने राज्यपाल को पत्र लिखकर राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए आगामी पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती का अनुरोध किया। सुकांत मजूमदार ने कहा कि कल एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई।

## उग्रवादियों के हमले में मणिपुरी परिवार की नष्ट की गई संपत्ति ट्रक समेत सिलचर में बरामद

**कछार ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य मणिपुर पिछले एक माह से अधिक समय से साम्प्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा है। इस बीच आज कछार जिला मुख्यालय सिलचर में एक ट्रक को जब्त किया गया। ट्रक को अखिल असम मणिपुरी युवा संघ के स्वयंसेवकों ने पकड़ा। ट्रक (एएस-01एलसी-9235) में चुराचांदपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में नष्ट हुए मैतेई परिवार की संपत्ति को लाद कर लाया गया था। इस मामले में कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ट्रक मिजोरम के रास्ते सिलचर जा रहा था। ट्रक को रोके जाने के बाद असम मणिपुरी यूथ एसोसिएशन के स्वयंसेवकों ने असम विश्वविद्यालय पुलिस थाने को घटना के बारे में सूचित करते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई। दर्ज करायी गई प्राथमिकी के अनुसार कुकी उग्रवादियों द्वारा मणिपुर के मैतेई समुदाय के खिलाफ शुरू की गई उग्रवावादी गतिविधियों के सबूत नष्ट करने के लिए विभिन्न कदम उठाते हुए देखा गया है। उन्होंने ट्रक की सामग्री को अन्य राज्यों में भेजकर उग्रवादी गतिविधियों के सबूतों को छिपाने का प्रयास किया है। पुलिस से मामले की उचित जांच करने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की अपील की गई है।

## एसएसबी ने भारी मात्रा में अवैध लकड़ी समेत दो तस्करों को पकड़ा

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रानीगुली के कार्यवाहक कमांडेंट लोकेश कुमार सिंह के निर्देशनुसार आज सीमा चौकी सरलपाड़ा के जवानों ने भारी मात्रा में अवैध लकड़ी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने आज बताया है कि एसएसबी के बार्डर आउट पोस्ट (बीओपी) सरलपारा, नहारानी एवं वन विभाग उल्टापानी के कर्मचारियों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा के पीलर संख्या 150/2 से लगभग 03 किमी दूर पुतुली बाजार



साउथ सरलपाड़ा के पास एक ट्रक पर लदे भारी मात्रा में इमारती लकड़ी समेत दो तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बंगाईगांव जिला के विद्ययापुर गांव निवासी सिबीर सुत्रधर (38) और चिरांग जिले के निलिवारी थाना अंतर्गत राभापाड़ा बेनीवारी गांव भूमिधर सुत्रधार (24) के रूप में किया गया है। जब्त की गई लकड़ी एवं वाहन की कीमत लगभग 20,38,080 रुपए आंकि गई है। जब्त की गई अवैध लकड़ी एवं ट्रक को उल्टापानी वन विभाग को कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### मणिपुर हिंसा : शांति समिति...

हिंसा हुई। जिन लोगों की मौत हुई है, वे अलग-अलग समुदाय के हैं। घटना के बाद सेना, पुलिस और असम राइफल्स के जवान मैती उग्रवादियों की तलाश में जुटी हुई हैं। मणिपुर हिंसा की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने अभी तक छह एफआईआर दर्ज की है, जिसमें पांच आपराधिक साजिश की है। सीबीआई इस बात का पता लगाएगी कि तीन मई से जारी कुकी और मैती समुदाय के बीच हिंसा किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के समय इंटरनेट पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिका को तत्काल सुनने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट पहले ही मामला सुन रहा है। इसलिए दोहरी सुनवाई की जरूरत नहीं है। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने मणिपुर दौरे के दौरान रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने बाद में इस पर मुहर लगा दी। मंत्रालय के मुताबिक, न्यायिक आयोग हिंसा के कारणों और प्रसार के साथ ही दंगों की जांच करेगा।

### मणिपुर पहुंचे नेडा ...

अमित शाह के चार दिवसीय दौरे पर राज्य आने के लगभग दो सप्ताह वे यहां आए हैं। शुक्रवार को भी, सुप्रीम कोर्ट ने 3 मई से हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के खिलाफ एक याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। हिंसाग्रस्त मणिपुर में सरकार ने राज्य में इंटरनेट पर प्रतिबंध पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। मणिपुर में इंटरनेट पर रोक 15 जून तक बढ़ा दी गई है। मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य में इंटरनेट निलंबन को बढ़ाने के फैसले की घोषणा की। मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को बढ़ाने का निर्णय राज्य भर में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बाद सरकार द्वारा लिया गया है।

### मुझे थोड़ा पहले ...

कर रहा हूं कि मैं पिछले महीने नहीं आ सका। इसलिए मेरी यात्रा पूरी तरह सद्भावना यात्रा है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संकटमोचक माने जाने वाले हिमंत दिन में मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां रहने के दौरान, मैंने मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों, हमारी पार्टी के नेताओं और नागरिक समाज संगठनों से मुलाकात की। मैं आज किसी कुकी नेता से नहीं मिल सका, लेकिन मुझे लगता है कि जब भी जरूरत होगी, हम उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### असम कैबिनेट में ...

अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की मंजूरी का इंतजार है। जीएसटी परिषद की सिफारिश के अनुसार, कैबिनेट ने असम माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2023 को प्रख्यापित करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिमंडल ने बताया कि गुवाहाटी में मुख्यालय के साथ जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की एक राज्य पीठ स्थापित की जाएगी। वहीं असम के चाय उद्योग के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, कैबिनेट ने 1 अप्रैल, 2023 से 3 साल की अवधि के लिए कृषि आय पर कर छूट देने के लिए असम कृषि आयकर अधिनियम, 1939 के तहत अधिसूचना जारी करने की मंजूरी दे दी है। अधिसूचित आरटीपीएस सेवाओं के वितरण में सुधार और आरटीपीएस अपील तंत्र को मजबूत करने के लिए असम लोक सेवा अधिकार अधिनियम, 2012 की धारा 8ए और 8बी में संशोधन के लिए असम लोक सेवाओं का अधिकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 जारी किया जाएगा। असम के कर्मचारी राज्य बीमा डॉक्टरों की सेवा के सुचारू प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए असम ईएसआई डॉक्टरों की सेवा नियम, 2000 में संशोधन किया जाएगा। कैबिनेट ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी (एएमओ) के रूप में पदोन्नति के लिए पात्र होने के लिए अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) या समकक्ष पद की न्यूनतम सेवा अवधि को 5 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष करना चाहता है। विशेष रूप से, ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पूर्व के सभी अधीक्षक/चिकित्सा अधिकारी (स्वतंत्र प्रभार) एएमओ के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा करने से पहले ही सेवानिवृत्त हो गए थे, जिसके लिए ईएसआईएस, असम के कार्यालय में 1964 से कोई पूर्ण विकसित एएमओ नहीं है। इसके अलावा, कैबिनेट ने डीबीटी योजनाओं (डीआईडीएस) के प्लेटफॉर्म के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के ढांचे को मंजूरी देने का फैसला किया है, और बाद में नागरिकों को कल्याणकारी लाभों के वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए प्लेटफॉर्म को लागू करने और अपनाने का फैसला किया है।आधार डेटा सहित एनएफएसए योजनाओं के साथ ओरुनोदोई के डेटाबेस के साथ शुरू में एक एकीकृत सामाजिक रजिस्ट्री तैयार की जाएगी। कैबिनेट ने कहा कि अन्य ऑन-बोर्ड योजनाओं के लाभार्थियों को भी बाद में रजिस्ट्री में जोड़ा जाएगा।

### रिसर्जेंट नॉर्थईस्ट विषय...

में भाग लिया। उद्घाटन सत्र में *योग और पर्यटन: पूर्वोत्तर के माध्यम से क्रूजिंग* विषय पर मंत्री के साथ एक विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सोनोवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर की संस्कृति, हस्तशिल्प को दुनिया भर में फैलाने के लिए कई पहल की हैं। पूर्वोत्तर की पर्यटन संभावनाओं के बारे में सोनोवाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान सरकार ने सड़क संरचना और कनेक्टिविटी के विकास के लिए काम किया है। नतीजतन अब पर्यटकों के लिए इस क्षेत्र तक पहुंचना और आसान हुआ है। उन्होंने दुनिया के सबसे लंबे नदी क्रूज एमवी गंगा विलास का उदाहरण दिया, जो हाल ही में पूर्वोत्तर के विभिन्न पर्यटन स्थलों से होकर गुजरा और क्षेत्र में क्रूजिंग सुविधा को बढ़ावा दिया और साथ ही इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर रखा। उन्होंने बताया कि एमवी गंगा विलास पहले से ही अगले दो वर्षों के लिए बुक है। सोनोवाल ने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर भी जोर दिया, जिसने नागरिकों के लिए सुशासन और जीवन को आसान बनाने में सक्षम बनाया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार विश्व को एक साथ लाने के लिए काम कर रही है और इस वर्ष विश्व के पांच महासागरों पर योग का अभ्यास करने की योजना है। सम्मेलन में भाग लेते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने *पूर्वोत्तर के माध्यम से एक्ट ईस्ट* विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद सरकार ने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी है और इसका परिणाम क्षेत्र की वृद्धि और विकास में दिखाई दे रहा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखने के लिए वर्तमान सरकार शांति वार्ता के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के मुद्दों पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप कई उग्रवादी समूहों ने आत्मसमर्पण कर दिया है और शांति का रास्ता अपनाया है। इस अवसर पर रिजिजू ने कहा कि सरकार पूर्वोत्तर की वृद्धि और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले 9 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा की गई पहल से पूर्वोत्तर एक जीवंत अर्थव्यवस्था केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि भारत के प्रधान मंत्री पहले ही अपने कार्यकाल के दौरान लगभग 52 बार पूर्वोत्तर का दौरा कर चुके हैं और केंद्रीय मंत्री हर 15 दिनों में पूर्वोत्तर का दौरा कर रहे हैं। बाद में सिक्किम के वाणिज्य और उद्योग मंत्री बेदू सिंह पंथ और असम के एमडी असम पर्यटन और पर्यटन सचिव पद्मपाणि बोरा के साथ एक पैनल चर्चा हुई, जहां उन्होंने सिक्किम और असम राज्य में पर्यटन के अवसरों के बारे में चर्चा की।

### भारत की राजनीति ...

में बड़ी प्रगति कर रहा है। आज, हम दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल निर्माताओं में से एक हैं। साथ ही, हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऑटोमोबाइल बाजार हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी पारदर्शी शासन में विश्वास करते हैं। लेकिन यहां, आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी सरकार पैसा बना रही है और पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। विकास तो भाजपा ही कर सकती है। अतः आने वाले समय में यहां *कमल* खिलेगा। जनसभा से पहले जे पी नड्डा ने तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे इस पवित्र मंदिर में आने का सौभाग्य मिला है जो एक महान आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभरा है। उन्होंने देश के सार्वभौमिक कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है।

### अरुणाचल में सड़क...

सूमो दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 5 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में तगाम बाजा, लोंगकू टाड, यामीन ला और सैफुल इस्लाम के नाम शामिल हैं। वहीं बाजा येकिर, युगुम थापा, अजीत टुडू, सग्गे मुरी, वाहन चालक प्रदीप सिंह घायल हैं।

### जलगांव में भड़की...

कर रहे थे, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। इस पर कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग हाथापाई करने लगे। इतना ही नहीं, मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट और पत्थरबाजी होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब दोनों समुदायों से शांत होने को कहा तो उपद्रवी और भड़क गए। उन्होंने पुलिस की टीम पर पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। बाद में, हालात देखते हुए इलाके में धारा 144 लगा दी गई। पुलिस की कई टीमें शहर की गलियों में गश्त कर रही हैं। सूत्रों की माने को हिंसा में 4 पुलिसकर्मियों को चोट पहुंची है। बताया जा रहा है कि हिंसा में शामिल लोगों ने मंदिर और दुकानों में तोड़फोड़ की है। मंदिर में तोड़फोड़ की घटना पर दूसरा पक्ष और उग्र हो गया और उन्होंने पत्थरबाजी की। जानकारी के अनुसार, शहर के जिंजर गली व सराफ बाजार में दो गुटों के बीच पत्थरबाजी हो रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों से बात की गई और उन्हें समझाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### एशियन गेम्स में तभी ...

करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से कहा है कि अगर 15 जून तक कार्रवाई नहीं की गई तो हम विरोध का बड़ा आह्वान करेंगे और फैसला लेंगे। बुधवार को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ पहलवानों की बैठक के दौरान ठाकुर ने कहा कि पुलिस बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में 15 जून तक चार्जशीट दायर करेगी। उन्होंने पहलवानों से यह भी कहा कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक होंगे। पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा था कि केंद्र ने जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का समय मांगा है, लेकिन पहलवानों का विरोध अभी खत्म नहीं हुआ है। मलिक का यह बयान उनके और उनके साथी पहलवानों के केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात के बाद आया है। उन्होंने कहा कि हमें 15 जून तक पुलिस द्वारा अपनी जांच पूरी करने तक अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित करने के लिए कहा गया है। पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि हमने कुछ मुद्दों पर चर्चा की। पुलिस जांच 15 जून तक पूरी की जानी चाहिए और मंत्री ने हमसे तब तक विरोध प्रदर्शन नहीं करने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला पहलवानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा। हम मैंने अनुरोध किया है कि पहलवानों के खिलाफ सभी प्राथमिकी वापस ली जानी चाहिए और वह इसके लिए सहमत हो गए हैं।

### रेल हादसा : सेवानिवृत्त ...

के लिए सीबीआई जांच कराने के सरकार के फैसले को बिलकुल सही बताया है। पत्र में यात्रियों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को रेलवे ट्रैक की सुरक्षा बढ़ाते हुए उसके किनारे स्थित अवैध अतिक्रमण हटाने का सुझाव दिया है। इसके साथ केंद्र सरकार द्वारा रेलवे यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रयासों का समर्थन किया है। 270 सेवानिवृत्त अधिकारियों में उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह, जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद सहित कई पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं।

### पाकिस्तान में गेहूं व ...

ब्लूचिस्तान में गेहूं की पैदावार होती है। चूंकि पाकिस्तान में आटे की किल्लत है, ऐसे में ब्लूचिस्तान की सरकार के खाद्य विभाग ने राज्य में पैदा हुए गेहूं या आटे की तस्करी रोकने के लिए पूरे राज्य में धारा 144 लागू करने का आदेश दिया है। सरकार का कहना है कि अगले गेहूं की पैदावार के मौसम तक राज्य में आटे की किल्लत ना हो, इसके लिए सरकार ने यह फैसला किया है। पाकिस्तान में हालात इतने खराब हैं कि वहां खाने पीने के आधारभूत सामान की भी भारी किल्लत हो रही है। पाकिस्तान में आटे और चीनी के भाव आसमान छू रहे हैं। बढ़ती महंगाई पाकिस्तान की गरीब जनता के मुंह का निवाला छीन रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्लूचिस्तान में चीनी का भाव 130-200 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। वहीं 20 किलो आटे की कीमत 2600-4000 रुपए तक पहुंच गई है।

### बंगाल : नामांकन को ...

कांग्रेस ने तृणमूल पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर, कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ दो नंबर ब्लाक के बीडीओ कार्यालय में घुसकर एक कर्मचारी की पिटाई का मामला भी सामने आया है। इसका आरोप भी तृणमूल पर है। हालांकि तृणमूल ने घटना में हाथ होने से इनकार किया है। उधर, पूर्व बर्द्धमान के कटवा और बीरभूम के लाभपुर में भाजपा उम्मीदवारों को नामांकन से रोकने व मारपीट का आरोप भी तृणमूल पर लगा है। लाभपुर में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ मंडल से मारपीट का आरोप है। इधर, अशांति की घटनाओं के बीच नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने ट्वीट कर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी व तृणमूल नामांकन से डर गई हैं। इसलिए भाजपा उम्मीदवारों को रोका जा रहा है, लेकिन भाजपा को कोई नहीं रोक पाएगा।

### हथियारों की वापसी ...

बड़ा पोस्टर अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में लिखा है, कृपया छीने हुए हथियार यहां रख दें। इसके नीचे लिखा है, आप ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ लोगों ने हथियार इस ड्रप्स बॉक्स में हथियार डाले भी हैं। उल्लेखनीय है कि हिंसा के दौरान लोगों ने सरकारी हथियार लूट लिए थे। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हथियार लौटाने की अपील की थी। अब तक लोगों ने काफी मात्रा में हथियार लौटाए भी हैं।

### राज्य सरकार ने ...

हो जाता है, तो सीजीटीएमएसई अपने हिस्से का सम्मान करेगा, जो कि 75 फीसदी-85 फीसदी है। 2022 में, असम सरकार ने तेजी से औद्योगीकरण की अनुमति देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पुनर्जीवित करने के लिए असम क्रेडिट गारंटी योजना के लिए सीजीटीएमएसई और असम स्टार्टअप वेंचर कैपिटल फंड के लिए एआईडीबीआई वेंचर कैपिटल के साथ दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया कि सीजीटीएमएसई के साथ सहयोग असम में एमएसएमई को उधार देने वाले संस्थानों द्वारा किए गए ऋण के लिए अतिरिक्त गारंटी कवरेज प्रदान करने के लिए है। इस बीच, योजना 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी हो गई है। सभी मौजूदा एमएलआईएस एसीजीएस के लिए पात्र होंगे। 100 फीसदी गारंटी कवरेज के अलावा, क्रेडिट गारंटी योजना के अन्य सभी नियम और शर्तें (बैंकों के लिए सीजीएसआई और एनबीएफसी के लिए सीजीएस-टू) आवश्यक परिवर्तनों सहित एसीजीएस पर लागू होंगी। यह परियोजना असम में एमएसईएस की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में सहायता करेगी। इस बीच, सीएम ने कहा कि सिडबी वेंचर कैपिटल फंड (एसवीसीएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रस्तावित असम स्टार्ट-अप वेंचर कैपिटल फंड के लिए एक निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य करने का इरादा रखता है। शर्मा ने इस सौदे पर हस्ताक्षर को *रेड लेटर डे* के रूप में वर्णित किया, जिसमें कहा गया है कि एमओयू से तेजी से औद्योगीकरण की सुविधा और एमएसएमई क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एसवीसीएल द्वारा 200 करोड़ रुपए के कुल कॉर्पस के साथ असम स्टार्ट-अप वेंचर फंड भी स्थापित किया जाएगा।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **त्रयोदश अध्याय**

**( गुरु-वंदना )**

**अस्ती आप मिटाय कर, सद्गुरु चरणन लाग।**
**अहँ भाव गुरु से किये, यह तव बड़ा अभाग॥ 27॥**

**शब्दार्थ :** (आप) अपना (अस्ती) अस्तित्व, अपनापन (अहँ भाव) अहंकार का भाव, बडप्पन (अभाग) दुर्भाग्य।

**भाष्य :** अपने अभिमान ममत्व को नष्ट कर एकमात्र सद्गुरु के चरणों में अपने प्रेम को लगावें। यदि गुरु से अहंभाव किए, तब आपका महान दुर्भाग्य है।

**शिष्य श्वान गुरुदेव का, दुर दुर तू तू भाव।**
**मृतक बनों मन माहि कर, शुद्ध हँस गति पाव॥ 28॥**

**शब्दार्थ :** (श्वान) कुत्ता (दुर दुर) तिरस्कार सूचक शब्द (तू तू) कुत्ते को समीप बुलाने का संबोधन (शुद्ध हँस) पवित्र आत्मा

**भाष्य :** ब्रह्मविद्या का अधिकारी सद्गुरु-शरणागत हो, जब अध्यात्वतत्व का उपदेश ग्रहण कर लेता है, तब उसे शिष्यरूप में रहना पड़ता है। वह शिष्य गुरुदेव का कुत्ता है, जिसमें किसी प्रकार का अभिमान या मान नहीं रहता। उसके अंदर दुर-दुर, तू-तू का भाव रहता है। जिस प्रकार कुत्ते का स्वामी उसके बुलाने और दूर हटाने के लिए दुर-दुर, तू-तू शब्द कर बुलाता है और दूर करता है, इसी प्रकार का भाव शिष्य के अंदर होने से मन के समस्त अभिमान नष्ट हो जाते हैं इसलिए वह मन को मारकार मृतक हो जाता है, तब उसे जीवन्मृतक पवित्र आत्मा में चेतन गति की प्राप्ति होती है। मन में अभिमान रहते पवित्र ज्ञान प्राप्त नहीं होता। अभिमान जीवन के पतन का कारण है, इसलिए निराभिमानी हो, सद्गुरु-शरण में रह, महाप्रभु की उपासना करें।

## मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल दो गिरफ्तार

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के ग्रामीण इलाकों में इस समय नशे का कारोबार चल रहा है। छायागांव के गोराईमारी इलाके में पोर्टल के पत्रकारों का एक वर्ग ड्रग्स और गांजे के कारोबार में शामिल बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात दो पोर्टल के पत्रकार मिराजुल इस्लाम और अबुल कलाम को गांजा की आपूर्ति करने वाला ड्रग्स तस्कर स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ लिये गये। दोनों युवक गांजा और नशीले पदार्थ की आपूर्ति कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। बाद में दोनों की लोगों ने जमकर पिटाई की। दोनों युवकों की पहचान छयगांव के कलतुली पथार गांव निवासी साहानूर आलम और दूसरा सोनतली निवासी समेद अली के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बाद में दोनों को पुलिस को सौंप दिया। दोनों ड्रग्स तस्कर फिलहाल गोराईमारी पुलिस की हिरासत में हैं। इस बीच पोर्टल के पत्रकार मिराजुल इस्लाम और अबुल कलाम आजाद फरार बताये गए हैं।

# मोदी सरकार ने भारत की मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत से अधिक नहीं होने दिया : ऋतुराज सिन्हा

## पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति अभूतपूर्व दर से बढ़ी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कोविड के साथ-साथ यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध से भारत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कीमतों में वृद्धि हुई है। अमेरिका, इंग्लैंड, जापान आदि में यूक्रेन रूस के युद्ध के के चलते पिछले 30 वर्षों में जो नहीं हुआ, उससे भी अधिक सभी स्तरों के सामानों की कीमतों में वृद्धि हुई है। पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति अभूतपूर्व दर से बढ़ी है, इसके बजाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की मुद्रास्फीति को 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होने दिया है। 2004 से 2014 तक कांग्रेस के शासन के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमत में तीन बार वृद्धि हुई लेकिन भाजपा के नौ साल के शासन के दौरान, उतनी मूल्य वृद्धि नहीं हुई है। नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल




पूरे होने के मौके पर शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पहले से कहीं अधिक सीटें मिलेंगी। सिन्हा ने कहा कि वह यह कहने के लिए ज्योतिषी नहीं हैं कि उन्हें कितनी सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने नरेंद्र मोदी सरकार को विश्वास में लिया है, क्योंकि भाजपा गरीब लोगों के लिए काम कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने संवाददाता सम्मेलन में यह आंकड़ा भी पेश किया कि केंद्र सरकार की तुलना में राज्य सरकार ने कितने लाभार्थियों के लिए किन-किन योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अवैध विदेशियों के मुद्दे को मुख्य मुद्दे के रूप में लिया था लेकिन इस मामले में जटिलताएं थीं। उन्होंने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों के जीवन स्तर पर में किये गए सुधार पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर तेजपुर के सांसद पल्लव लोचन दास, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रंजीत दत्त समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## 27 को होजाई में अमित शाह विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित



**होजाई ( निसं )।** गृह मंत्री अमित शाह 27 जून को होजाई में एक जनसभा को संबोधित करेंगे उक्त जानकारी आज मंत्री पीयूष हजारिका ने संवाददाताओं से यहां साझा की। गौरतलब है कि मंत्री पीयूष हजारिका होजाई के जुगल किशोर केडिया भवन में उपस्थित हुए और नौगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 9 क्षेत्र के विधायकों के साथ-साथ बीजेपी के अन्य कर्मियों के साथ एक सभा में भाग लिया। उन्होंने उक्त जानकारी सभा के बाद संवाददाताओं को दी कि गृह मंत्री अमित शाह नगांव लोकसभा क्षेत्र के होजाई में एक जनसभा में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि आज हम सबों ने मिलकर यह फैसला लिया है कि भाजपा अपना शक्ति प्रदर्शन उक्त सभा में करेगी और तकरीबन डेढ़ लाख लोगों की उपस्थित होने की संभावना उक्त सभा में रहेगी। आगे उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस असम का विरोधी दल है और भाजपा कांग्रेस को किसी भी हालत में शिकस्त देगी। वहीं उन्होंने आगे कहा कि अभी तक दो स्थानों का निरीक्षण किया गया है, जहां उक्त सभा आयोजित होगी, उसमें से एक उपयुक्त स्थान का चयन जल्द ही किया जाएगा

## भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान
## गुवाहाटी में व्यवसायी सम्मेलन आयोजित




**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्वाधीन केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर पूरे देश में गत 31 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा सूत्रों ने आज बताया है कि इस कड़ी में होटल विश्वरत्न में शुक्रवार की शाम 7 बजे से सांसद क्वीन ओझा की अध्यक्षता में गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के तहत एक व्यवसायी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा के असम प्रदेश प्रभारी विजय जय पांडा, सह प्रभारी पवन शर्मा, असम सरकार के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, पूर्व गुवाहाटी के विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य एवं हाजो की विधायक सुमन हरिप्रिया, प्रदेश महासचिव पुलक गोहाई, असम फाइनेंस कार्पोरेशन के अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता रूपम गोस्वामी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में व्यवसायियों के साथ विचार-विमर्श करने के साथ ही व्यवसायियों के विचारों को सुनने के बाद आगामी दिनें में सरकार इस पर किस प्रकार से कदम उठाएगी, इस संबंध में विजय जय पांडा ने अपने विचार रखे। साथ ही व्यवसायियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाये गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले दिनों में व्यापारियों के विचार लेकर और उनकी राय लेकर इस मुद्दे पर ध्यान देगी। साथ ही जरूरत अनुसार काम भी करेगी।

## मार्घेरिटा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**तिनसुकिया ( हिंस )।** रोटरी क्लब डिगबोई की पहल और ऑल असम भोजपुरी परिषद के सहयोग से आज (शनिवार) मार्घेरिटा हिंदी हाई स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मार्घेरिटा के स्थानीय विधायक भास्कर शर्मा ने किया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में, स्कूल के छात्रों को विभिन्न बीमारियों का इलाज करने के साथ ही निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई।

## आग में एक घर जलकर राख

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिलांतर्गत लंका के नखुटी के 3 नंबर मजूमदार गांव में आज सुबह लगभग 9.30 बजे अचानक लगी भयावह आग के चलते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक घर जलकर पूरी तरह से राख हो गया। आग लगने से घर में रखे दो लाख रुपए नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए।

## समाचार पत्र प्रेरणा भारती के मोबाइल ऐप का शुभारंभ




**कछार ( हिंस )।** दक्षिण असम से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र प्रेरणा भारती के मोबाइल ऐप का आज शुभारंभ कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर के प्रेस क्लब में किया गया। प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में प्रेरणा भारती के प्रकाशक पत्रकार और समाजसेवी दिलीप कुमार ने बताया कि पाठकों को 24 घंटे ताजा समाचारों से अपडेट करने के लिए प्रेरणा भारती ने मोबाइल ऐप को लांच किया है। इस ऐप में लोग अपनी मनचाही नई-पुरानी सभी खबरें देख सकते हैं। ई-पेपर भी पढ़ सकते हैं। इसे गुगल प्ले स्टोर से एप निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रेरणा भारती की तकनीकी सहायक अभिनंदिता कुमार ने प्ले स्टोर से प्रेरणा भारती ऐप को डाउनलोड करके दिखाया तथा इसकी खूबियों के बारे में बताया। प्रेस क्लब के महासचिव शंकर दे ने कहा कि इस ऐप से शिलचर समाचार जगत में एक नए युग का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही मैं देख रहा हूं की प्रेरणा भारती निष्पक्ष निर्भीक होकर पीड़ित और शोषित लोगों की आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रेरणा भारती एक आदर्श के ऊपर चल रही है। नई पीढ़ी हिंदी को पसंद करती है, इसलिए प्रेरणा भारती का भविष्य उज्ज्वल है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शशिकांत चौथाईवाले ने कहा कि कठिन परिस्थिति में प्रेरणा भारती का काम शुरू हुआ और अथक परिश्रम करके प्रकाशक और संपादक सीमा ने इसे आगे बढ़ाया है। प्रेरणा भारती अपने बल पर आगे बढ़ी है, समाचार पत्र चलाना कठिन कार्य है। उन्होंने कहा कि सभी को युगानुकूल चलना पड़ेगा वरना हम पीछे छूट जाएंगे। आने वाले दिनों में प्रेरणा भारती की और उन्नति होगी तथा जागरण का माध्यम बनेगी। वहीं ज्योतिषाचार्य पंडित आनंद शास्त्री ने भी प्रेरणा भारती की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेरणा भारती की संपादक सीमा कुमार ने कहा कि समय के साथ चलने में ही समझदारी है, इसलिए हमने प्रिंट मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया का भी प्लेटफार्म खड़ा किया है। इस मौके पर अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## विधायक रविराम नार्जारी ने आयुष्मान कार्ड का किया वितरण

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** राज्य सरकार द्वारा गरीबों और राशन कार्ड के लाभार्थियों के प्रति परिवार को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज के लिए प्रदान किए जाने वाले आयुष्मान कार्ड का आज गोसाईगांव में औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गोसाईगांव अंचल अधिकारी कार्यालय में कोकराझाड़ जिला प्रशासन के सौजन्य से एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सहायक आयुक्त अमृता दत्ता और अतिरिक्त उपायुक्त शुभ्रामादित्य बोरा ने उद्देश्य व्याख्या किया। उल्लेखनीय है कि पश्चिम कोकराझाड़ (जनजाति) विधानसभा क्षेत्र संख्या 29 के अंतर्गत आने वाले सात लाभार्थियों को आज औपचारिक रूप से कार्ड वितरित कर इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक नार्जारी ने लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए और कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना राज्य सरकार द्वारा अब तक लागू की गई सभी योजनाओं में सबसे अच्छी योजना है। उन्होंने कहा कि आज लगभग सभी लोग खतरनाक लाइलाज बीमारियों से पीड़ित हैं और उचित इलाज के अभाव में अकाल मृत्यु का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही परिवार का कोई सदस्य बीमार होता है, परिवार व्याकुल हो जाता है। मदद की उम्मीद के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाते हैं। ऐसे में सरकार का आयुष्मान कार्ड उन परिवारों के लिए बहुत मददगार होगा। साथ ही सरकार से आग्रह किया कि वह लंबे समय तक उक्त योजना का चलाए। इस मौके पर डॉ. मलय देब, एनआरएचएम के परियोजना प्रबंधक नवजीत चक्रवर्ती और आईसीडीएस के अधिकारी और हितधारक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद अतिरिक्त उपायुक्त ने फुलम गमछा और शरई के साथ उनका स्वागत किया।

## सतिया से एके कंस्ट्रक्शन का ठेकेदार पारिजात सैकिया गिरफ्तार

**विश्वनाथ ( हिंस )।** एके कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार पारिजात सैकिया को शनिवार को विश्वनाथ जिला के सतिया से गिरफ्तार किया गया। पारिजात को गणेशगुड़ी में हुए सड़क हादसे के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। गुवाहाटी के गणेशगुड़ी में पेयजल आपूर्ति परियोजना के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर युवती की मौत के बाद से प्रशासन बेहद सख्त रुख अपनाए हुए है। सैकिया की गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही गुवाहाटी के गणेशगुड़ी की एक विशेष पुलिस टीम सतिया पहुंचकर ठेकेदार को अपने साथ लेकर गुवाहाटी के लिए रवाना हो गई। दुर्घटना के बाद ही इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दिसपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के आधार पर ठेकेदार को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि गुवाहाटी के गणेशगुड़ी में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में 11वीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई थी। स्कूल जाते समय छात्रा स्कूटी समेत स्कूल बस के पिछले हिस्से में घुस गई थी। जिसके चलते छात्रा प्रिया कुमारी की मौत हो गई। यह दुर्घटना कथित तौर पर पानी के पाइप लगाने के लिए खोदे गए गड्ढे के मिट्टी के ढेर के कारण हुई थी। हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने दिसपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। ज्ञात हो कि गुवाहाटी में पेयजल आपूर्ति परियोजना जाइका नामक संस्थान के अधीन एके कंस्ट्रक्शन ने गड्ढे की खुदाई किया था। संस्थान को खोदी गई सड़क के किनारे गड्ढों को भरने का निर्देश भी दिया गया था, लेकिन गड्ढे को नहीं पाटा गया था। छात्रा प्रिया कुमारी गुरुवार को अपनी बहन के साथ स्कूटी से स्कूल जा रही थी। गणेशगुड़ी में रॉयल ग्लोबल स्कूल की बस घटनास्थल से जैसे ही गुजरी, इसी दौरान गड्ढे खोदकर जमा की गई मिट्टी के ढेर से स्कूटी टकराकर बस के पिछले हिस्से में घुस गई। नतीजतन, प्रिया कुमारी ने अपनी बहन की आंखों के सामने दुखद मौत को गले लगा लिया। इस हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। गौरतलब है कि गणेशगुड़ी की दुखद दुर्घटना के बाद कामरूप (मेट्रो) जिला उपायुक्त ने शहर की सड़कों और बाईपास पर चल रहे खुदाई कार्य को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। यह आदेश यह सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है कि ऐसी घटनाएं फिर से न हों। नोटिस राज्य के लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड, स्मार्ट सिटी और बिजली विभाग को भेजा गया है। क्योंकि, शहर में इस तरह के खनन से लोगों की जान को हमेशा खतरा पैदा हो रहा है। हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हाल की बारिश ने विशेष रूप से शहर के लोगों को चिंतित कर दिया है। ऐसे समय में नए खनन को रोकने और उस स्थल पर सावधानी बरतने का आदेश दिया गया है, जहां पहले से खनन किया जा रहा है। गौरतलब है कि एके कंस्ट्रक्शंस के मालिक और मैनेजर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी समृद्धि शाखा का *दायित्व* शीर्षक पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी समृद्धि शाखा ने फेंसि बाजार स्तिथ मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी ब्रांच ऑफिस में एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रितेश खटेड़ और गुवाहाटी समृद्धि शाखा की संस्थापक अध्यक्षा सुमिता बरड़िया प्रशिक्षक थे। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजिका रुचि शाह ने सभी का स्वागत अभिनंदन कर किया और शाखा ने दोनों प्रशिक्षक का स्वागत फूलाम गामोछा और इको- फ्रेंडली फ्लावर पोट से किया। अध्यक्षा बबीता मित्तल ने सभी का स्वागत किया और अपने संबोधन में सभी को बताया कि हमें अपने संगठन के बारे में और संगठन में रहकर अपनी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी होना कितना आवश्यक है । दोनों प्रशिक्षक ने कई नई तरह की गतिविधियों के माध्यम से शाखा सदस्याओं को संगठन और एकजुटता का महत्व समझाया और साथ हि सभी को संगठन के प्रति उनकि जिम्मेदारियों का भी बोध कराया। शाखा अध्यक्षा बबिता मित्तल, संस्थापक अध्यक्षा सुमिता बरड़िया, सचिव एकता गाड़ोदिया, कोषाध्यक्ष नेहा काशलिवाल समेत कुल 15 शाखा सदस्याओं ने ज्ञान प्रदायिनी कार्यशाला का लाभ उठाया। इस आशय कि जानकारि जनसंपर्क सचिव अंजू शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति को दी।

## गोसाईगांव में गड्ढा खोदकर दफनाई गई ब्रायलर मुर्गियां



**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत गोसाईगांव में दूसरे राज्यों से अवैध रूप से लाई गई हजारों की संख्या में ब्रायलर मुर्गी को गड्ढा खोदकर दफनाया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बीती रात पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से तीन पिकअप वाहन (एएस-16एसी-1738, एएस-15सी-7912 और ब्ल्यूबी-69ए-5499) के जरिए ब्रायलर मुर्गी को लाया गया था। वाहनों को शिमुलटापु पुलिस ने जब्त कर लिया। बाद में अनुमंडल पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग ने अनुमंडल प्रशासन के सहयोग से गोसाइगांव अनुमंडल के हरफुटा स्थित कृत्रिम गौ प्रजनन केंद्र में गड्ढा खोदकर ब्रायलर मुर्गी को दफना दिया। बताया गया कि तीनों वाहनों के जरिए लगभग एक हजार ब्रायलर मुर्गियां लाई गई थीं। राज्य सरकार द्वारा दूसरे राज्यों से बॉयलर मुर्गी और सुअर को लाने पर पूरी तरह से रोक लगायी गई है। बावजूद प्रतिदिन इसकी तस्करी चोरी-छिपे हो रही है। असम में प्रवेश करने के बाद इसे स्थानीय उत्पाद बताकर बेचा जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे पहले भी घटना अंजाम दिया जा जुका है।

## अभिनेत्री आईमी बरुवा ने *ओम्स* बेस्पोक लिविंग का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी ( विभास )।** असमिया फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री आईमी बरुवा ने आज बोरा सर्विस इलाके में *ओम्स* बेस्पोक लिविंग का उद्घाटन किया। ओम्स का यह नया शोरूम कस्टमाइज होम फर्निशिंग, कैप्टिवेटिंग वॉल टेक्सचर्स, फ्लोर टेक्सचर्स और उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए एक शानदार अनुभव का केंद्र है। इनमें अधिकांश टेक्सचर्स यूरोपियन ब्रांड है, जो हम से जुड़े हुए हैं। पूर्वोत्तर में अपनी तरह के इस शोरूम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती बरुवा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभिनेत्री ने कहा कि *ओम्स* का यह नया शोरूम असम ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के ग्राहकों की फर्निशिंग से जुड़ी मांगों को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने आशा जताई कि यह शोरूम ग्राहकों के लिए एक वन स्टॉप शॉप होगा, जहां ग्राहक पर्दे से लेकर अन्य आंतरिक सजावट के एक्सक्लूसिव उत्पाद एक छत तले खरीद सकते हैं।



उद्घाटन के मौके पर *ओम्स* शोरूम के मालिक आकाश केजरीवाल, अलका केजरीवाल, ओपी केजरीवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि *ओम्स* का यह नया शोरूम 2000 वर्ग फुट में फैला है, जहां घर के सामानों के लिए एक प्रसिद्ध ब्रांड जायना ने ओम के साथ करार किया है। वहीं दुनिया भर से अलग अलग तरह के फर्निशिंग के लिए फैब्रिक मंगाए जाते हैं। ग्राहकों की सभी अनुकूलित और प्रीमियम होम स्टाइलिंग आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं। हमारे यहां कलरटेल, एक ऐसा ब्रांड जिसके पास सबसे अच्छी टेक्सचर की बनावट वाले उत्पाद और सीमलेस फर्श हैं। उन्होंने कहा कि होम डेकोर कैटेगरी में कर्टेन्स, अपहोल्स्ट्री, ब्लाइंड्स, बेडस्प्रेड, रग्स (कारपेट), कंफर्टर्स, कुशन्स, मैट्रेस आदि विभिन्न फैब्रिक में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि शोरूम में फ्रांस के थेवेनॉन, इटली के क्रिस्टियानो टेसुटी, ग्रीस के सरला, तुर्की के अजनार आदि जैसे उल्लेखनीय और अग्रणी ब्रांडों की भरमार हैं। शोरूम में आने वाले ग्राहकों के लिए पर्याप्त संख्या में कार पार्किंग की सुविधा है। हमें उम्मीद है कि इस शोरूम के खुलने से होम फर्निशिंग व होम डेकोर के लिए लग्जरी को फिर से परिभाषित कर पाएंगे, क्योंकि हमारे यहां किफायती मूल्य पर सर्वश्रेष्ठ वस्तुएं उपलब्ध हैं।

# भारतीय सेना को मिले 331 युवा अफसर

**-भारतीय सैन्य अकादमी में भव्य परेड का आयोजन, हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल**




**देहरादून, (हि.स.)।** मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए शनिवार 331 जांबाज सेना में शामिल हुए। इस बार भी उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना। सात मित्र देशों के 42 कैडेट भी पास आउट हुए। थल सेना प्रमुख ने परेड की सलामी ली। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह परेड शुरू हुई। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। परेड के दौरान आईएमए को सुरक्षा के लिहाज से जीरो जोन घोषित किया गया। ड्रिल स्क्वायर पर सुबह सात बजकर 25 मिनट पर मार्कर्स काल के साथ परेड शुरू हुई। थल सेना प्रमुख मनोज पांडे शौर्य मार्ग से परेड स्थल पर 7 बजकर 15 मिनट पर पहुंचे। निरीक्षण अधिकारी ने कैडेट्स को ओवरआल बेस्ट परफॉर्मेंस और अन्य सम्मान से नवाजा। इस मौके पर सेना के तीन हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, देश-विदेश के अतिथि और कैडेट्स के परिजन इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। इससे पहले कंपनी सार्जेंट मेजर प्रशांत ठाकुर, अमन परिहार, दिनेश झाझरा, शुभम शर्मा, आनंद ए ने ड्रिल स्क्वायर पर अपना स्थान ग्रहण किया। 6 बजकर 48 मिनट पर एडवांस काल के साथ ही सीना ताने राष्ट्र के भावी कर्णधार कदम बढ़ाते हुए परेड के लिए पहुंचे। सूबेदार मेजर दयानंद जोशी के नेतृत्व में सेना के बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा... की धुन पर जेंटलमैन कैडेटेस के दिल में जोश भर दिया । परेड के समादेशक लेफ्टिनेंट जनरल बीके मिश्रा और समादेशक मेजर जनरल आलोक जोशी (राजपूत रेजिमेंट) सात बजकर 03 मिनट पर परेड स्थल पहुंचे। भारत के पास आउट होने वाले 331 कैडेट्स में से डायरेक्ट एंट्री वाले 55 कैडेट्स शामिल हैं। जबकि, एक्स एनडीए 204 और एक्स एससी 40 कैडेट्स पास आउट हुए। 32 कैडेट्स टीजीसी कोर्स के हैं। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 64862 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। इसी के साथ आईएमए के नाम अब तक 2885 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया है। स्वॉर्ड ऑफ ऑनर का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिहिर बनर्जी और ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम आने वाले जेंटलमेन कैडेट के लिए स्वर्ण पदक अभिमन्यु सिंह और जेंटलमेन कैडेट के लिए सिल्वर मेडल ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर रहने वाले मिहिर बनर्जी को प्रदान किया गया। मेरिट के क्रम में तीसरे स्थान पर रहे जेंटलमेन कैडेट के लिए कांस्य पदक कमलप्रीत सिंह को प्रदान किया गया। तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम से मेरिट के क्रम में प्रथम आने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए रजत पदक जूनियर अफसर सूर्यभान सिंह को प्रदान किया गया। विदेशी जीसी से मेरिट क्रम में प्रथम आने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए बांग्लादेश को मेडल और किंगा लेंडुप (भूटान) को प्रदान किया गया। स्प्रिंग टर्म 2023 के लिए 12 कंपनियों में ओवरऑल फर्स्ट आने के लिए कैसिनो कंपनी को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अभी तक निरीक्षण अधिकारी चार घोड़ों वाली बग्घी (पटियाला कोच) से परेड मैदान में पहुंचते थे। पटियाला के पूर्व महाराज ने यह बग्घी वर्ष 1969 में आइएमए को भेंट की थी। इसके अलावा जयपुर के पूर्व महाराज की ओर से उपहार स्वरूप दी गई जयपुर कोच, विक्टोरिया कोच व कमांडेंट्स फ्लैग कोच भी चलन में रही है। रक्षा मंत्रालय के आदेश के तहत इस बार आईएमए परेड से घोड़ा बग्घी की विदाई हो गई है। इन राज्यों के हैं कैडेटः उत्तर प्रदेश के 63, बिहार के 33, हरियाणा के 32, महाराष्ट्र के 26, उत्तराखंड के 25, पंजाब के 23, मध्य प्रदेश के 19, राजस्थान के 19, हिमाचल प्रदेश के 17, दिल्ली के 12, कर्नाटक के 11, छत्तीसगढ़ के 05, केरल के 05 ,जम्मू और कश्मीर के 06, झारखंड के 08, तमिलनाडु के 08, तेलंगाना के 03, पश्चिम बंगाल के 03, गुजरात के 02 , नेपाल (अधिवास) के 02, ओडिशा के 02, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, पांडिचेरी, त्रिपुरा,असम से 01-01 कैडेट्स पास आउट हुए हैं। मित्र राष्ट्रों के कैडेटः भूटान के 19, ताजिस्कतान के 17, मालदीव, सुडान, वियतनाम और सेशल्स से 01-01 और श्रीलंका के 02 कैडेट शामिल हैं। एक अक्टूबर 1932 से अब तक आईएमए की शौर्य पताका फहरा रही है। पिछले 91 वर्षों में अकादमी ने अपनी प्रशिक्षण क्षमता 40 से 1650 जैंटलमैन कैडेट तक बढ़ा दी है।

# पंचायत चुनाव पूर्व हिंसा पर शुभेंदु ने उठाए सवाल, कहा- ममता और आयोग के हाथ खून से रंगे हैं



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के पहले ही दिन शुक्रवार रात मुर्शिदाबाद के खरग्राम में कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर की गई हत्या पर भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य चुनाव आयोग पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा के हाथ खून से रंगे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने ट्विटर पर लिखा, "सुबह बताता है कि दिन कैसा गुजरेगा। नामांकन के पहले दिन मुर्शिदाबाद के खरग्राम में तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने फूलचंद शेख को पंचायत चुनाव का पहला शिकार बनाया है। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा के हाथ खून से रंगे हैं। यह तो एक शुरूआत है। पश्चिम बंगाल के लोग अपने आपको अब तक के सबसे बर्बर रक्तपात के लिए तैयार रखें क्योंकि कि राज्य चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के लोगों के जीवन से ऊपर अपने राजनीतिक हितों को रखने के लिए सांठगांठ की है। ममता की पुलिस कोई सुरक्षा नहीं दे पाएगी।" उल्लेखनीय है कि विपक्ष पंचायत चुनाव की सुरक्षा केंद्रीय बलों की देखरेख में सौंपने की मांग पर अड़ा हुआ है। हालांकि कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्रीय बलों की तैनाती का फैसला राज्य सरकार पर छोड़ दिया है।

# उमा भारती से मिले मुख्यमंत्री शिवराज, लाडली बहनों के खातों में राशि डालने से पहले लिया आशीर्वाद



**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार शाम जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश भर में सवा करोड़ लाडली बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपये की राशि अंतरित करेंगे। इससे पहले उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधरोपण करने के संकल्प के क्रम में शनिवार को सुबह भोपाल के स्मार्ट उद्यान में लाडली बहनों के साथ पौधरोपण किया और इसके बाद वे पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से उनके निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री चौहान ने उमा भारती को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उमा भारती ने तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री चौहान को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना बना कर मुख्यमंत्री चौहान ने बहनों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया है। दरअसल, शिवराज सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत एक करोड़ 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक हजार रुपये आज से आने प्रारंभ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शाम छह बजे सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहनों के खातों में 1250 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे, साथ ही बहनों से संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में उत्सव मनाया जाएगा। सभी जिलों, गांव और वार्ड स्तर पर कार्यक्रम होंगे। मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिलों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश में लाडली बहना योजना में एक करोड़ 25 लाख छह हजार 186 बहनों का पंजीयन हुआ है। इन सभी के खातों में एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह जमा किए जाएंगे। इसके लिए बैंक खातों को आधार और समग्र आइडी से लिंक किया जा चुका है।

# आईपी यूनिवर्सिटी में आज लगेगा तीसरा एडमिशन गाइडेंस फेयर

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने नए सत्र के विभिन्न प्रोग्राम के आवेदकों एवं संभावित आवेदकों के दाखिले से जुड़ी उलझनों को सुलझाने के लिए 11 जून को द्वारका कैम्पस में तीसरे एडमिशन गाइडेंस फेयर का आयोजन करेगा। पहला एडमिशन गाइडेंस फेयर 7 मई और दूसरा 13 मई को आयोजित किया गया था। यूनिवर्सिटी के तकरीबन चार हजार आवेदकों एवं संभावित आवेदकों ने इन दोनों फेयर में भाग लिया था। दो सत्र में विभाजित इस एक दिवसीय एडमिशन गाइडेंस फेयर में यूनिवर्सिटी के नए सत्र से जुड़े प्रोग्राम के आवेदक या संभावित आवेदक आकर दाखिला, काउंसीलिंग, प्रवेश परीक्षा से जुड़े सवालों का जवाब पा सकते हैं। इस एडमिशन फेयर में आए हुए आवेदकों एवं संभावित आवेदकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए यूनिवर्सिटी के एडमिशन ब्रांच की पूरी टीम वहां उपस्थित होगी। यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग की एक टीम भी होगी। किसी को आवेदन करने में या एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में तकनीकी समस्या आ रही है तो एक तकनीकी टीम इसमें भी मदद करेगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डा. महेश वर्मा ने कहा कि यूनिवर्सिटी में यूजी से लेकर पीएचडी तक करीब 200 प्रोग्राम में नए सत्र के लिए दाखिले की आनलाइन प्रक्रिया चल रही है। दाखिले के लिए अलग- अलग प्रक्रियाएं हैं- किसी में नेशनल लेवल टेस्ट है, किसी में यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा से दाखिले होंगे तो किसी में अंतिम परीक्षा के अंकों एवं साक्षात्कार के आधार पर दाखिले होंगे।

# महाराष्ट्र के 114 मंदिरों में ड्रेस कोड लागू




**मुंबई, (ईएमएस)।** महाराष्ट्र में कुल 114 मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है। इसमें मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों के 18 मंदिर शामिल हैं, महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के समन्वयक सुनील घनवत ने शनिवार को मुंबई के माहिम में शीतलादेवी मंदिर में महाराष्ट्र मंदिर महासंघ द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इस बात की जानकारी दी। आपको बता दें कि दादर स्थित स्वतंत्रता सेनानी सावरकर राष्ट्रीय स्मारक में 7 जून को महाराष्ट्र मंदिर महासंघ की ओर से मुंबई, ठाणे, रायगढ़ जिलों के मंदिरों के न्यासियों की एक बैठक आयोजित की गई थी. इस बैठक में उपस्थित सभी मंदिरों के ट्रस्टियों ने सर्वसम्मति से मंदिरों में ड्रेस कोड लागू करने का प्रस्ताव पारित किया. महासंघ की ओर से सवाल किया गया कि अगर सरकारी दफ्तरों में ड्रेस कोड लागू है तो मंदिर में क्यों नहीं ? कहा गया कि यह आवश्यक है ताकि मंदिरों में जीवन शक्ति बनी रहे। इस अवसर पर सनातन संस्था की धनश्री केलशिकर ने कहा कि मंदिर में सात्त्विक वस्त्र धारण करने से मंदिर की पवित्रता का लाभ होता है। इस दौरान स्पष्ट किया गया कि ड्रेस कोड लागू करने के अलावा मंदिरों से जुड़ी अन्य बातों पर भी ध्यान दिया जाएगा.

# भारत की सीमा और सेना के साथ कोई छेड़खानी नहीं कर सकताः अमित शाह

**-केन्द्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किया प्रहार**

**-केन्द्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों पर पाटण में जनसभा**



**पाटण/अहमदाबाद, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पाटण में आयोजित जनसभा में विकास कार्यों के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्ष विकास और डिजिटल इंडिया का था। 9 साल के दौरान देश में बहुत परिवर्तन आया है। भारत की सीमा और सेना के साथ कोई छेड़खानी नहीं कर सकता। देश की सीमा सुरक्षित हुई है। इसके बावजूद कांग्रेस कुछ सीखती नहीं। राहुल पर वार करते हुए शाह ने कहा कि राहुल बाबा विदेश वैकेशन में गए हैं और विदेश में जाकर भारत की निंदा करते हैं। विदेश जाकर देश की राजनीति की चर्चा कर उसकी निंदा करना किसी नेता के लिए शोभा नहीं देता। पाटण जिले के सिद्धापुर में आयोजित सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई मानता नहीं था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जा सकता है। राहुल बाबा कहते थे कि कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। राहुल बाबा कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन अब तारीख आ गई है। राहुल बाबा श्रद्धा है तो टिकट तैयार रखें। अमित शाह ने कहा देश में पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया गया है। संसद के नए भवन का विरोध किया गया। सेंगोल का भी विरोध हुआ। नेहरू को सेंगोल स्थापित करना था। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। विपक्ष की विरोध करने की राजनीति है, मोदी की विकास की राजनीति है। पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार के 10 साल का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने 10 साल में 12 लाख करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया। गुजरात की चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात की जनता भाजपा से प्रेम करती है। गुजरात सरकार ने आपके स्वास्थ्य की चिंता की है। पहले लोग गुजरात मॉडल की बात करते थे, अब पूरे विश्व में इंडिया मॉडल की बात हो रही है। गुजरात की जनता ने दो बार 26 की 26 सीट दी है, इस बार हैट्रिक लगेगी यह पूरा विश्वास है।

# सड़क किनारे वॉटर ट्रॉलियों पर पीते हैं पानी तो हो जाइए सावधान




**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** गर्मियों में सड़कों के किनारे व बाजारों में जगह-जगह वॉटर ट्रॉली पर बेचे जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच की गई है। एक साल के दौरान एमसीडी ने वॉटर ट्रॉली पर बिकने वाले पानी के 1743 नमूने लिए। जिसमें से 14 प्रतिशत पानी के नमूने फेल हो गए हैं। जिन वॉटर ट्रॉली के नमूने फेल पाए गाए, एमसीडी ने उन्हें जब्त कर लिया है। एमसीडी अफसरों के अनुसार, ट्रॉली पर पीने का पानी बेचने के लिए 3000 लोगों को लाइसेंस दिया गया हैं। इसमे सेंट्रल, नजफगढ़, वेस्ट और साउथ जोन में 1173 जबकि केशवपुरम, करोल बाग, पहाड़गंज, रोहिणी, सिविल लाइंस और नरेला जोन में 1623 लोगों को लाइसेंस दिए गए हैं। 3000 में से बाकी लाइसेंस पूर्वी दिल्ली के शाहदरा (साउथ) व शाहदरा (नॉर्थ) जोन में कुछ वेंडरों को मिले हैं। जितने भी वेंडरों को ट्रॉली पर पीने का पानी बेचने के लिए लाइसेंस दिए गए हैं, उन्हें एमसीडी द्वारा स्थापित वॉटर प्लांट्स से पानी भरकर बेचना होता है, ताकि पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। एमसीडी अफसरों के अनुसार, गर्मियों में वॉटर ट्रॉली के पानी की डिमांड भी काफी अधिक होती है। ऐसे में कुछ ही घंटों में वॉटर ट्रॉली का पानी खत्म हो जाता है। कुछ वेंडर कहीं से भी ट्रॉली में पानी भर लेते हैं, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती और वह पानी पीने से लोग बीमार भी हो सकते हैं। वॉटर ट्रॉली पर उपलब्ध पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एमसीडी ने एक टीम बनाई है। टीम ने पिछले साल मई से लेकर अब तक वॉटर ट्रॉलियों पर उपलब्ध पानी के 1743 नमूने लिए। जिसमें से 239 नमूने मानकों पर फेल पाए गए। 1504 नमूने ठीक थे।

# कवयित्री वैशाली रस्तौगी के कुछ बहुत सुन्दर दोहे





**" वर्ण स्वरों की दायिनी, तुम्हें नवाती शीष।**
**हे माँ वीणा वादिनी, मुझको दो आशीष।।"**

इस प्रकार वैशाली हर पल अपनी संस्कृति को ही जीती मिलती हैं। अपनी मिट्टी में इस भाँति रचा-बसा होना उन्हें आम से खास की ओर ले जाता है। उनके प्रति त्यागी अशोक कृष्णम का यह कहना-" आप मानवीय मूल्यों और रिश्तों के प्रति बहुत सजग हैं, संवेदनशील हैं। आपके जीवन में श्रद्धा, भक्ति, करुणा, प्रेम, मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागृति कदम-कदम पर हिचकोले मारती प्रतीत होती है।"- मेरी दृष्टि में भी शत-प्रतिशत सटीक है। मानव जीवन माँ से आरंभ होकर ही अपने अस्तित्व को पाता है। माँ! यूँ तो अपने सभी बालकों का प्राथमिक शिक्षा केन्द्र भर न होकर उनकी शिक्षा का अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय होती है, पर नारी के संदर्भ में माँ का अस्तित्व ही उसका व्यक्तित्व है। हमारी साहित्य में माँ पर बहुत कुछ कहा गया है और कहा जा रहा है। माँ के न रहने पर भारतीय बेटियाँ जिस भाव को जीती आई हैं, उसका बहुत सुन्दर दोहा वैशाली से भी हुआ है जो माँ के संदर्भ में उसके अभाव को यूँ बुनता है"

**माँ तू मुझको छोड़कर,क्यों जा बैठी दूर।**
**कुछ तो मुझसे बोल दे, मेरा कौन कसूर।।"**

इस छटपटाहट में बैठी मन की ऊहापोह माँ को जीवन पर्यन्त जीवित रखती है। वैशाली के आचरण में गुरु ज्ञान की महिमा की भी बड़ी महत्ता है। उसकी पिपासा भी उनमें देखते ही बनती है और ये चाह जिसमें भी बनी रहती है वह गुरु ज्ञान से परम ज्ञान का रास्ता पा ही जाता है। वह अपने एक दोहे में कहती हैं -

**"परम ज्ञान चरखी पकड़, लिपट प्रेम की डोर।**
**बन पतंग उड़ती फिरूं, नील गगन की ओर।।"**

वैशाली का यह दोहा कबीर के इस दोहे की ही तो डोर में बँधकर पतंग होने को लालायित है -

**"गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।**
**बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।।"**

तुलसी, कबीर, रहीम, बिहारी आदि हमारी कविता की दोहा विधा के आदर्श रहे हैं। जीवन में अपने आदर्शों को सींचते रहना ही आदर्श के नए आयाम निर्धारित करता है। वर्तमान में दोहा लेखन के व्यापक विस्तार में वैशाली से होने वाले योगदान ने भी राह पकड़ ही ली है। इस जीवन में भूलों और त्रुटियों से परे कोई नहीं है। ये मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये होती हैं तभी परिष्कार हितैषी होकर प्रस्तुत होता है। ऐसा जो कुछ भी कहीं-कहीं वैशाली की रचनाओं में भी मिल जाता है। वह सब रचना कर्म की धार में भाषा के व्यवहार से परिष्कृत की दिशा में बढ़ता जाएगा। वैशाली की सहज, सरल और बोधगम्य भाषा आकर्षित करती है और पाठक से जुड़ती है। सीधी सादी कहन जो वैशाली में बसी हुई है, वह वहाँ तक जाती है, जहाँ तक पहुँचने का उसका काव्यात्मक धर्म है। पाठकों के सामने आकर वैशाली अपने साहित्यिक कर्म का फल अवश्य पाएँगी। मेरी माँ सरस्वती और सबके परम से प्रार्थना है कि इस क्षेत्र में वह अच्छे से अच्छा करती जाएँ और आगे बढ़ती जाएँ। मैं रचनात्मक क्षेत्र में उनके सुखद भविष्य की कामना करता हूँ। वैशाली की लोकार्पित कृतियाँ स्वयं को नमन करके सबके शुभ की कामना के साथ शुभ प्रभात से मेरे चारों धाम की साहित्यिक यात्रा में निरंतर प्रवाहित होती रह कर भारत को जीती रहें और उसकी जीवंतता से देश विदेश को प्रभावित करने में सफल होती रहें।

डॉ. मक्खन मुरादाबादी
(कारेन्द्र देव त्यागी)
28, नवीन नगर
काँठ रोड, मुरादाबाद -244001
मोबाइलः 9319086769
ई-मेलः akkhan.moradabadi@gmail.com

# द्वारका सबसिटी की सोसायटी में लगी भीषण आग पूरा फ्लैट जलकर खाक 85 साल के बुजुर्ग जिंदा जले



**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जहां गर्मी का बढ़ता पारा लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है तो वहीं पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से आए दिन आगजनी की जानलेवा घटनाएं भी सामने आ रही हैं। रात द्वारका सबसिटी में हुई आग लगने की एक दर्दनाक घटना में 85 साल के बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सदन चंद्रा के रूप में हुई है। फायर ऑफिसर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि फायर कंट्रोल रूम को द्वारका इलाके में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसमें बताया गया कि आग द्वारका सेक्टर 10 के प्लॉट नंबर 24 स्थित मास अपार्टमेंट की एक बिल्डिंग में 7वी मंजिल के फ्लैट में लगी है। 7वीं मंजिल के फ्लैट में घरेलू सामान में लगी थी आग, 8वीं मंजिल तक फैली। आग की सूचना मिलते ही, मौके पर द्वारका और आसपास के फायर स्टेशनों से 09 गाड़ियों को भेजा गया था। स्टेशन ऑफिसर मुकुल भारद्वाज के साथ लगभग 45 फायरकर्मियों की टीम और स्थानीय पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक 7वीं मंजिल स्थित फ्लैट में घरेलू सामानों में लगी आग ऊपर के 8वीं मंजिल तक पहुंच गई थी। जहां एसी और कमरे में लगे पर्दे की वजह से आग ने पूरे फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया और फ्लैट पूरी तरह से जल गया और इसमें एक 85 वर्षीय बुजुर्ग बुरी तरह जल गए और उन्हें जली हुई अवस्था में निकालकर पास के इंदिरा गांधी हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में पता चला की आग एसी की वजह से फैली और पर्दे से होते हुए पूरे कमरे में फैल गई। जिस बिल्डिंग में आग लगी उसमें ग्राउंड प्लस नौ मंजिल शामिल है। आपको बता दें कि 2 महीने पहले भी राजधानी दिल्ली के किराड़ी के एक घर में आग लग गई थी। आग इतना भयावह था जिसे बुझाने में फायरकर्मियों के पसीने छूट गये थे। उसमें भी जबतक आग पर काबू पाकर घर के अंदर फायरकर्मी प्रवेश करते उससे पहले ही इस हादसे में एक व्यक्ति की बड़ी तरह जलकर मौत हो गई थी

# अमरनाथ यात्रियों को 5 लाख का बीमा कवर, रात्रि में हवाई सेवा रहेगी उपलब्ध



**नई दिल्ली(ईएमएस)।** अगले महीने से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा में इस बार कुछ नये आयाम जुड़ने जा रहे हैं। इनमें प्रत्यक यात्री का पांच लाख का बीमा कवर तथा रात्रि में श्रीनगर व जम्मू से हवाई सेवा उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा की पुख्ता तैयारियां की गई हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अमरनाथ यात्रा के दौरान जमीन से लेकर आसमान तक पैनी सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो महीने तक चलने वाली यात्रा के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान कहा कि मोदी सरकार की यह प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े। समीक्षा के दौरान शाह ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए है जिससे किसी भी हादसे को होने से रोका जा सके। इस दौरान शाह ने केंद्र सरकार, सेना और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त तक जारी रहेगी। गौरतलब है कि तीर्थयात्री जम्मू-कश्मीर में दो मार्गों बालटाल और पहलगाम से यात्रा करते हैं। बैठक में बताया गया है कि सभी तीर्थयात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे ताकि उनकी वास्तविक वर्तमान स्थिति (रियल टाइम लोकेशन) का पता लगाया जा सके और सभी को 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50,000 रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। अमित शाह ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन से तीर्थस्थल आधार शिविर तक के मार्ग पर सुचारू व्यवस्था करने पर जोर दिया और श्रीनगर और जम्मू से रात में हवाई सेवा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने ऑक्सीजन सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार और उनकी रिफिलिंग सुनिश्चित करने का और डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमों की उपलब्धता के लिए कहा है। उन्होंने किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा, ठहरने, बिजली, पानी, संचार और स्वास्थ्य सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। यात्रा के दौरान किसी भी तरह का मांसाहारी भोजन पूरी तरह से बैन होगा। वहीं शराब, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, धूम्रपान आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा पूड़ी भटूरा, पिज्जा, बर्गर, स्टफ्ड पराठा, डोसा, फ्राइड रोटी, मक्खन के साथ ब्रेड, क्रीम आधारित भोजन, अचार, चटनी, फ्राइड पापड़, चाऊमीन व अन्य तरह के फ्राइड और फास्ट फूड आदि का जायका आप यहां नहीं ले पाएंगे। डीप फ्राइड, हलवा, जलेबी, गुलाब जामुन, लड्डू खोया बर्फी, रसगुल्ला जैसे खाने के आइटम ले जाने पर भी मनाही होगी।

# लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे शमशाबाद, कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की सड़क चौड़ीकरण की उठाई मांग

**- पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता के आवास पर पहुंचकर मंत्री ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात**



**फरुर्खाबाद, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। शनिवार को वह फरुर्खाबाद जनपद पहुंचे थे। मंत्री का काफिला शमशाबाद से गुजरते हुए पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता के आवास पर पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री को 25 किलो की माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत सीमा से सटे मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण करने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने शमशाबाद से चिलसरा मार्ग का चौड़ीकरण, शमशाबाद से इमादपुर कायमगंज मार्ग का चौड़ीकरण, बिरया डांडाबा कुआं खेड़ा खास से कायमगंज मार्ग का चौड़ीकरण, नीबलपुर से अलेपुर मार्ग का चौड़ीकरण, शमशाबाद बायपास मार्ग मंडी समित से पलिया होते हुए ढाई घाट मार्ग सड़क चौड़ीकरण की मांग की। पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता ने मंत्री को बताया कि इन मार्गों के चौड़ीकरण से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी। आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ब्लॉक प्रमुख रामकिशोर राजपूत ने भी अपने विकासखंड क्षेत्र शमशाबाद सात मार्गों के विकास कार्य की मांग उठाई। मंत्री ने कार्यों को पूरा करने के लिए लगभग दो महीने का समय दिया।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया



**हरदोई, (हि.स.)।** उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी और सांसद जय प्रकाश रावत शनिवार को "विकास तीर्थ अवलोकन" कार्यक्रम के तहत मेडिकल कॉलेज का भ्रमणकर अवलोकन किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आर्य दीपक तिवारी ने मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री को मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कराया। उन्होंने उन्हें यह भी बताया कि वर्तमान में इस कॉलेज में दो सौ एमबीबीएस छात्र, 60 पैरा मेडिकल छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कॉलेज को पीजी की भी मान्यता मिल चुकी है। शीघ्र ही सर्जरी में एवं गायनी में पीजी भी प्रारंभ हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज में 42 बेड पीडियाट्रिक यूनिट निमार्णाधीन प्रक्रिया में है शीघ्र ही इसकी सुविधाएं भी जनपद के लोगों को मिलने लगेगी। 100 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट का बजट आवंटन हो चुका है। प्राचार्य ने सांसद एवं विधायकों से इसके लिए कॉलेज के निकट ही भूमि दिलाने की मांग रखी है, जिसमें सभी ने सहयोग की बात कही है। प्राचार्य ने बताया कि भूमि मिलते ही निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की भी अनुमित प्राप्त हो गई है। भूमि आवंटन के पश्चात जिले के लोगों को इसका लाभ भी प्राप्त हो सकेगा। मेडिकल कॉलेज के लिए एमआरआई सीटी स्कैन एवं डिजिटल एक्स-रे आदि की अनुमति प्राप्त हो चुकी है शीघ्र ही यह सुविधाएं भी जनपद वासियों को मिलना प्रारंभ हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज अवलोकन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजेश अग्निहोत्री, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने नगर पालिका कार्यालय का लोकार्पण किया



**अमेठी, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के गौरीगंज नगर पालिका कार्यालय का लोकार्पण किया है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री ने कार्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि गौरीगंज नगर पालिका चुनाव में जिस तरह से हिंसा का प्रदर्शन किया गया। जनता की जो आवाज उठी वो भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के लिए ऐतिहासिक जीत के रूप में प्रतिबिंबत हुई है। मेरे लिए यह संतोष का विषय है कि इतिहास बनाने वाली गौरीगंज में एक महिला है। उन्होंने कहा कि सवांद के लिए हर प्लेटफार्म जरूरी हैं किसी भी प्लेटफार्म को तुक्ष नहीं समझना चाहिए। लेकिन मुझे इस बात का संतोष है कि जमीन पर काम करने का हमें मौका मिला है। ये पहली बार नहीं है गत नौ सालों से सतत हम जमीन पर काम रहे हैं। इसलिए अमेठी ने कई इतिहास रचे हैं। आज यहां की जनता खुश है। विपक्ष सिर्फ. आरोप लगा रहा है।

# जल संकट झेल रहे लोगों ने सड़क पर लगाया जाम, धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित

**धनबाद, (हि. स.)।** इस भीषण गर्मी में धनबाद वासी एक साथ दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ लोग जहां सूरज की प्रचंड ताप को झेलने में परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर पानी न मिलने से लोग भारी संकटों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या से जूझ रहे लोगों ने शनिवार को धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित गोधर मोड़ के समीप धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को स्थानीय लोगों ने शनिवार को सुबह करीब आठ बजे पूरी तरह से जाम कर दिया। सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे हाथों में पानी का बर्तन लेकर सड़क के बीचों बीच खड़े हो गए और जिला प्रशासन से पानी का मांग करने लगे। कुछ घंटों बाद सड़क पर धरना दे रहे लोगों का समर्थन करते हुए स्थानीय भाजपा विधायक राज सिन्हा भी इस धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए। सड़क पर धरना दे रहे स्थानीय राजेश गुप्ता ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पिछले 10 दिनों से उन लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इससे परेशान होकर आज इलाके के तमाम महिला और पुरुष पानी की मांग को लेकर मजबूरन सड़क पर उतरे है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वो आगे आत्मदाह तक करने को विवश होंगे।

# पूर्वोत्तर के गति को शक्ति देगा फोरलेन और फ्लाईओवर : गिरिराज सिंह




**बेगूसराय, (हि.स.)।** विगत नौ वर्षों से सेवा और सुशासन के साथ बेमिसाल कार्य करने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार में ना केवल श्रीबाबू (डॉ. श्रीकृष्ण सिंह) के सपनों को साकार किया है। बल्कि, आधारभूत संरचना के मामले में विकास को ऐसी दिशा दी जो सिर्फ बिहार नहीं, पूर्वोत्तर भारत के गति को नई शक्ति देगा। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय के ध्वस्त हो चुके औद्योगिक संरचना को पुनर्जीवित किया।इसके साथ ही श्रीबाबू द्वारा बनवाए गए राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-31) को फोरलेन बनाकर यात्रा समय में कमी के साथ-साथ लंबी दूरी के यात्रियों को बड़ी सुगमता देने का प्रयास किया है। फोरलेन के साथ ही बनाया जा रहा एलिवेटेड फ्लाईओवर विकास के गति को परिलक्षित कर रहा है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहते हैं कि बेगूसराय में एनएच-31 के ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप यह सड़क विपरीत परिस्थिति में सैन्य संचलनों में कारगर है। इसके फोरलेन होने से यहां ना केवल सीमावर्ती जिलों में यातायात को सुगमता मिली है।इससे अंतर्राज्यीय ट्रान्सपोर्टेशन में भी सहजता आई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी व्यापक परिवर्तन आया है। कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान रखने वाले बेगूसराय जिले का नार्थ ईस्ट के राज्यों तक व्यापार बढ़ा है। सिमरिया से खगड़िया के बीच करीब एनएच-31 का 60 किलोमीटर खंड 567 करोड़ की लागत से फोरलेन में परिवर्तित किया जा रहा है। 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है और तेजी से कार्य कर 31 दिसम्बर 2023 तक इस परियोजना को पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है। सिमरिया में गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्वोत्तर भारत के अंतिम छोर और चीन की सीमा तक जाने वाले इस फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से ना केवल देश के बड़े महानगरों से सिक्स और फोरलेन वाली सड़कों से डायरेक्ट कनेक्टिविटी हो जाएगी। राजधानी पटना जाना काफी आसान हो जाएगा। पूरब में खगड़िया हो चाहे, पश्चिम में पटना या दक्षिण का लखीसराय, कहीं भी जाने में यात्रा समय में आधे से अधिक की बचत होगी। आधारभूत संरचना का यह महत्वपूर्ण स्त्रोत जनजीवन को गति देगा। आपात स्थिति में चीन की सीमा पर सड़क मार्ग से तेजी से सेना भेजने में भी सहायक सिद्ध होगा। गिरिराज सिंह ने कहा है कि फोरलेन के साथ बेगूसराय शहर में एनएच पर बन रहा एलिवेटेड फ्लाईओवर विकास, सुगमता और सुरक्षा का नया लैंडमार्क बनेगा। इससे बेगूसराय शहर को पार करने में लगने वाला समय कम हो जाएगा। जाम से राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संख्या कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जुबली पंप से महमदपुर तक 4.25 किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड फ्लाईओवर करीब 256 करोड़ की लागत से बन रहा है। जून 2022 में कायारंभ होने के बाद निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है तथा दिसम्बर 2024 तक इसे पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है।

# उप्र का गन्ना पूरी दुनिया में पहुंचा रहा मिठास : योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गन्ना विकास के अंतर्गत राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 20 सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल सोसायटियों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गन्ना उत्तर प्रदेश की मिठास को पूरी दुनिया के अंदर पहुंचाता है। पिछले छह वर्ष की गन्ना विभाग के पास अनेक उपलब्धियां उनके पास है। सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य सबसे ज्यादा चीनी उत्पादन में भी बदल गया और चीनी मिल ही नहीं सबसे ज्यादा एथेनाल ही नहीं बल्कि सबसे ज्यादा यूनिट वाला राज्य भी आज उत्तर प्रदेश है। यह इस क्षेत्र में किए गए कार्य (रिफार्म) के परिणाम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को छह वर्ष पहले पर्ची के लिए परेशान होना पड़ता था। पर्ची की चोरी, घटतौली के लिए जाना जाता था। कोई चीनी मिल ऐसी नहीं थी कि वहां किसान आंदोलन न होते रहे हों। अंत में चीनी मिल बंद होने के कारण गन्ना किसानों को आग लगाना पड़ता था। किसान परेशान होता था, गन्ना भेजने के बाद पैसे का भुगतान नहीं होता था। वर्षों-वर्षों तक गन्ना मूल्य बकाया रहता था। लेकिन छह वर्ष में सबसे पहले प्रधानमंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश और देश के गन्ना किसानों के बारे में बहुत सकारात्मक भाव के साथ उस प्रकार के कार्यक्रम लागू करवाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उप्र में 2017 में हमारी सरकार आई और 2010 से लेकर 2017 के बीच का गन्ना मूल्य बाकी था। इसे मिशन मोड के तहत खत्म करने का निर्णय लिया गया। गन्ना मूल्य का भुगतान करते-करते हम आगे बढ़ें। चीनी मिल मालिक भी हमारे पास आए। चीनी मिलों की समस्याओं का समाधान भी हमने किया। पर्ची की चोरी और घटतौली से मुक्त कराया। चीनी मिल मालिकों से गन्ना किसानों के लिए संवाद कर सकारात्मक भाव पैदा किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चीनी मिल साइकिल की तरह है। यहां डिमांड के हिसाब से कार्य करना पड़ता है।

जब चीनी ज्यादा हो जाएगी और डिमांड नहीं होगी तो डम्प पड़ी रह जाती है और मार्केट में दाम भी नहीं मिलता है। इससे मिल मालिकों को भुगतान करने में समस्या आती थी। मिल मालिकों को एथेनाल बनाने की परमीशन के सम्बंध में हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा और इस पर उन्होंने सहमति दी। अब ज्यादातर चीनी मिलें चीनी उत्पादन के साथ-साथ एथेनाल बनाने का काम भी कर रही हैं और उप्र अब ग्रीन एनर्जी का माध्यम भी बन चुका है। आज न केवल सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य है बल्कि सर्वाधिक चीनी और एथेनाल बनाने वाला राज्य भी है। इसी का उदाहरण आज यहां देखने को मिला जहां चीनी मिल मालिकों को सम्मानित किया गया वहीं गन्ना उत्पादन करने वाले किसान भी सम्मानित हुए हैं। प्रदेश की चीनी मिलें सबसे ज्यादा रिकवरी दे सकती हैं। इस क्षेत्र में महिला स्वयंसेवा समूह की भूमिका भी अहम है। वह प्रदेश की आर्थिक मजबूती में सहयोग कर रही हैं। गन्ना विभाग ने छह सालों में कुछ अलग और बेहतर करके दिखाया है। खाड़सारी में नकद भुगतान अलग किया गया है। एथेनाल का भुगतान अलग हुआ है। 100 मिले ऐसे हैं कि एक हफ्ते में कर रही हैं। अन्य मिलों को भी इस दिशा में काम करना पड़ेगा। चार बंद मिलों को गन्ना विभाग ने चलवाया और दो अन्य नई चीनी मिलें भी स्थापित की गई। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा कहे जाते थे। उन्होंने 1980 के दशक में कहा था कि छपरौली की चीनी मिल का पुर्नरूद्धार होना चाहिए। कोई नहीं कर पाया। उनके नाम पर सरकारें बनती रहीं, बिगड़ती रहीं। लोक आते गए, जाते गए, लेकिन उन किसानों के बारे में नहीं सोचा, जिनके नाम पर राजनीति होती रही। हमारी सरकार ने छपरौली में चीनी मिल स्थापित करके गौरव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि बस्ती में गन्ना किसानों पर गोली चलाई गई। पिछली सरकारों में किसानों पर गोली चलती थी हमारी सरकार में यह नहीं होता है। हमारी सरकार नई चीनी मिल को स्थापित करने का काम करती है। किसानों की खुशहाली लाने का काम करते हैं। किसानों को मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केमिकल फर्टिलाइजर खेती के बजाए हमें प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। इससे धरती मां की खुशहाली के साथ-साथ किसानों की खुशी देने वाली बनती हैं। गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने अपने सम्बोधन में गन्ना किसानों द्वारा लगातार किए जा उत्पादन और मिल मालिकों को चीनी उद्योग और एथेनाल बनाने के साथ भुगतान प्रक्रिया को लेकर सराहा। इस अवसर पर राज्यमंत्री संजय गंगवार, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, संजय भूस रेड्डी आदि उपस्थित रहे। उत्कृष्ट गन्ना उत्पादन करने पर बागपत के चरण सिंह व राजेन्द्री देवी, जगदीश प्रसाद ग्राम पिंडारी जिला बरेली को सम्मानित किया। लखीमपुर से रामपाल, अचल कुमार मिश्रा, देविश आर्य, महिला स्वयंसेवा सहायता समूह पूजा चौहान, कु0 कुसुम, कु0 पूनम पाली, मधु, रंजीत कौर, वेदप्रकाश, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, अरविन्द कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, आरके गंगवार, संजय शर्मा, शईम अंसार, योगेन्द्र सिंह, पीके सिंह, सुधीर कुमार, गुलजीत सिंह, आदेश परमाल, सुभाष चन्द्र, सत्यप्रकाश, मुन्ना लाल, कुलवंत सिंह, नरीज कुमार, सतपाल सिंह, सचिन, बाग सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर को बेटे की शादी पर अग्रिम बधाई दी


प्रधान मंत्री
Prime Minister
नई दिल्ली
ज्येष्ठ 15, शक संवत् 1945
5 जून, 2023
श्रीमती तारामनी राजभर एवं श्री ओमप्रकाश राजभर जी,
चि. अरुण एवं आयु. निकिता के विवाह का निमंत्रण पत्र पाकर प्रसन्नता हुई। परिवार की खुशी में शामिल करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।
वर-वधू को जीवन के नव-शुभारम्भ की हार्दिक बधाई।

**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुभासपा प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर को उनके छोटे बेटे अरुण राजभर की शादी पर अग्रिम बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में नवयुगल अरुण और निकिता को आशीर्वाद भी दिया है। उल्लेखनीय है कि ओपी राजभर के बेटे की शादी रविवार 11 जून को गाजीपुर तथा बहुभोज (रिसेप्शन)13 जून को वाराणसी में है। ओपी राजभर ने बेटे के शादी का न्यौता (आमंत्रण) प्रधानमंत्री को भेजा था। जहूराबाद विधानसभा सीट से विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर को भेजे गए बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा है कि अरुण और निकिता के विवाह का निमंत्रण पत्र पाकर प्रसन्नता हुई। परिवार की खुशी में शामिल करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वर-वधू को नवजीवन के शुभारम्भ की बधाई। शुभ लग्न की बेला में जीवन में खुशियों की सौगात लाए। विश्वास और मित्रता की डोर से दोनों सदा बने रहें। रिश्ते में स्नेह रहे। बेहतर तालमेल से जीवन आगे बढ़े और समय के साथ संबंध और अधिक गहरा और मजबूत हो। इसी कामना के साथ नव दंपती को दीर्घ, सुखद और सौभाग्य पूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीष। गौरतलब हो कि सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के सिंधौरा क्षेत्र स्थित आवास से बारात गाजीपुर सादात जाएगी। इस शादी में प्रदेश के दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है। ओपी राजभर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य समेत देश के दिग्गज नेताओं को शादी का आमंत्रण दिया है। गाजीपुर सादात के सरदरपुर निवासी निकिता राजभर के साथ ओपी राजभर के छोटे पुत्र अरुण राजभर की शादी होगी।

अरुण की होने वाली पत्नी निकिता वाराणसी के ही धीरेंद्र महिला महाविद्यालय से बीबीए कर रही हैं। निकिता के पिता कैलाश राजभर झारखंड के पिपरवार प्रोजेक्ट बचरा चतरा में स्थित कोल इंडिया में कार्यरत हैं। निकिता एथलेटिक्स की खिलाड़ी है। डांस के साथ गीत-संगीत में उसकी खास रुचि है।

# कांग्रेस को देश के महापुरुषों के प्रति अभद्र टिप्पणी शोभा नहीं देती : भूपेन्द्र सिंह




**गोण्डा, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस को देश के महापुरुषों के प्रति अभद्र टिप्पणी नहीं करना चाहिए, यह शोभा नहीं देती है। वह केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर शनिवार को गोण्डा पहुंचे थे। मोर्चा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने अटल प्रवेश द्वार का उद्घाटन भी किया। जिले के टाउन हॉल में आयोजित मोर्चा सम्मेलन में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष को किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने हल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा से कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह भी पहुंचे और उन्होंने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत करने के बाद बिना कोई बयानबाजी दिए चले गए। इसके बाद कर्नाटक में बीर सावरकर को लेकर छिड़ी जंग पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह कर्नाटक का विषय है। वहां की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे को देखने लगे। अपने आप को संभालते हुए उन्होंने कहा कि सावरकर देशभक्त थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर किया है। हम सब लोग उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार पर कांग्रेस की ओर से दिए विवादित बयान की उन्होंने अंग्रेजों से कई बार माफी मांगी, इस पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि वीर सावरकर और डॉ. हेडगेवार के समाज और देश के प्रति योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने समाज और देश के लिए जो भी कुछ किया। वह आज पूरा देश याद कर रहा है। ऐसे देश भक्तों को दुनिया कभी भुला नहीं पाएगी। कांग्रेस को देश के महापुरुषों के प्रति अभद्र टिप्पणी शोभा नहीं दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि ओवैसी जैसे लोगों के बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। उनके चरित्र के बारे में देश की महान जनता ठीक से जानती है। वह अनावश्यक तर्कहीन बयानबाजी करके सनसनी बटोरा चाहते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार का सफलतम तरीके से नौ वर्ष पूरे हुए हैं। हम लोग अपनी उपलब्धि, अपना काम, अपना रिपोर्ट कार्ड, जनता के बीच में रख रहे हैं। विपक्षी दल के लोग केवल बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करना चाहते हैं। लेकिन देश एवं प्रदेश की महान जनता यह सब जानती है।

# नए झारखंड हाई कोर्ट में 12 जून से होगी सुनवाई, जनहित याचिका सूचीबद्ध

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन में 12 जून से दोपहर लगभग दो बजे सुनवाई शुरू हो जायेगी। इस नये भवन में जिस मामले की सबसे पहले सुनवाई हो रही है वो मामला है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ की गयी अपील। पहले ही दिन यहां संविधान पीठ बैठेगी, जिसमें चीफ जस्टिस समेत पांच जज शामिल रहेंगे। इस मामले में सुनवाई के बाद पीठ यह फैसला लेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाई कोर्ट की एकलपीठ में होगी या खंडपीठ में। नये भवन में लिया जाने वाला यह अहम फैसला होगा। इसमें झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई के बाद फैसला करेगी। इस मामले में दो अलग- अलग आदेश आया था। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की गयी थी। फैसले में कहा गया कि जेट के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील की जाएगी जबकि एक दूसरे मामले में दूसरे बेंच ने कहा कि एकल पीठ में ही अपील की सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस ने संविधान पीठ में मामले को स्थानांतरित करते हुए सुनवाई के लिए पांच जजों के बेंच का गठन किया है। 12 जून को सिर्फ इस मामले में ही नहीं हाई कोर्ट में जनहित याचिकाएं भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी हैं। इन याचिकाओं में जेल में सुधार और क्षमता से अधिक कैदियों के रखे जाने का मामला लंबित है।

# निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को सख्ती से लागू करे सरकार : समन्वय समिति



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष सह सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मोरहाबादी स्थित उनके आवास में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए विनोद पांडेय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सबसे पहले सरकार की ओर से जो भी निर्णय लिये गये थे उन निर्णयों को सरकार मजबूती से लागू करे। जहां भी त्रुटी है, उन त्रुटियों को दूर करते हुए जो राज्य के लोगों की जनभावना है उस जनभावना को पूरा करने का प्रयास करने के लिए सरकार को परामर्श दिया है। निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को जो प्रावधान लागू किया गया है उसे सख्ती से लागू करने का परामर्श सरकार को दिया गया है। जो छात्र और युवा हैं, उनका नियोजन हो और जो सरकार से उनकी जो उम्मीदें हैं, वह पूरा हो। उन्होंने कहा कि दूसरा जो महत्वपूर्ण विषय सरना आदिवासी धर्म कोड है। राज्य सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजने का काम किया। सरना आदिवासी धर्म कोड इस राज्य के लोगों की भावना से जुड़ा मामला है। राज्य सरकार ने इस मामले का निष्पादन किया। इसी प्रकार केंद्र सरकार भी भावना के अनुरूप अनुमोदित करे। उन्होंने कहा कि समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इस पर राष्ट्रपति से मिलकर लागू करवाने का अनुरोध किया जाये। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति राज्य सरकार की ओर से बनायी गयी। विधानसभा ने उसे ध्वनि मत से पारित किया। राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया लेकिन राज्यपाल के यहां से बिना अनुमोदन के सरकार को लौटा दिया गया। समिति ने सरकार से निवेदन किया है कि जनभावना को देखते हुए इस स्थानीय नीति पर निर्णय लिया जाये। उन्होंने कहा कि एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण को भी विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के यहां भेजा गया। राज्यपाल की ओर से इस विधेयक को समीक्षा करने की बात कहकर लौटा दिया गया। सरकार इस पर निर्णय लेकर उसे लागू करें।

# कांग्रेस लोगों को जोड़ने का काम करेगी : डा० जावेद आजाद




**किशनगंज, (हि.स.)।** सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद के नेतृत्व में नगर परिषद अंतर्गत वार्ड न०-07 लोहरपट्टी में शनिवार को कांग्रेस का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान कई लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। जिसमे भारी संख्या में महिला, बुजुर्ग, युवा शामिल रहे। कांग्रेस सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और मलिकार्जुन खरगे ने देश में भाजपा द्वारा खोली गई नफरत की दुकान बंद करने की पहल की है और मोहब्बत की दुकान खुलने की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में सदस्यता अभियान की शुरूआत किशनगंज में की गयी है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी लोगों को जोड़ने का काम करेगी और मोहब्बत की दुकान खोलेगी। मौके पर किशनगंज सांसद के निजी सहायक एहसान हसन, कांग्रेस जिला प्रवक्ता जुल्फेकार अंसारी, कांग्रेस के बायसी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी निसार अहमद, कांग्रेस के वरिष्ट नेता सजल साह, जिला महासचिव तौसीफ अंजार, कांग्रेस महिला प्रखंड अध्यक्ष सहिदा बेगम, कांग्रेस महिला नेत्री इला देवी, मो० जब्बार आदि मौजूद रहे।

# बिहार में योगी मॉडल लागू करने की बात करना आश्चर्यजनक : विजय चौधरी



**पटना, (हि.स.)।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को यहां कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा बिहार में योगी मॉडल लागू करने की बात करना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि योगी मॉडल में पुलिस अभिरक्षा में हत्या, जेल में हत्या एवं न्यायालय परिसर में हत्याएं हो रही हैं। जब अपराधी उत्तर प्रदेश पुलिस की सारी व्यवस्था एवं चौकसी को ध्वस्त करते हुए हत्याएं करते हैं, तो उसे सरकार की उपलब्धि के रूप में प्रचारित करना ही योगी मॉडल की विशेषता है। विजय चौधरी ने कहा कि दूसरी तरफ, केन्द्र सरकार ही देश के सभी जिलों के ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता का सर्वेक्षण कराती है तो श्रेष्ठ पांच जिलों में चार जिले बिहार के होते हैं। जीविका समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की बात आती है तो बिहार के नीतीश मॉडल को केन्द्र सरकार नजीर के तौर पर पेश करती है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हर गरीब के झोपड़ी तक बिजली पहुंचाने के मामले में केन्द्र सरकार भी नीतीश मॉडल का अनुसरण करती है। नीतीश मॉडल की विशिष्टता के कारण ही 2020 में कम सीटें आने के बावजूद भाजपा के आलाकमान ने दबाव देकर नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाया लेकिन बिहार भाजपा के नेताओं को नीतीश कुमार के अंध विरोध में ये सारी चीजें नजर ही नहीं आती। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश मॉडल ही चला है और वही चलेगा।

## संपादकीय

# आरएसएस की नसीहत

**आरएसएस** के मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में छपे आलेख का सारांश यह है कि आखिर भाजपा कब तक 'मोदी के मैजिक' और हिंदुत्व के भरोसे रहेगी? प्रधानमंत्री मोदी का कथित करिश्मा और वैचारिक ताकत दोनों ही 'चरमोत्कर्ष' को छू चुके हैं। अब आगे के विस्तार की कोई संभावना नहीं है। स्थानीय, क्षेत्रीय नेतृत्व का विकल्प मोदी नहीं हो सकते, लिहाजा भाजपा को अपने क्षेत्रीय क्षत्रपों को मजबूत करना होगा, जो 'जनसंघ' के दौर से पार्टी की बुनियादी ताकत रहे हैं। बेशक आज वे सीमित और संकुचित लगते हैं। 'ऑर्गेनाइजर' और 'पांचजन्य' संघ के अंग्रेजी-हिंदी मुखपत्र हैं। संघ भाजपा को जो भी नसीहत या चेतावनी देना चाहता है, इन्हीं मुखपत्रों के आलेखों अथवा संपादकीय के जरिए कहता रहा है। संघ में सर्वेक्षण की कोई परंपरा नहीं है। संघ अपने स्थानीय प्रचारकों के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामयिक सूचनाएं एकत्रित करता है और फिर भाजपा तक प्रेषित करता है। हालांकि संघ का यह बुनियादी एजेंडा भी नहीं है कि वह भाजपा की राजनीति की दिशा और दशा को दुरुस्त करे, लेकिन भाजपा संघ की सोच का ही एक अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा महत्त्वपूर्ण चुनावों से पहले वह पार्टी को सचेत जरूर करता रहा है। संघ के मुखपत्र में छपे आलेख पर कर्नाटक चुनाव और उसके जनादेश की चिंताएं छाई लगती हैं। भाषायी पुनर्गठन के खतरों की चिंता और मुसलमान-चर्च की लामबंदी के समीकरण कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित थे। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन वे सभी चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर होंगे, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है। हालांकि यह दीगर है कि अभी तक जितने भी सर्वेक्षण सामने आए हैं, उनमें प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता सबसे अधिक है, लेकिन राहुल गांधी भी स्वीकार्यता में आगे बढ़ते जा रहे हैं। संघ का विश्लेषण यह है कि जातिवाद, क्षेत्रवाद, धार्मिक पहचान और मोदी के देशव्यापी करिश्मे का जो 'गोंद' था, अब वह टूटने लगा है। संघ चिंतित लगता है कि भाजपा का जो 'यूएसपी' था, उसके काफी भीतर तक कांग्रेस सेंध लगा चुकी है। 'कल्याणवाद' के जरिए मोदी और भाजपा ने जो 'लाभार्थी' वोट बैंक तैयार किया था, वह कांग्रेस की 'गारंटियों' के प्रति भी लालायित हो रहा है, लिहाजा यह जरूरी नहीं है कि जिन 81.5 करोड़ भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है और आम चुनाव तक यह जारी भी रहेगा, उनके वोट निश्चित तौर पर भाजपा के पक्ष में ही जाएंगे। दूसरे पक्षों की 'मुफ्त बिजली', मुफ्त शिक्षा, मुफ्त परिवहन, मुफ्त इलाज और अन्य भत्तों की 'रेवडियां' भी आकर्षित करती हैं, लिहाजा वोट बैंक बंट भी रहे हैं। बेशक जातिवाद एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, लेकिन राज्यों में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, प्रधानमंत्री मोदी ही उसका जवाब नहीं हो सकते। सिर्फ हिंदुत्व ही सत्ता-विरोधी लहर की भरपाई नहीं कर सकता। भाजपा धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट हासिल करती रही है। अब उसके भरोसे ही चुनाव नहीं जीते जा सकते। भाजपा को नए, स्थानीय, क्षेत्रीय मुद्दों की पहचान करनी होगी और उन पर समर्थक वोट बैंक बनाने होंगे। चुनावी लड़ाई क्षत्रप एकजुट होकर लड़ेंगे, मोदी उनकी लड़ाई को अधिक पुख्ता और भरोसेमंद विस्तार दे सकते हैं। संघ भाजपा को सचेत कर रहा है कि आगामी चुनाव आसान नहीं होंगे।

> संघ अपने स्थानीय प्रचारकों के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामयिक सूचनाएं एकत्रित करता है और फिर भाजपा तक प्रेषित करता है। हालांकि संघ का यह बुनियादी एजेंडा भी नहीं है कि वह भाजपा की राजनीति की दिशा और दशा को दुरुस्त करे, लेकिन भाजपा संघ की सोच का ही एक अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा महत्वपूर्ण चुनावों से पहले वह पार्टी को सचेत जरूर करता रहा है। संघ के मुखपत्र में छपे आलेख पर कर्नाटक चुनाव और उसके जनादेश की चिंताएं छाई लगती हैं। भाषायी पुनर्गठन के खतरों की चिंता और मुसलमान–चर्च की लामबंदी के समीकरण कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित थे। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन वे सभी चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर होंगे, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है।

## भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का खुलेआम जश्न भी मनाने लगे

# बेलगाम होते खालिस्तान समर्थक एक दिन कनाडा के लिए बड़ा खतरा बन जायेंगे

ललित गर्ग

> वोटबैंक के नाम पर लोगों को अलग–अलग खेमों में बांटने, तुष्टिकरण एवं उन्मादी काली शक्तियों को प्रोत्साहन देने एवं ज्वाला बनाने का काम देश के लिये घातक एवं नुकसानदेह है। वोटबैंक की राजनीति सभी देशों में होती है, पर ऐसा करते हुए भी मर्यादा एवं देश की एकता का ध्यान भी रखा जाता है। कानून का राज कायम रखने और विश्व शांति के खतरों को कमतर करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। जिन देशों में इसका ध्यान नहीं रखा जाता, वहां जल्दी ही लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है, टूट एवं बिखर कर रसातल में चला जाता है। धार्मिक कट्टरपंथियों एवं उन्माद के आगे नतमस्तक रहे पाकिस्तान को देखकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।

**कुछ** शक्तियां देश के आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने में जुटी हैं, वहीं कुछ संकीर्ण, साम्प्रदायिक, उन्मादी एवं अलगाववादी शक्तियां देश को तोड़ने एवं धुंधलाने में लगी हैं। वोटबैंक के नाम पर लोगों को अलग-अलग खेमों में बांटने, तुष्टिकरण एवं उन्मादी काली शक्तियों को प्रोत्साहन देने एवं ज्वाला बनाने का काम देश के लिये घातक एवं नुकसानदेह है। वोटबैंक की राजनीति सभी देशों में होती है, पर ऐसा करते हुए भी मर्यादा एवं देश की एकता का ध्यान भी रखा जाता है। कानून का राज कायम रखने और विश्व शांति के खतरों को कमतर करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। जिन देशों में इसका ध्यान नहीं रखा जाता, वहां जल्दी ही लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है, टूट एवं बिखर कर रसातल में चला जाता है। धार्मिक कट्टरपंथियों एवं उन्माद के आगे नतमस्तक रहे पाकिस्तान को देखकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। कनाडा में पिछले कुछ समय से और खासकर जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में, वहां बसे सिखों को साधने के लिए जिस तरह खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह भारत के लिए निश्चित रूप से चिंता की बड़ी वजह है, लेकिन यह कनाडा के लोकतंत्र के लिये भी बड़ा खतरा बनने का संकेत है। कनाडा में बेलगाम होते खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं, लेकिन अब उनका दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया है कि वे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का खुलेआम जश्न भी मनाने लगे हैं। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह एक परेड निकाली और उसमें इंदिरा गांधी की हत्या करते हुए दिखाया गया, इसमें दो सिखों सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को गोली मारते दिखाया गया। वह बेहद त्रासद, शर्मनाक और घिनौना है। यह परेड करीब पांच किमी तक निकाली गई। स्पष्ट है कि कनाडा की पुलिस आतंक का महिमामंडन करने वाली इस घिनौनी परेड को चुपचाप देखती रही। आतंकवाद का ऐसा खुला, लज्जाजनक और नग्न समर्थन कनाडा के साथ सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है। निश्चित ही इससे दुनिया में पनप रहे आतंकवाद को बल मिलेगा। यह आज सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्न है। भारत में भी कनाडा की ही भांति वोट बैंक ही पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद एवं जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवाद पनपने का बड़ा कारण बना था। इस घटना के सामने आने के बाद भारत सरकार की तीखी प्रतिक्रिया



जायज है। ऐसी घटनाओं के कारण दोनों देशों के संबंधों पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस नेताओं ने भी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। यह एक ऐसी घटना है जिसमें बगैर किसी राजनीति के पक्ष व विपक्ष दोनों के सुर का एक होना जरूरी है। ऐसा ही दिखा भी, दिखना भी चाहिए। पंजाब में खालिस्तानी स्वर उग्र हो रहे हैं, इसको उग्रता देने में कनाडा आदि देशों में रह रहे खालिस्तान समर्थक सिखों से मिल रही आर्थिक मदद एवं अन्य प्रोत्साहन बड़े कारण हैं। अब एक बार फिर खालिस्तान समर्थक तत्व देश के अंदर और बाहर सक्रिय हो रहे हैं। कनाडा उनके लिए एक बड़ा केंद्र एवं आश्रय-स्थल बनकर उभरा है। और यह वहां अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल भी वहां से एक अलग देश खालिस्तान बनाए जाने के सवाल पर जनमत संग्रह करवाए जाने की खबर आई थी। खालिस्तान समर्थक कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, कभी भारतीयों पर हमले करते हैं और कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। कनाडा सरकार हर बार इन खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहकर चुप्पी साध लेती है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे ताजा वीडियो को हालांकि सबसे पहले कांग्रेस नेताओं ने मुद्दा बनाया, लेकिन फिर सरकार भी इस पर जागरूक हुई है। ऐसी घटनाएं न तो भारत-कनाडा रिश्ते के लिए अच्छी हैं और न कनाडा के लिए। बहरहाल, इससे यह साफ हो जाता है कि कनाडा में हिंसा की वकालत करने वाले अतिवादी और अलगाववादी तत्वों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने हालांकि इस घटना की निंदा की और कहा कि उनके देश में नफरत, द्वेष और हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन ऐसे औपचारिक बयान जारी कर देना काफी नहीं है। उनका बयान लीपापोती के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि सच यही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की कट्टरता और नफरत को पालने-पोसने का काम बड़ी ही बेशर्मी से किया जा रहा है, वहां की सरकार खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा देने में लगी हुई है। इसी के चलते उनका दुस्साहस बढ़ता चला जा रहा है। वैसे तो उग्रपंथी खालिस्तान समर्थक दुनिया के कई देशों में सक्रिय हैं, लेकिन वे जितने कनाडा में बेलगाम हैं, उतने अन्यत्र कहीं नहीं। कनाडा को समझना होगा कि आतंकवाद, अलगाववाद, नफरत और हिंसा की आग सबसे पहले उन देशों को जलाती है जो इसे हवा देते हैं। ऐसे देशों की दुर्गति के उदाहरण सबके सामने है। उन देशों के अनुभव से समय रहते सबक लेना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थन का बड़ा कारण यह है कि कनाडा की वर्तमान सरकार उस राजनीतिक दल के समर्थन के भरोसे सत्ता में है, जिसमें खालिस्तान समर्थक भरे पड़े हैं। कनाडा की सरकार संकीर्ण राजनीतिक कारणों से खालिस्तान समर्थकों की भारत-विरोधी अराजक, घृणित और नफरत फैलाने वाली हरकतों की जानबूझकर अनदेखी कर रही है। यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बिना किसी लाग लपेट कहा कि कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए हो रहा है और वहां खालिस्तान समर्थकों को मिल रहे समर्थन से दोनों देशों के संबंध खराब हो सकते हैं। चूंकि इसके आसार कम हैं कि भारत सरकार की आपत्ति के बाद कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक अराजक तत्वों को समर्थन देने से बाज आएगी, इसलिए यह आवश्यक है कि उस पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाया जाए। भारत के लिये जरूरी है कि यहां सभी राजनीतिक दल इन अति-संवेदनशील एवं देश तोड़क मुद्दों पर एकमत हों। राजनीति के पोषण के बिना खालिस्तानी आतंक उग्र नहीं हो सकता, उनको भड़का कर राजनीति करने वाले दलों से सावधान होने की जरूरत है। खालिस्तान समर्थक अपनी आतंकवादी गतिविधियों एवं हरकतों से देश की एकता एवं अखण्डता को खंडित करना चाहते हैं, ये तत्व अपनी इस तरह की हरकतों के जरिए उस आतंकवाद की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिसकी वजह से ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसे कदम उठाने पड़े और जिसके चंगुल में पंजाब आगे भी कई साल तक फंसा रहा, त्रासदी झेलता रहा, डरा एवं सहमा रहा। न जाने कितने परिवार इस चक्कर में बर्बाद हो गए, कितने लोगों को जान देनी पड़ी।

# नशे का मरकज बन चुकी रेव पार्टियां

> नशीले पदार्थों के व्यसन से दर्दनाक मौतें व जहरीली शराब से मातम का चित्कार जैसी खौफनाक खबरें जब अखबारों के पन्नों पर धूल उड़ाती हैं तो अभिभावकों की जिंदगी और भी तल्ख तरीन हो जाती है। लेकिन तरक्की की इबारत लिखने की बेचैनी पैदा करने वाली मेहनत का नशा यदि जुनून बनकर जीवन में शुमार हो जाए तो मुकद्दर के बंद पड़े दरवाजे भी खुल जाते हैं। मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत का जुनून किसी मशबरे का मोहताज नहीं होता। अपने पराक्रम के बल पर हिंदोस्तान को गौरवान्वित करने वाले सैन्य पृष्ठभूमि के गढ़ हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व तक नशाखोरी जैसी चीजें देखने सुनने को नहीं मिलती थी, मगर हर रोज नशीले पदार्थों का पकड़ा जाना राज्य में नशा माफिया के बेखौफ कारोबार व मजबूत नेटवर्क की तस्दीक करता है। पहाड़ की शांत शबनम पर उग रहे नशे के सजर व नशे की अवैध तिजारत देवभूमि की धरा पर इंतशार पैदा कर रहे हैं। देश के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल में पर्यटन के नाम पर देश विदेश के सैलानियों व प्रवासियों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में नशाखोरी व कई संगीन वारदातों की नई दस्तक महसूस हो रही है।

**किसी** भी क्षेत्र में इंकलाब लाने की सलाहियत रखने वाले मुल्क के मुस्तकबिल युवावेग के लब यदि नशे के तलबगार बन जाएं तो मुकाम जुर्म की दुनिया में ही तलाशा जाएगा। आगाज-ए-जवानी में अजीम मुस्सविर बनने का ख्वाब देखने वाली निगाहें यदि नशे के लिए बेताब रहें तो युवा ताकत का भविष्य जुल्मत के दौर में ही जाएगा। नशे की सुनामी के आगे अभिभावकों के अरमान जमींदोज हो रहे हैं। नशीले पदार्थों के व्यसन से दर्दनाक मौतें व जहरीली शराब से मातम का चित्कार जैसी खौफनाक खबरें जब अखबारों के पन्नों पर धूल उड़ाती हैं तो अभिभावकों की जिंदगी और भी तल्ख तरीन हो जाती है। लेकिन तरक्की की इबारत लिखने की बेचैनी पैदा करने वाली मेहनत का नशा यदि जुनून बनकर जीवन में शुमार हो जाए तो मुकद्दर के बंद पड़े दरवाजे भी खुल जाते हैं। मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत का जुनून किसी मशबरे का मोहताज नहीं होता। अपने पराक्रम के बल पर हिंदोस्तान को गौरवान्वित करने वाले सैन्य पृष्ठभूमि के गढ़ हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व तक नशाखोरी जैसी चीजें देखने सुनने को नहीं मिलती थी, मगर हर रोज नशीले पदार्थों का पकड़ा जाना राज्य में नशा माफिया के बेखौफ कारोबार व मजबूत नेटवर्क की तस्दीक करता है। पहाड़ की शांत शबनम पर उग रहे नशे के सजर व नशे की अवैध तिजारत देवभूमि की धरा पर इंतशार पैदा कर रहे हैं। देश के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल में पर्यटन के नाम पर देश विदेश के सैलानियों व प्रवासियों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में नशाखोरी व कई संगीन वारदातों की नई दस्तक महसूस हो रही है। दरअसल भारतीय सेना द्वारा चार युद्धों में शर्मनाक शिकस्त का अजाब झेलकर आलमी सतह पर जलील हो चुके पाक सिपहसालारों ने सरहदों पर आतंक व नशे की सप्लाई को भारत के खिलाफ अपना अचूक हथियार बना लिया है। देश के समृद्ध राज्य पंजाब में लगभग चार दशक पूर्व पाकिस्तान ने नशाखोरी का एक ऐसा नेटवर्क खड़ा किया जिसने युवा कौम को नशे के जाल में फंसाकर बर्बादी के मुहाने पर खड़ा कर दिया। पांच दरियाओं की धरती कहे जाने वाले पंजाब सूबे में छठा दरिया नशे का बहना शुरू हुआ। नशीले पदार्थों की खपत का एक बड़ा बाजार बनने के कारण ही पंजाब की शिनाख्त 'उड़ता पंजाब' के रूप में हुई। दहशतगर्दी के मरकज पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सरहद पर ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। पंजाब से लगते हिमाचल के जिलों में भी नशे की गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। लेकिन सरहदों व समुद्री तटों पर नशा तस्करी के अलावा कुछ वर्षों से देश में रेव पार्टियों व हुक्का बार के रूप में नशे का एक नया प्रचलन शुरू हो चुका है। विडंबना है कि गरीब व मजदूर वर्ग जहरीली शराब का शिकार होकर मौत की आगोश में समा रहे हैं तथा बेहद महंगे नशे के लिए कुख्यात हाइप्रोफाइल रेव पार्टियों में धनकुबेरों के शहजादों की बज्म सजती हैं। रेव पार्टी यानि कई किस्म के महंगे नशे व मौज मस्ती से लबरेज जोशीली बज्म-ए-अंजुम। जहां अय्याशी के खुले इंतजाम में जिगर की ख्वाहिश केवल नशा होता है। चरम पर अश्लीलता के आगे नैतिकता, शिष्टाचार व गैरत भी शर्मसार होकर अपना वजूद तलाशने को मजबूर रहते हैं। डीजे की बुलंद आवाज में युवाओं को मदहोश करके मर्यादाओं से ज्यादा अदाओं को अहमियत देने वाली पश्चिम की इस बेमुरब्बत तहजीब ने युवावर्ग को संस्कार विहीन करके भारतीय संस्कृति से विमुख कर दिया है। चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों व समंदर के बीच में नशे से गुलजार होने वाली निशाचर रेव पार्टियों का क्रेज देवभूमि के पहाड़ों पर भी दस्तक दे चुका है। जांच एजेंसियों से महफूज रहने के लिए नशे के इस खेल को रेव पार्टियों के जरिए पहाड़ों पर खुफिया तरीके से अंजाम दिया जाता है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी सुरक्षा एंजेसियां रेव पार्टियों पर छापा मार कर कई लोगों को हिरासत में लेती हैं, मगर धनबल व रसूखदारी के आगे व्यवस्था भी खामोश हो जाती है। देश के कई शहरों में हुक्का बार का प्रचलन भी तेजी से फैल रहा है। कई होटल व रेस्तरां में नशे के शौकीन युवक व युवतियों के हुक्का गुडग़ुड़ाने व सिगार का धुंआ उड़ाने की खबरें



अक्सर सुर्खियां बनती हैं। कई तरह के रसायन युक्त फ्लेवर पेश करके हुक्का बारों में युवाओं का इस्तकबाल पूरी शिद्दत से होता है। स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मादक धुंआ हुक्का बारों के जरिए युवावर्ग को आकर्षित करके नशे की दलदल में धकेल रहा है। हुक्का बार व रेव पार्टियों का आयोजन इसके संचालकों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है, लेकिन देश की दशा व दिशा बदलने की काबिलियत रखने वाले युवा नशाखोरी के अवैध धंधे में मुल्लविश होकर खुद दिशाहीन हो रहे हैं। सभ्य समाज में फैल रही कई बुराइयों का श्रेय समाज का दर्पण कहे जाने वाले सिनेमा व बालीवुड के अदाकारों को भी जाता है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों को दूषित करने वाली पश्चिमी तहजीब फिल्मों के जरिए ही समाज की दहलीज तक पहुंची है। ड्रग माफियाओं ने नशे की काली कमाई से करोड़ों रुपए का साम्राज्य खड़ा कर लिया है, मगर कई घरों के चश्म-ओ-चराग बुझ गए। नशा करने वालों के गुलशन उजड़ गए आशियाने बिक रहे हैं। नशे के बड़े सरगना कानूनी नुक्तों के लूपहोल से अक्सर बच निकलते हैं। नशाखोरी से बिगड़ रहे खौफनाक हालात मुल्क के निजाम से सवाल पूछने को मजबूर करते हैं। सवाल अक्सर जम्हूरियत की पंचायतों में विराजमान मुल्क के रहबरों से ही पूछे जाते हैं। बहरहाल इससे पहले कि मुल्क का भविष्य युवावर्ग नशे की परवाज में मफलूज हो जाए, जुल्मत-ए-शब की नशीली महफिल रेव पार्टियों व नशे का मरकज हुक्का बारों पर लगाम लगनी चाहिए। शौर्य पराक्रम के धरातल वीरभूमि व देवभूमि की शिनाख्त वाले सूबे हिमाचल को नशाभूमि बनने से रोकने के लिए हैरोइन व सिंथेटिक ड्रग जैसे जानलेवा नशे की चपेट में आ चुकी पहाड़ की जवानी को बचाना होगा।

## कुछ अलग

# दिल्ली कभी लौट के आना

**दिल्ली** की जिन शर्तों पर हिमाचल की आर्थिक बेडियां कराह रही हैं, उनके आंचल में बैठे इस प्रदेश को काश! नजदीक से देखा होता। हिमाचल को दिखाने या दिल्ली से मिलाने का काम पथ परिवहन निगम बाखूबी कर रहा है। हर रोज एक हिमाचल, दिल्ली की ओर निकलता है, लेकिन बहुत सारा लौटता नहीं, क्योंकि केंद्र का बर्ताव आज तक हमारे भीतर एक स्थायी विस्थापन कर रहा है। पहले हम कोसते थे कि हमारा पानी और जवानी काम नहीं आती, अब तो ईमानदारी और भोलेपन की नादानी भी काम नहीं आती। कभी लौट के दिल्ली अगर एचआरटीसी की बस में आए, तो हिमाचल के रास्ते बता देंगे कि पहाड़ की जिद्द और जिरह कैसे संघर्ष के पड़ाव हैं। कितनी सर्द सदियां यहां से गुजरी होंगी तब कहीं यह प्रदेश अस्तित्व में आया और दिल्ली के हुक्मरानों से मुलाकात कर पाया। इसी सर्द आंचल में एक अनूठा सफर लेह से दिल्ली को जोडक़र बताता है कि एक ही आकाश की छत के नीचे कितने जहां गुजर जाते हैं। दुनिया के सबसे लंबे यानी 1026 किलोमीटर सफर पर दिल्ली को लेह तक ले जाने की प्रतिज्ञा से बंधी हिमाचल की सरकारी बस सिर्फ यात्रा नहीं कर रही, यात्रा की बुनियाद पर भौगोलिक और मौसम की विषमताओं की एक सदाबहार कहानी भी ढो रही है। यह पर्वतीय दुरूहता की प्रतीक बनी बस सेवा एक ही रूट पर अतीत को वर्तमान से मिलाना चाहती है। लेह से रोहतांग तक देश का अतीत राष्ट्र की नई प्राथमिकताओं के साथ भागना चाहता है। यह रोहतांग से नेरचौक तक बदलते हिमाचली परिदृश्य में बदलाव देखता है, लेकिन दिल्ली पहुंचते ही देश की सरकार के वर्तमान में अपना भविष्य देखना चाहता है। जिस दिन दिल्ली से निकली हिमाचल की यह बस आधुनिक भारत को वापसी में ले आई, मालूम हो जाएगा कि तीस घंटे के सफर में कितने मोड़, कितने खतरे, कितने अवरोध, कितने मौसम और कितने पड़ाव पार करने पड़ते हैं। हिमाचल में विकास एक साहस है और इसीलिए वित्तीय प्रबंधन पहाड़ खोदने जैसे अप्रत्याशित मजदूरी तथा मुकद्दमों की तरह हर सतह पर संघर्षशील है। दिल्ली अगर हिमाचल की लेह जाती बस की यात्रा को समझ ले, तो मालूम हो जाएगा कि क्यों पर्वतीय राज्यों को केंद्र से वित्तीय उदारता चाहिए। जैसे ही दिल्ली-लेह बस को हिमाचल से लांघना पड़ता है, सडक़ के हर किलोमीटर पर चार गुना खर्च बढ़ जाता है। हिमाचल के हर मील को मापना मुश्किल है। जिन नदियों का पानी मैदान को मुफ्त चाहिए, उनके ऊपर से गुजरना सिर्फ रूह को ही नहीं कंपकपाता, बल्कि हर पुल हमारे बजट को निगल जाता। कभी देखना हिमाचल का हिमाचल के ही पानी के साथ संघर्ष। बाढ़ आए तो भगाए और बर्फ आए तो दबाए तथा गहरी होती नदी के ठीक ऊपर जिस ढलान पर हम सीढ़ीनुमा खेत में अनाज उगाते हैं, उसे पानी नहीं मिलता। हम जिसे बोते हैं, उसे काटना मुश्किल और जिसे काटना चाहते हैं, वही जंगल नसीब में नहीं। आजादी के बाद देश ने जो सोचा, जो किया, उसका भागीदार पर्वत सिर्फ विस्थापन की आहों में बना। हमने भाखड़ा बांध से मैदान को बाढ़ से बचाया, वहां के किसान को बिजली आपूर्ति से आगे बढ़ाया, लेकिन जब राज्य ने हक मांगा तो बीबीएन की तासीर बदल गई। शानन ने सौ साल हमारी जमीन दबा के रखी ताकि उसकी लीज पर मैदान का अधिकार रहे, लेकिन अब यह कैसा संघर्ष जिसकी वकालत हमारे चूल्हे या हमारे घर से नहीं हो सकती। हमारे सारे मामले उसी दिल्ली में जहां हम भी बैठ कर पहुंच जाते, सिर्फ एक यात्री बन कर। खुद को पहाड़ की वेदना से दूर ले जाकर भी अगर दिल्ली को नहीं बता पाए, तो यह हमारी भी कमजोरी रही। बरहाल एक रूट को दिल्ली तक पहुंचाने में ही अगर तीन बसें, तीन ड्राइवर और दो परिचालक लग जाते हैं, तो एक पूरे राज्य की बात को वहां तक पहुंचाने के लिए कितने मशक्कत चाहिए। हिमाचल के आर्थिक संघर्ष में तमाम पर्वतीय राज्यों का भविष्य भी नत्थी है, इसलिए पहाड़ को अपनी बात कहने की भाषा बदलनी होगी। यह इसलिए भी कि दिल्ली से लेह तक पहुंचती बस भी मैदानी, हल्के पहाड़ी और दुर्गम पहाड़ी इलाकों से गुजरते हुए आवाज बदलती है। आवाज बदलना भी कई बार चलने की सूचना है अतः केंद्र से गुजारिश रहेगी कि एक बार बस के बहाने पर्वत के आर्थिक ठिकाने देख ले।

## नागरिक बोध

# विज्ञापन, समाज सेवा, प्रसिद्धि और महानता

**महान** होते जा रहे प्रसिद्ध लोगों से मिलना मुश्किल होता है। बातें करना लगभग असंभव होता है। महानता और प्रसिद्धि मिलकर अगर अनगिनत वस्तुओं का विज्ञापन कर रहे यानी चीज़ें बेच रहे हों तो उनसे मिलना दिलचस्प होता है। एक बार ख्वाब में हमने उनसे मुलाक़ात कर ली, ख्वाब था इसलिए आराम से बात भी कर ली। अब यह तो सभी जानते हैं कि ख्वाब में ही सब मुमकिन है। हमने उनसे सवाल कम किए लेकिन उन्होंने ज़वाब दिल खोलकर दिए। यहां सिर्फ जवाब पेश हैं। उन्होंने कहा कि हम कलाकार हैं, हमारा कर्तव्य किसी भी तरह समाज की सेवा करना है। कलाकार ही समाज में बदलाव लाते हैं। हमारा मुख्य कर्तव्य विज्ञापन के माध्यम से समाज सेवा करना है। समाज सेवा करना तो वैसे भी महान कार्य माना जाता है। हमारा सबसे महत्वपूर्ण, मुख्य सामाजिक कर्तव्य, विज्ञापन फिल्में करना है। इस बहाने हम हमेशा चर्चा में भी रहते हैं। जीवन में इतना पैसा जुटाना बहुत ज़रूरी है कि पता न चले कि कितना पैसा कमाया है। उसे उचित तरीके से निवेश करना उससे ज्यादा ज़रूरी है। वो ज़माना चला गया जब ज्यादा पैसा और प्रसिद्धि हज़म और मैनेज नहीं होती थी। अब तो हर चीज़ और काम के विशेषज्ञ हाजिर हैं। भुगतान करो और प्रबंधन हो जाता है। ज़्यादा पैसा दो तो अपना सब फिट दूसरे का अनफिट करवा सकते हैं। उन्होंने अपनी बात को शहद में डुबो कर कहा, नकली मीठा बोलना बहुत ज़रूरी है। बगल में छुरी और मुंह में**...**। हम तो पूरा पैसा इसी के बल पर कमाते हैं। हमसे जो चाहे करवा लो। ठीक है, हम मनपसंद खा नहीं सकते, मनपसंद पहन तो सकते हैं। हां, हम पूरे नंगे नहीं हो सकते। शरीर के कुछ हिस्से दिखा सकते हैं। वैसे तो आजकल का ट्रेंड यही है, हिस्से दिखाते रहो और कमाते रहो। हम किसी के खिलाफ नहीं बोलते, हमें ऐसा करने की ज़रूरत भी क्या है। किसी को भी खत्म करने बारे सोचने की हमें ज़रूरत क्या है। यह सब राजनीति के फंडे हैं। हमने क्या लेना। हमने तो विज्ञापन कर समाज की भलाई के लिए काम करना है और हम अपना कर्तव्य निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं। हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, इस बारे हम ज़्यादा नहीं सोचते, इसके लिए हमने विशेषज्ञ रखे हुए हैं। वैसे कुछ काम जो हमें प्रसिद्ध व्यक्ति होने के कारण करने ही चाहिए वो हम नहीं करते, जैसे शासकों की नीतियों के खिलाफ या प्रशासकों के अनुचित क्रियान्वन के बारे कहना। हम चाहें तो बोलकर माहौल में हलचल ला सकते हैं और हमारी महानता में बढ़ोतरी भी हो सकती है। लेकिन हमें समझाया गया है कि जो भी बोलना है, सोच समझ कर बोलना है जिससे हमारी इमेज स्वच्छ, साफ और बढिया बने। जीवन में टैनजिबल एसेट्स' का भी बहुत फायदा होता है। हमने ज्योतिषीय नक्षत्रों के हिसाब से अपना काम करना है। स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखना है। अपना काम करते रहना हमारा कर्तव्य है।

## देश दुनीया से

# विपक्षी एकता पर भारी बिहार का भ्रष्टाचार

**विपक्षी** एकता के प्रयासों में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पुल ढहने की घटना ने अच्छी-खासी किरकिरी करा दी। भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दलों को निशाना बनाने से भाजपा नहीं चूकती। भाजपा पूर्व में भी विपक्षी एकता के प्रयासों पर ऐसे प्रहार करती रही है। विपक्षी एकता के प्रयासों को भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठजोड़ बताती रही है। दरअसल भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अगुवानी घाट गंगा नदी पर 1710 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2014 को शिलान्यास किया था। यह पुल ढह गया। पुल की लंबाई 3.160 किलोमीटर थी। इसका निर्माण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था। इससे पहले भी यह पुल 27 अप्रैल 2022 को तेज आंधी और बारिश के चलते ढह गया था। इस पुल का कम से कम 100 फीट हिस्सा गिर गया था। बिहार में घटिया निर्माण के कारण पुलों के ध्वस्त होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में राज्य में 7 बार पुल गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नीतीश सरकार फिर भी नहीं जगी। विपक्षी एकता के सपने के बूते केंद्र में सत्ता पाने के प्रयास में जुटे नीतिश कुमार बिहार को नहीं संभाल पा रहे हैं। बिहार भ्रष्टाचार और अराजकता के लिए ही नहीं बल्कि अजीबोगरीब घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहा है। यह बिहार में ही संभव है कि पुल जैसा मजबूत ढांचा महज आंधी से ढह जाए। इसके अलावा भी बिहार में भ्रष्टाचार और अराजकता की ऐसी हास्यास्पद घटनाएं हुई हैं। इनसे नीतिश सरकार के तौर-तरीकों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं। किसी भी राज्य में भारी-भरकम रेल के इंजिन की चोरी की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बिहार में चोर ट्रेन के इंजिन को चोरी कर ले जाएं। बरौनी (बेगूसराय जिला) के गरहारा यार्ड में मरम्मत के लिए लाए गए ट्रेन के डीजल इंजन को एक गिरोह ने चुरा लिया। चोर एक सुरंग माध्यम से आते थे और इंजन के पुर्जों को चुरा लेते थे। इंजिन के पुर्जों को बोरियों में भरकर ले जाते थे। इंजिन का सिर्फ ऊपरी ढांचा ही रह गया। 'बिहार है तो ऐसी वारदातें संभव है' की तर्ज पर पंडौल से लोहट चीनी मिल की तरफ गई रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी हो गई है। चीनी मिल के बंद होने के बाद से ही इस ओर रेल सेवाएं बाधित थी। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और वो रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी कर ले गए। बिहार के बांका जिले से एक लोहे का पुल गायब हो गया। चोरों ने इस पुल का दो-तिहाई हिस्सा गैस कटर से काटकर चुरा लिया। लाखों रुपए की लागत से पटनिया धर्मशाला से जोडऩे के लिए इस पुल का निर्माण किया गया था। पुल की लंबाई 80 फीट और चौड़ाई 15 फीट है। भागलपुर के सुल्तानगंज से देवघर में बैद्यनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों (कांवडिय़ों) की सुविधा के लिए इस पुल को बनाया गया था। इससे पहले भी बिहार के रोहतास जिले में लोहे के पुल की चोरी हुई थी। यहां चोरों ने 60 फीट लंबे और 500 टन वजनी लोहे के पुल को गायब कर दिया था। बिहार में अपराधियों को इससे फर्क नहीं पड़ता है कि चोरी का माल कितना भारी और कहां पर स्थित है। भले ही वह स्थान राजधानी पटना ही क्यों न हो। चोरों की हिमाकत है कि मुजफ्फरपुर से मोबाइल का टावर चोरी कर ले गए। इससे पहले राजधानी पटना में भी चोरों ने मोबाइल टावर चोरी कर लिया था। बिहार दशकों से भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ को लेकर सुर्खियों में रहा है। बिहार हाईकोर्ट ने लालू यादव के शासन के दौरान बिहार में शासन को जंगल राज बताया था। इसकी झलक नीतिश सरकार में बाकी है। बाहुबली आनंद सिंह की जेल से रिहाई के मुद्दे पर नीतिश सरकार की छवि प्रभावित हुई है। बिहार सरकार ने जेल कानूनों में संशोधन करके जिला कलैक्टर की हत्या के आरोप में सजा काट रहे आनंद सिंह के रिहा करने का मार्ग प्रशस्त किया। राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध का बिहार का पुराना इतिहास रहा है। बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खाई है।

> बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खाई है। वर्ष 2017 जुलाई में कलह की वजह को नीतीश ने भ्रष्टाचार के खिलाफ असहिष्णुता बताया था। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को वजह बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने राजद के साथ गठबंधन तोड़ते हुए कहा था कि उन्हें घुटन महसूस होती है। छह साल बाद उन्होंने राजद से फिर हाथ मिला लिया। तेजस्वी डिप्टी सीएम बने और तेज प्रताप यादव को मंत्री बनाया गया। नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रयासों के जरिए भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं।

# ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के छह महीने पहले गरमा गया ममीटू का मुद्दा



**ताइपे।**
**ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के गरमा रहे माहौल के बीच प्तमीटू का मुद्दा उछल गया है। अपने को यौन उत्पीड़न का शिकार बताने वाली कई महिलाएं सामने आई हैं, जिन्होंने गंभीर इल्जाम लगाए हैं। ताइवान मसले को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रहे टकराव और युद्ध की गहरा रही आशंका के बीच यहां के अगले राष्ट्रपति चुनाव पर दुनिया भर की नजर है। इसीलिए प्तमीटू के लगे इल्जाम अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी सुर्खियों में आए हैं।**

ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने इस बात को लेकर सार्वजनिक माफी मांगी कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने यौन उत्पीड़न के मामलों पर सही नजरिया नहीं अपनाया। उन्होंने वादा किया है कि अब सरकार शिकायत दर्ज कराने के सिस्टम में सुधार करेगी, ताकि ममीटू की शिकार महिलाएं आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा पाएं।

ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान अगले जनवरी में होगा। डीपीपी के अध्यक्ष लाइ चेंग-ते उस चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनने की तैयारी में हैं। डीपीपी ताइवान की आजादी की समर्थक है, इसलिए इस पार्टी को पश्चिमी देशों का समर्थन मिला हुआ है। लाइ ने एक बयान में कहा है कि उनकी सरकार ममीटू के हर आरोप को गंभीरता से लेगी और जिन्होंने ऐसे मामलों पर परदा डालने की कोशिश की है, उनको दंडित किया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक हफ्ते के दौरान ममीटू के जो मामले सामने आए हैं, उनसे डीपीपी की छवि खराब हुई है। प्रमुख विपक्षी दल कुओमिनतांग (केएमटी) ने इस विवाद को पहले डीपीपी पर हमला बोलने का हथियार बनाया। लेकिन इसी बीच कुओमिनतांग पर भी यौन उत्पीड़न संबंधी कई मामलों पर ठीक रुख न अपनाने के आरोप लगे हैं। अब पार्टी के अध्यक्ष और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को वेन-जे ने कहा है कि ममीटू आरोपों का इस्तेमाल अगले चुनाव में राजनीतिक हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।

चीन के टीवी चैनल सीसीटीवी ने एक रिपोर्ट में बताया था कि डीपीपी, केएमटी और एक अन्य पार्टी टीपीपी के नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के कम-से-कम 20 मामले सामने आए हैं। कुछ वेबसाइटों पर सिर्फ उन मामलों का जिक्र किया है, जिनमें डीपीपी के नेता फंसे हैं। इन वेबसाइटों पर लिखी टिप्पणियों में लोगों से अपील की गई है कि अगले जनवरी में उन्हें यौन उत्पीड़न पर परदा डालने वाली पार्टी के उम्मीदवार को हरा देना चाहिए।

मीटू का पहला मामला पिछले 31 मई को सामने आया था, जब डीपीपी की कार्यकर्ता चेन चियेन-जोउ ने अपने फेसबुक पोस्ट में आरोप लगाया कि एक फिल्म निदेशक ने तीन महीने उसे उत्पीड़ित किया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस बारे में जब सूचना दी, तो डीपीपी की उप महासचिव और महिला विभाग की प्रमुख सु चिया-तियेन ने इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। सारी जानकारी लेने के बाद उन्होंने पीड़िता से कह दिया कि उसे केस दर्ज कराना है या नहीं, इस बारे में वह खुद फैसला ले।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अमेरिका से व्यापार रियायतें नहीं पा सके ऋषि सुनक, अब देश में हो रही है आलोचना



**लंदन ।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अमेरिका यात्रा में अपने प्रमुख मकसद में कामयाबी नहीं मिल सकी। जबकि व्हाइट हाउस में सुनक का स्वागत कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन यह संदेश देने में सफल रहे कि चीन के खिलाफ लामबंदी में ब्रिटेन उनके साथ है और उनका अभियान आगे बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है- 'ऋषि सुनक और जो बाइडन ने दोनों देशों के बीच सहयोग के एक करार का एलान किया है, जिससे ब्रिटेन बाइडन प्रशासन के आर्थिक दायरे में और मजबूती से शामिल हो जाएगा। इससे ब्रेग्जिट के समय आपसी रिश्तों में हुई उथल-पुथल से आगे निकलते हुए दोनों देशों के बीच अब पहले जैसे संबंध बहाल हो जाएंगे। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में 'अटलांटिक घोषणापत्र' जारी किया। इस मौके पर सुनक ने दो टूक कहा कि दोनों देशों ने चीन और रूस की तरफ से आ रहे खतरों को देखते हुए अपनी 'आर्थिक सुरक्षा' को मजबूत करने का फैसला किया है। सुनक ने कहा- 'चीन और रूस अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकेंगे।' लेकिन ब्रिटिश विश्लेषकों ने राय जताई है कि 'अटलांटिक घोषणापत्र' प्रतीकात्मक रूप में भले महत्वपूर्ण हो, लेकिन इससे यह भी संकेत मिला है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते की अब कोई उम्मीद नहीं बची है। जबकि ब्रिटेन में सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी ने 2019 के आम चुनाव में अमेरिका के साथ ऐसा समझौता करने का वादा किया था।

### सऊदी प्रिंस ने अमेरिका को धमकाया था, रिपोर्ट में खुलासाः कहा था - तेल उत्पादन में कटौती का बदला लिया तो भुगतना होगा अंजाम

**रियाद।** तेल उत्पादन में कटौती को लेकर अमेरिका और सऊदी अरब एक बार फिर आमने-सामने आ गए थे। मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका को चेतावनी दी थी कि अगर तेल उत्पादन में कटौती करने पर सऊदी अरब से किसी भी तरह का बदला लिया गया तो वो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अमेरिका को इसके लिए आर्थिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मिले दस्तावेजों से इसका खुलासा हुआ है। हालांकि, ये पता नहीं चल पाया है कि मोहम्मद बिन सलमान ने ये धमकी सीधे अमेरिका के किसी अधिकारी को दी थी या प्रिंस की जासूसी में ये बात सामने आई है। पिछले साल रूस-यूक्रेन जंग के बीच जब दुनिया में तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं। उस दौरान सऊदी ने तेल उत्पादन घटा दिया था। इसका सबसे ज्यादा असर अमेरिका और यूरोप पर पड़ा था। इस पर बाइडेन ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि सऊदी को इस हरकत का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हालांकि, बाइडेन प्रशासन ने किया कुछ नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बाइडेन की इसी धमकी से नाराज होकर मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि अमेरिका ने कुछ किया तो उसको आर्थिक अंजाम भुगतना होगा। अमेरिका के लीक हुए एक दूसरे खुफिया दस्तावेज में बताया गया है कि सऊदी अरब, चीन से रिश्ते बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। चीन से ड्रोन्स, बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज मिसाइलें और सर्विलांस का सिस्टम खरीदना चाहता है, जबकि अमेरिका किसी भी हालत में सऊदी को चीन के खेमे में जाने से रोकना चाहता है।



### कंगाली के कगार पर खड़े पाकिस्तान ने बढ़ाया रक्षा बजट, सबसे ज्यादा खर्च ब्याज के भुगतान पर

**इस्लामाबाद ।** कंगाली के कगार पर खड़े पाकिस्तान ने अपने रक्षा खर्च में पिछले साल के मुकाबले 15.4 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक संकट से जूझ रही पाक सरकार ने तीन साल में पहली बार रक्षा बजट बढ़ाया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने नेशनल असेंबली के पटल पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट पेश किया। डार ने बजट भाषण में कहा कि आगामी वर्ष के लिए सरकार कोई नया कर नहीं लगा रही है। डार ने कहा कि अगले साल के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।यह भारत के अनुमान 6.5प्रतिशत से करीब आधा है। डार ने कहा, यह चुनावी बजट नहीं है और वास्तविक अर्थव्यवस्था के तत्वों पर केंद्रित है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट का कुल खर्च 14.46 लाख करोड़ रुपये है। सरकार ने कुल मौजूदा खर्च 13,320 अरब रुपये रखा है, जो पिछले साल के बजट आंकड़े से 53 फीसदी अधिक है। डार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा व्यय का बजट 1,804 अरब रुपये रखा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.4 प्रतिशत अधिक है। पाकिस्तान सबसे ज्यादा खर्च ब्याज के भुगतान में कर रहा है।

## सोमालिया में अल-शबाब के हमले में 9 लोगों की मौत

# 20 घायल, सिक्योरिटी फोर्सेस ने 6 घंटे के ऑपरेशन में सारे आतंकी ढ़ेर किए

**मोगादिशु।**
**सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक होटल में आतंकी संगठन अल-शबाब के हमले में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हैं। सुरक्षा बलों ने होटल में 6 घंटे ऑपरेशन चलाकर चरमपंथी हमले को खत्म कर दिया। वहां से 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। इस दौरान 3 सैनिकों को जान गंवानी पड़ी, जबकि सारे हमलावर मारे गए।**




जिस होटल पर्ल बीच पर हमला हुआ वहां सरकारी अधिकारियों को आना-जाना लगा रहता था। अल-शबाब ने होटल को कब्जे में लिया था। सोमालिया के इस चरमपंथी समूह को मोगादिशु में होटलों और दूसरी हाई-प्रोफाइल जगहों पर हमले करने के लिए जाना जाता है।

### मैनें 4 डेड बॉडी देखी, अल्लाह का शुक्र है मैं जिंदा हूं

पर्ल बीच होटल के पास आतंकी हमले के चलते सड़कों पर खून फैला था और होटल की खिड़कियों के शीशे टूटे हुए थे। बीबीसी को एक चश्मदीद हुसैन सद्दाम ने बताया- जब हमला हुआ तो मैं बीच पर बैठ हुआ था।। होटल से लोगों के चीखने की आवाजें आ रही थीं। मैनें चार डेड बॉडीज देखी। 2 औरतों की थी और 2 आदमियों की। अल्लाह का शुक्र है कि मैं जिंदा हूं।

### राष्ट्रपति ने किया था अल-शबाब को उखाड़ फेंकने का वादा

अगस्त 2020 में अल-शबाब ने एक होटल के कब्जे में ले लिया था। इस दौरान 21 लोगों की मौत हुई थी और 117 लोग घायल हो गए थे। 30 घंटों तक चले ऑपरेश के बाद लोगों को बचाया गया था और आतंकियों को ढेर किया था। इस घटना के बाद राष्ट्रपति हसन शेख महमूद ने अल-शबाब को जड़ से उखाड़ फेंकने का वादा किया था। राष्ट्रपकि शेख महमूद ने अल-शबाब को देश का खून पीने वाला खटमल बताया था।

### क्या है अल-शबाब

अल-शबाब एक आतंकी संगठन है। इसका मकसद 2017 में बनी सोमालिया सरकार को जड़ से उखाड़ना है। अल-शबाब का 2006 में बना था। ये सऊदी अरब के वहाबी इस्लाम को मानता है। तब मोगादिशू शहर यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स के कब्जे में था, जो कि शरिया अदालतों का एक संगठन था। 2006 में इथियोपिया की सेना ने इस संगठन को हरा दिया और अल-शबाब का जन्म हुआ। अल-शबाब यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स की ही एक कट्टरपंथी शाखा है।

### एवरेस्ट के प्रवेश द्वार नाम्चे बाजार में 12 डिग्री तापमान, यह पिछले 12 वर्ष में सर्वाधिक

**काठमांडो।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट का प्रवेश द्वार कहे जानेवाले नाम्चे बाजार में पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस साल सबसे गर्म मौसम है। नाम्चे बाजार समुद्र तल से 3400 मीटर की ऊंचाई पर है। यहां पिछले एक सप्ताह से लगातार कड़ी धूप निकल रही है और दैनिक तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह पिछले 12 वर्ष में सर्वाधिक है। स्थानीय लोगों के अनुसार 12 साल पहले भी यहां ऐसे ही तापमान चढ़ा था। नाम्चे बाजार में इन दिनों सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सूरज निकल रहा है, जिससे तापमान दहाई की संख्या को पार कर जा रहा है।

## ब्रिटेन ने स्वीडन में घुसने से रोके रूसी लड़ाकू विमान

# 24 घंटे में 2 बार सुखोई को किया इंटरसेप्ट, फिनलैंड-स्वीडन के एयरक्राफ्ट भी पहुंचे



**लंदन।**
ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स ने 2 रूसी विमानों को स्वीडन में घुसने से रोक दिया। उसने 24 घंटे में 2 बार अपने एयरक्राफ्ट भेजकर रूस के लड़ाकू विमानों को एयरस्पेस के पास इंटरसेप्ट किया।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस के फाइटर जेट्स और स्वीडन के एयरस्पेस के पास उड़ान भर रहे थे। इसमें दुश्मन पर नजर रखने वाले एयरक्राफ्ट और सुखोई-27 फाइटर जेट शामिल थे।

रॉयल एयरफोर्स ने कहा- रूस के विमान अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। इसलिए हमें उनको इंटरसेप्ट करना पड़ा। वो इलाके के फ्लाइट इन्फॉर्मेशन डिपार्टमेंट से भी बातचीत नहीं कर रहे थे। हमें पहले जासूसी वाले विमान और सुखोई के एयरस्पेस के पास होने की सूचना मिली। तब हमने अपने टायफून लड़ाकू विमान को इन्हें रोकने भेजा।

गल्फ ऑफ फिनलैंड और बाल्टिक सागर में सुखोई-30 को रोका आरएएफ ने बताया कि इसके थोड़ी देर बाद रूस के बॉम्बर और सुखोई-30 लड़ाकू विमान गल्फ ऑफ फिनलैंड और बाल्टिक सागर के ऊपर नजर आए। इसके बाद उन्होंने दोबारा अपने जेट्स को उन्हें रोकने भेजा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस के विमानों को रोकने के लिए फिनलैंड, स्वीडन, पुर्तगाल और रोमानिया ने भी अपने एयरक्राफ्ट भेजे थे। मार्च में ब्रिटेन-जर्मनी ने रूसी लड़ाकू विमान को इंटरसेप्ट किया था इससे पहले 3 मई को ब्रिटेन ने रूस के पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट को स्कॉटलैंड के एयरस्पेस से बाहर निकाला था। इसके लिए नॉर्वे ने भी अपना एफ-35 फाइटर जेट भेजा था। वहीं, मार्च में भी ब्रिटेन और जर्मनी ने मिलकर रूस के लड़ाकू विमान को एस्टोनिया के ऊपर एयरस्पेस से बाहर खदेड़ा था। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक बाल्टिक सागर में एस्टोनियाई एयर ट्रैफिक कंट्रोल के साथ संवाद करने में विफल होने के बाद ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स और जर्मन टायफून जेट ने रूसी विमानों को इंटरसेप्ट किया था। रूस ने अमेरिकी ड्रोन को ब्लैक सी में गिराया था इससे 2 दिन पहले ही यूक्रेन बॉर्डर के करीब रूस के सुखोई फाइटर जेट ने अमेरिका के एडवांस्ड रीपर ड्रोन पर हमला किया था। रूस के दो एसयू-27 ने इस रीपर को घेरकर उस पर फ्यूल गिराया था।

# जबरन धर्म परिवर्तन की शिकार हुई लड़की को परिवार के साथ भेजने से कोर्ट का भी इनकार

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम लड़कों से शादी कराए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में एक मामला सिंध प्रांत से सामने आया था, जहां 14 वर्षीय हिंदू लड़की को अगवा कर उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया गया और मुस्लिम व्यक्ति से शादी कर दी गई थी। इस मामले में एक जिला अदालत ने बच्ची को माता-पिता के साथ भेजने से इनकार कर दिया। कहा जा रहा है कि बच्ची अपने माता-पिता के साथ जाना चाहती थी, फिर भी अदालत ने यह फैसला लिया। वहीं न्यायाधीश ने कहा कि बयान देते समय लड़की दबाव में लग रही थी। इसलिए उसे आश्रय गृह में भेजा है। गौरतलब है, दक्षिणी सिंध प्रांत के बेनजीराबाद जिले में दो जून को एक 14 वर्षीय बच्ची का उसके शिक्षक ने अपने सहयोगियों की मदद से अपहरण कर लिया था। यह घटना बच्ची की मां के सामने हुई थी। उसके पिता ने पुलिस में शिकायत दी थी कि बच्ची का बंदूक की नोक पर अपहरण किया गया। बाद में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आई थी, जिसमें लड़की यह




कहते हुए दिखाई दी कि उसने इस्लाम धर्म अपना लिया है और एक मुस्लिम व्यक्ति से शादी कर ली है। हालांकि, बच्ची के माता-पिता का कहना था कि वह नाबालिग है। उससे जबरन ये सब करवाया गया है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल मचा था। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए सख्ती दिखाई और पांच दिन में जिले के एक घर से बच्ची को बरामद कर लिया। बच्ची को लरकाना की जिला अदालत में पेश किया, जहां उसने अपने बयान में न्यायाधीश को बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया था और जबरन धर्म परिवर्तन कराया। बच्ची ने अपने माता-पिता के साथ जाने की इच्छा जताई थी।

# भारत को नाटो देशों वाली टेक्नोलॉजी देगा अमेरिका: इंडो-अमेरिका संबंधों का नया दौर, मोदी की अमेरिका यात्रा में कई समझौते संभव

**वॉशिंगटन।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले दोनों देशों के शीर्ष अधिकारी एक ऐसी कवायद में जुटे हैं, जिस पर 13 महीने से पर्दा है। इनिशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसेट) के तहत यह पहल क्वाड बैठक के दौरान जापान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच मुलाकात के दौरान हुई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जैक सुलीवन के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। 22 जून से शुरू होने वाली मोदी की यात्रा के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। हालांकि, दोनों देशों ने यह खुलासा नहीं किया कि क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में ऐसी कौन सी तकनीक हैं, जिन्हें साझा किया जाएगा।

### भारत को नाटो प्लस का दर्जा देना चाहता है अमेरिका

सूत्र बता रहे हैं कि अमेरिका अब उन डिफेंस, स्पेस और परमाणु तकनीकों का हस्तांतरण और



संयुक्त निर्माण करने के लिए तैयार है, जिन्हें वह नाटो जैसे सामरिक सहयोगियों से ही साझा करता रहा है। इसलिए अमेरिकी संसद की एक समिति ने भारत को नाटो प्लस का दर्जा देने की सिफारिश की है। नाटो प्लस में अमेरिका उन देशों को रखता है, जो किसी सामरिक संधि से नहीं जुड़ना चाहते, बल्कि निष्पक्ष रहते हुए साझीदार बनना चाहते हैं।

### पांचवीं पीढ़ी के सर्विलांस उपकरण, 6जी टेक्नोलॉजी में सहयोग के समझौते अहम

अमेरिका से भारत कुछ अहम टेक्नोलॉजी चाहता है। सुपर कंप्यूटर सर्विलांस के लिए पांचवीं पीढ़ी के उपकरणों की आपूर्ति का रास्ता भी इसी फ्रेमवर्क के तहत खुलेगा।

### इन समझौतों की कवायद

एडवांस्ड सर्विलांस उपकरण, जो समुद्री और जमीनी सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करेंगे। एडवांस्ड एआई, यह तकनीक डिफेंस के अलावा विकास योजनाओं में भी काम आएगी। क्वांटम टेक्नोलॉजी, जो मौजूदा समय में सबसे तेज कंप्यूटिंग और सूचना विस्तार में काम आएगी। रक्षा उद्योग का विकास, अंतरिक्ष उड़ान में सहयोग, नासा में इसरो के प्रोफेशनल्स की ट्रेनिंग। 6जी कम्युनिकेशन में अमेरिका का सहयोग दूरसंचार के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हो सकती है। दोनों एनएसए 12-13 जून को बैठकों में तय करेंगे एजेंडा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और अमेरिकी समकक्ष जैक सुलीवन के बीच 12-13 जून को अहम बैठकें होंगी।

## प्लेन हादसा- 40 दिनों बाद अमेजन जंगल में मिले 4 बच्चे

# इनमें एक साल का बच्चा भी; सेना ने दूध की बोतल और पैरों के निशानों से खोजा

**बोगोटा।**
कोलंबिया के अमेजन के जंगलों में प्लेन क्रैश के 40 दिन बाद 4 बच्चों को जिंदा रेस्क्यू किया गया है। ये सभी भाई-बहन हैं। मिलिट्री जवानों को बच्चे कोलंबिया के कैक्वेटा और गुआवियारे प्रांत की सीमा पर मिले। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस दिन को मैजिकल डे बताया है। इन बच्चों की उम्र 13, 9, 4 और एक साल है। राष्ट्रपति ने मिलिट्री के जवानों के साथ इन बच्चों की तस्वीरें भी शेयर कीं। हादसा 1 मई को हुआ था। इस हादसे में पायलट समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें इन बच्चों की मां भी शामिल थी। हादसे के बाद चारों बच्चे लापता हो गए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलंबिया सरकार और मिलिट्री ने बच्चों के रेस्क्यू के लिए ऑपरेशन होप शुरू किया था। सेसना 206 प्राइवेट प्लेन था और इसमें बच्चों समेत 7 लोग सवार थे।

### जंगल के ऊपर हेलिकॉप्टर से सुनाई थी बच्चों की दादी की आवाज



हादसे के बाद सरकार और मिलिट्री ने होप ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान जंगल से बच्चों का सामान बरामद किया गया था। इसमें कैंची, दूध की बोतल, हेयर-टाई और टेम्पररी शेल्टर शामिल था। इसके अलावा कई जगहों पर बच्चों के पैरों के निशान भी नजर आए थे। सर्चिंग के दौरान मिलिट्री हेलिकॉप्टर से बच्चों की दादी की आवाज में एक रिकॉर्डेड मैसेज भी सुनाया गया था, जिससे बच्चे एक जगह रुक जाएं या कोई सिग्नल दे सकें।

इसके बाद 17 मई को रष्ट्रपति ने ट्वीट कर बच्चों के मिलने की बात कही थी। हालांकि, सर्च ऑपरेशन में जुटी सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। उन्होंने कहा था कि अगर बच्चे किसी को मिले भी हैं तो वो उनकी कस्टडी में नहीं हैं। इसके बाद कोलंबिया में राष्ट्रपति को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। वहां के लोगों ने सरकार पर बच्चों के मिलने की झूठी उम्मीद देने का आरोप लगाया था।

### 16 दिन बाद मिला था प्लेन का मलबा, बच्चे लापता थे

अधिकारियों ने बताया, 1 मई को प्लेन अराराक्वारा से सैन जोस डेल ग्वावियारे जा रहा था। इसी बीच क्रैश हो गया था। हादसे के 16 दिन बाद यानी 16 मई को प्लेन का मलबा मिला था। हमें मलबे में पायलट समेत 3 शव मिले थे। इनमें से एक शव रानोक मुकुटुय नाम की महिला का था। ये ही 4 बच्चों की मां थी। अफसर ने बताया, सैन जोस डेल ग्वावियारे शहर कोलंबिया अमेजन इलाके का मुख्य शहर है। यहां सड़कें काफी कम हैं, इसलिए लोग छोटे प्लेन से आना-जाना करते हैं। सेसना 206 के पायलट ने इंजन में खराबी होने की सूचना दी थी, जिसके कुछ मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था। वहीं, अमेजन के जंगलों में 131 फीट लंबे पेड़ होने की वजह से जवानों को रेस्क्यू एंड सर्च ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही थीं।

### 100 से ज्यादा जवान शामिल थे सर्च ऑपरेशन में

सेना के एक अधिकारी ने बताया था कि रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में 100 से ज्यादा जवान शामिल थे। मिलिट्री के एयरप्लेन्स और हेलिकॉप्टर भी बच्चों की तलाश में जुटे हुए थे। स्निफर डॉग्स की भी मदद ली गई थी। सिविल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक, प्लेन क्रैश होने के बाद बच्चे मदद मांगने के लिए वहां से निकल गए थे। हालांकि, बच्चे इतने दिनों तक कैसे बचे रहे इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

## नौ वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : घनश्याम अरोड़ा

**यमुनानगर ( हिंस )।** यमुनानगर विधानसभा के रविवार को होने वाले भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन की तैयारियों का शनिवार को भाजपा के यमुनानगर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने जायजा लिया। घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि रविवार को यमुनानगर विधानसभा के सिटी पैलेस में होने जा रहे भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन की तैयारियों का उन्होंने जायजा लिया है। अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होने से सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को एक दूसरे के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है व संगठन और ज्यादा मजबूत होता है। संगठन का विस्तार भी होता है। हर नए कार्यकर्ता को वरिष्ठ भाजपा नेता गण से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। भाजपा कार्यकर्ता को आम जनता से संपर्क करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है।

# राजस्थान में महंगाई राहत कैंप के नाम पर लोगों से किया जा रहा है छल : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**अलवर ( हिंस )।** केंद्रीय पीयूष गोयल ने गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में महंगाई राहत शिविर के नाम पर लोगों से सरकार द्वारा छल किया जा रहा है। लोगों को झूठ की रेवड़ियां बांटी जा रही है। लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। चुनाव जब नजदीक है तो लोगों को लाइन में लगाया जा रहा है। पहले भी यह किया जा सकता था और इसकी क्या आवश्यकता है। आज भारत की जनता समझदार हो चुकी है। वह सब जानती है। केंद्रीय मंत्री शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर अलवर पहुंचे। उनके साथ लोकसभा सांसद पूनम महाजन भी मौजूद रही। दोनों ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने मोदी सरकार के 9 साल में किए गए कार्यों को गिनाया। साथ ही मोदी सरकार बनने के बाद विश्व में भारत की स्थिति को अवगत करवाया। इस दौरान सांसद बालकनाथ, विधायक मदन




दिलावर, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उमेद भाया, शहर विधायक संजय शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि चार वर्षों में करोड़ों रुपए जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजस्थान में आए हैं लेकिन मिशन के तहत पानी नहीं आया। केंद्र में हम भ्रष्टाचार पर बात कर रहे हैं। अलवर जिले ने भ्रष्टाचार के मामले कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में नए कीर्तिमान लिखे हैं। अपराध बढ़ रहा है। गौ तस्करी हो रही है। कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाई जा रही है। राजस्थान की जनता त्रस्त है। यहां के लोगों को केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कर्नाटक चुनाव में हुई हार पर उन्होंने कहा कि हर चुनाव अपनी स्थानीय मुद्दों पर ही लड़े जाते हैं। पार्टी की कर्नाटक इकाई उस विषय पर चिंतन कर रही है। मुझे स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है राजस्थान में भाजपा की ऐतिहासिक विजय होने जा रही है। लोकसभा सांसद पूनम महाजन ने मोदी सरकार के 9 साल के कार्यों को गिनाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है। पहले भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर और अब भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो गई है। भारत देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। आज सभी देश भारत के साथ आकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार आमजन की सरकार है। आमजन के हित में मोदी सरकार ने हमेशा महत्वपूर्ण कदम उठाए है।

## रीट पेपर लीक मामला : ईडी ने 27 ठिकानों पर तलाशी लेकर जब्त किए दस्तावेज

**जयपुर ( हिंस )।** रीट पेपर लीक मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने राजस्थान के एक मंत्री के करीबी डॉ. बनय सिंह से पूछताछ की है। उनके घर की तलाशी लेकर कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। रीट पेपर मामले में की गई कार्रवाई को लेकर ईडी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शुक्रवार देर शाम ट्वीट किया। इस ट्वीट में राजस्थान में की गई कार्रवाई के बारे में बताया गया। ईडी के अनुसार राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, डूंगरपुर, बाड़मेर, सीकर और जालोर में 27 स्थानों पर विभिन्न लोगों के आवासीय परिसरों में तलाशी अभियान चलाया गया। राजस्थान में ईडी की टीम ने पिछले करीब दो सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं। सूत्रों के अनुसार पेपर लीक मामले में ईडी ने आरपीएससी से जुड़े लोगों सहित कुल 23 लोगों को नोटिस जारी किया था। इनसे जब्त डॉक्यूमेंट के आधार पर पूछताछ की जा रही है। इससे पहले ईडी ने पेपर लीक मामले में उदयपुर जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ की थी। इसके बाद राजस्थान में अपनी जांच का दायरा ब ?ाया था। इसी कड़ी में रीट पेपर लीक मामले में डॉ. बनय सिंह से भी पूछताछ की गई है। गुरुवार-शुक्रवार को करीब 15 घंटे पूछताछ की गई। ये जानकारी भी सामने आई है कि जगतपुरा स्थित डॉ. बनय सिंह के घर की तलाशी ली गई। सर्च कर घर से कुछ दस्तावेजों को ईडी टीम अपने साथ लेकर गई है। ईडी टीम अब डॉ. बनय सिंह से दिल्ली में भी पूछताछ करेगी। ईडी की पूछताछ में डॉ. बनय सिंह ने क्या बताया है, फिलहाल जानकारी नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है डॉ. बनय सिंह राजीव गांधी स्टडी सर्किल के स्टेट कोऑर्डिनेटर हैं। राजीव गांधी स्टडी सर्किल को लेकर भी लगातार पेपर लीक मामले और भर्ती परीक्षाओं में धांधली के आरोप लगते रहे हैं।

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान, चार घायल

**फतेहाबाद ( हिंस )।** जिले के गांव हंसेवाला में शनिवार सुबह बिजली चोरी पकड़ने गई बिजली निगम की टीम पर कुछ ग्रामीणों द्वारा हमला करने का समाचार है। इस हमले में उकलाना बिजली निगम के जूनियन इंजीनियर और विजिलेंस टीम के हेड कांस्टेबल सहित चार कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए टोहाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच और जांच शुरू कर दी है। घायल जेई बलबीर सिंह ने बताया कि बिजली चोरी पकड़ने को लेकर समय-समय पर चैकिंग की जाती है। आज भी उनकी टीम जिसमें एएलएम संदीप कुमार, भूप सिंह व विजिलेंस हिसार के कांस्टेबल सुनील कुमार टोहाना के गांव हंसेवाला क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़ने गए थे। सुबह करीब छह बजे जब वे अमृत व चरण सिंह की ढाणी में पहुंचे और चैकिंग की तो वहां कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान अमृत ने आसपास के लोगों को बुला लिया और उन पर लाठी-डंडों, रॉड व गंडासियों से हमला कर दिया। सिर में गंडासी लगने से एएलएम संदीप घायल हो गया। हमले से घबराए टीम सदस्यों ने खेतों में भागकर अपनी जान बचाई। घायल संदीप ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उन्हें जातिसूचक गालियां भी दी हैं। उपचाराधीन हेड कांस्टेबल सुनील ने बताया कि 3 ढाणियों में चैकिंग की जा रही थी। 2 ढाणियों के बाद वे तीसरी ढाणी में पहुंचे तो वहां बिजली चोरी पकड़ ली और जाने लगे तो अमृत के भाई ने टीम के भूप सिंह पर हमला बोल दिया। उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो वहां काफी लोग इक्कठे हो गए और उसे नकली पुलिस वाला बताकर उस पर रॉड, डंडे से हमला कर दिया। वहां से उन्होंने भाग कर जान बचाई और रास्ते में बाइक को रुकवाकर टोहाना पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर हंसेवाला के ग्रामीणों का कहना है कि ढाणी में कोई बिजली चोरी नहीं की जा रही थी। सुबह अचानक पांच बजे कुछ लोग उनके घर में घुस आए और वीडियो बनाने लगे। बिना नोटिस घर में घुसने पर उन्हें नहीं पता था कि कोई चैकिंग टीम है या चोर हैं।

## चिट फंड कंपनियां नहीं कर सकेंगी फ्रॉड, दस साल की होगी कैद

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में चिट फंड कंपनियां अब फ्रॉड नहीं कर सकेंगी। सरकार ने चिट फंड कंपनियों के माध्यम से फ्रॉड करने वालों के लिए नया कानून बनाते हुए दस साल की सजा का प्रावधान किया है। शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। पंजाब सरकार राज्य में हुए हजारों करोड़ के पर्ल ग्रुप घोटाले की जांच पहले ही विजिलेंस ब्यूरो को सौंप चुकी है। इसके अलावा कई अन्य चिट फंड कंपनियों के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब में चिट फंड कंपनियों से बहुत लोग ठगे गए हैं। उन्होंने पर्ल कंपनी का जिक्र किया। ऐसी चिट फंड कंपनियों के लिए एक्ट में 10 साल तक की सख्त सजा का प्रावधान किए जाने बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी कंपनियों के प्रबंधक/जिम्मेदार को सजा दिलाने के लिए मामला विधानसभा में लाया



जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लावारिस पशुओं के कारण खेतों व सड़कों पर खासा नुकसान हो रहा है। आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हर साल लोगों की जानें जा रही हैं। अब खेतों में होने वाले नुकसान तथा सड़कों पर होने वाले हादसों से निजात दिलाने के लिए सरकार बहुत जल्द नई पॉलिसी बनाने जा रही है। आज की बैठक में नई पॉलिसी के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान शनिवार को मानसा में विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई गई। जहां मंत्री से लेकर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। लोग अपनी समस्याएं लेकर स्टॉल पर आते रहे और अधिकारी उन्हें मौके पर ही निपटाते रहे। गावों से आए हुए लोग इस बात को लेकर खुश थे कि उन्हें एक ही छत तले अधिकारी, कर्मचारी व मंत्री मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार की पूरी कोशिश रहेगी कि जिन किन्हीं भी लोगों के लंबे समय से कोई काम लंबित पड़े हैं, उन्हें आज ही पूरा कर दिया जाए। यदि किसी कागज की कमी होगी तो जिले के उपायुक्त द्वारा आवेदनकर्ता को सूचित कर फाइल बाद में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पंजाब के लोगों को दूर-दराज चंडीगढ़ जाने की बड़ी परेशानी से राहत मिलेगी।

## त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव एक दिवसीय दौरे पर आज आएंगे फतेहाबाद

**फतेहाबाद ( हिंस )।** केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की ओर से महा जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव रविवार को फतेहाबाद जिले में एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा पदाधिकारियों के साथ गांव धांगड़ के राजकीय स्कूल में आयोजित होने वाले संयुक्त मोर्चा के कार्यक्रम के लिए व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे।

## एटीएम में कैश जमा करने वाली कंपनी में घुसे लुटेरे, सात करोड़ लूटकर हुए फरार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के लुधियाना में एटीएम में कैश जमा करने वाली एक कंपनी से सात करोड़ रुपए की लूट हुई है। लुटेरों ने कंपनी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर यह लूटपाट की है। लुटेरों की संख्या करीब दस बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस का दावा है कि घटना में कोई कर्मचारी लिप्त हो सकता है। जानकारी के अनुसार लुधियाना के राजगुरू नगर में एटीएम में कैश जमा करने वाली सिक्योरिटी कंपनी सीएमएस का कार्यालय है। बीती रात करीब डेढ़ बजे लुटेरों ने यहां धावा बोला और कंपनी में मौजूद पांच सुरक्षा कर्मियों को बंधक बना लिया। इसके बाद चार करोड़ कैश लूटी और ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ी




लेकर फरार हो गए। इस गाड़ी में भी तीन करोड़ से अधिक कैश था। इसके साथ लुटेरे सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक लुटेरे करीब ढाई घंटे तक लूटपाट करते रहे। उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड्स के मोबाइल भी तोड़ दिए। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके जांच शुरू की। पुलिस को निकटवर्ती कस्बा मुल्लांपुर से गाड़ी और उसमें से दो पिस्टल बरामद हुए हैं। गाड़ी से कैश गायब था। बताया जा रहा है कि कंपनी में 2 बदमाश ऑफिस में पिछले गेट से घुसे थे, जबकि 8 बदमाश फ्रंट गेट से अंदर घुसे। इनके पास पिस्टल के साथ तेजधार हथियार भी थे। इनमें एक महिला के होने का भी शक है। सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि लुटेरों में एक आवाज महिला जैसी आई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि लुटेरे कंपनी के ऑफिस से पूरी तरह से परिचित थे। इसीलिए उन्होंने यहां आकर सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए। इसके अलावा सेंसर की तारें भी काट दी, ताकि उनके अंदर घुसने पर कोई अलार्म वगैरह न बजे। इसी वजह से इसका किसी को पता नहीं चला। इस मामले पुलिस ने कैश कंपनी पर भी सवाल खड़े किए हैं। पुलिस का कहना है कि अगर रात दो बजे लूट हुई तो फिर इसकी सूचना सुबह सात बजे क्यों दी गई। हालांकि इस मामले में अभी तक कंपनी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर मनदीप सिद्धू ने कहा कि कंपनी के ऑफिस में 15-16 कैश वैन खड़ी रहती हैं। कंपनी ऑफिस में बनी चेस्ट में कैश रखा जाता है, लेकिन बीते कल कैश बाहर बॉक्स में ही रखा था। करीब रात डेढ़ बजे लुटेरे कंपनी में घुसे। पुलिस को इसकी जानकारी सुबह सात बजे दी गई। उन्होंने कहा कि कंपनी में 5 सिक्योरिटी गार्ड थे, जिसमें 2 के पास हथियार थे, लेकिन वह बंधक बनाने पर कोई रिएक्ट नहीं कर पाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब में पक्के होंगे 14 हजार अध्यापक, मंत्रिमंडल की बैठक में हुआ फैसला



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने राज्य के 14 हजार से अधिक कच्चे अध्यापकों को पक्का करने का फैसला किया है। शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इस बार मंत्रिमंडल की बैठक मानसा जिले में की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि 14 हजार 239 टीचरों को नियमित किया जा रहा है। मान ने कहा कि जो 7092 टीचर 10 साल या इससे अधिक समय तक नौकरी कर चुके हैं, उन्हें नियमित किया जाएगा। जिन 6437 टीचरों की सर्विस में ब्रेक आने से वह 10 साल पूरे नहीं कर सके। ऐसे अध्यापकों के सर्विस ब्रेक को भी पंजाब सरकार ने उनके सर्विस काल में गिनने का फैसला किया है। ऐसे में पड़ाव में नौकरी की शर्त हटाकर रेगुलर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि टीचरों के पे-स्केल, पेड छुट्टी व मैटरनिटी लीव और हर साल सैलरी में बढ़ौतरी का मामला विधानसभा में लाया जाएगा। विधानसभा में मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। पंजाब सरकार द्वारा हाउस जॉब के लिए कुल 435 पदों पर एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। डॉक्टर और नर्स मिलाकर कुल 1880 पदों पर भर्ती की जाएगी।

## सरकार से होगी आर-पार की लड़ाई : सुभाष गुर्जर



**यमुनानगर ( हिंस )।** किसानों पर लाठीचार्ज और किसान के मान-सम्मान को लेकर सरकार से आर-पार की लड़ाई होगी। इसे लेकर 12 जून को पिपली में ऐतिहासिक किसान महापंचायत होगी। यह कहना है भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर का। वे शनिवार को अपने निवास पर यमुनानगर कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुभाष गुर्जर ने कहा कि 6 जून को सूरजमुखी की फसल पर एमएसपी मांगने पर सरकार ने किसानों पर बर्बरता पूर्वक लाठियां बरसाईं, जिसे लेकर पूरे देश में निंदा की गई। उसी को लेकर 12 जून को पिपली की अनाज मंडी में एक किसान महापंचायत होने जा रही है, जिसमें लाखों किसान इकट्ठे होंगे और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सहित संयुक्त किसान मोर्चा के नेता शामिल होंगे। गुर्जर ने कहा कि लाठियां बरसाकर किसान नेताओं को जेल में डाल दिया गया है। इसकी हम कड़ी निंदा करते है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जिस सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया वह दोबारा सत्ता में वापिस नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसान और मजदूर को बिलकुल बर्बाद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि 12 जून को संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कड़ा फैसला लेकर सरकार से आर-पार की लड़ाई करेंगे। 2024 में किसानों पर लाठीचार्ज के गंभीर परिणाम सरकार को भुगतने होंगे। इस मौके पर जयपाल चंमरोडी संरक्षक, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप नगला सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सरकार जिद से नहीं-प्यार से चलती है : खाचरियावास

**जयपुर ( हिंस )।** खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे। जयपुर में एसपी चाहे कितनी लगा दें, लेकिन जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण नहीं होगा। जयपुर के टुकड़े करने को लेकर कैबिनेट में कोई चर्चा नहीं हुई। अफसर जयपुर के दो टुकड़े करने का फैसला कैसे कर सकते हैं। सरकार जिद से नहीं चलती, सरकार प्यार से चलती है। सरकार के एक हिस्से ने जब कह दिया कि जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे तो मान लेना चाहिए। खाचरियावास शनिवार को जयपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा कैबिनेट में डिस्कस नहीं हुआ। नहीं तो जयपुर उत्तर और दक्षिण के लिए क्या मैं हां कर देता? मैं उसी समय विरोध दर्ज करवाता। यह फैसला होने ही नहीं देता। सरकार ने कर भी दिया तो अब ठीक हो जाएगा। सरकार हमेशा जिद से नहीं चलती है। सरकार प्यार और प्रेम से चलती है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है तो सुधार हो जाएगा। खाचरियावास ने कहा कि सरकार



के एक हिस्से ने कह दिया कि जयपुर जयपुर ही रहेगा। इसमें सब बात आ गई है। अब ग्रामीण में दो जिले बने हैं दूदू और कोटपुतली। अगर उन जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के इलाके को जाना है तो चले जाएं। हालत यह है कि लालचंद कटारिया से बात हुई है। कटारिया इस बात से नाराज है कि जोबनेर को दूदू में मिलाया जा रहा है। वहां के लोग विरोध कर रहे हैं। नाराज होना उनका हक है। कटारिया साथी मंत्री है, जोबनेर की जनता अगर दूदू में नहीं जाना चाहती तो उनका हक है। विधानसभा में मार्च में नए जिलों की घोषणा के समय से ही जयपुर उत्तर और दक्षिण में बांटने का

## पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र 19 से

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र 19 जून से बुलाया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में सत्र बुलाए जाने को लेकर मंजूरी प्रदान की गई है। मान ने कहा कि 19-20 जून को पंजाब विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाया गया है। इस सेशन में कैबिनेट के सभी फैसलों को लाया जाएगा। जो टेबल एजेंडे लाए जाएंगे, विधानसभा में मौके पर ही मंजूरी देकर उन पर भी चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का मानसून सेशन इसके बाद बुलाया जाएगा। इस सत्र के दौरान पंजाब सरकार केंद्र के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण विकास की ग्रांट जारी नहीं किए जाने को लेकर पंजाब सरकार पहले ही केंद्र को घेरने का ऐलान कर चुकी है।

## गुलाबी शहर में आकर गुलाबी हो गई हूं : मलाइका अरोड़ा

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर स्थित द पैलेस होटल में बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी और ग्लैमर क्वीन मलाइका अरोड़ा की मौजूदगी में माइंड ब्लोइंग फिल्म प्रमोशन्स की ओर से लोकप्रिय फैशन शो एवं ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम मिस एंड मिसेज एल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान एवं नेशनल डायनॉमिक अवॉर्डस सीजन 2 का आयोजन किया गया। मलाइका ने कहा कि आप ने गुलाबी शहर में बुलाया इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। मैं भी यहां आकर गुलाबी हो गई हूं। नेशनल डायनमिक अवॉर्ड्स के विजेताओं को मेरी ओर से बधाई। फैंस की ओर से जो भी प्यार मिलता है वही हमारी ताकत होता है। सुनील शेट्टी ने कहा कि जयपुर बहुत अच्छी जगह है और यहां का खाना बहुत अच्छा है। उन्होंने आगे कहा कि ओटीटी पर अच्छा टेलेंट आ रहा है। ग्लैमर और फैशन से भरपूर इस कार्यक्रम



में जाने-माने बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी, बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन मलाइका अरोडा के साथ ही एक्टर विशाल कोटियान, फिल्म डायरेक्टर अमन प्रजापत और एक्टर योगीराज ने शिरकत की। ग्लैमरस ब्यूटी पेजेंट में 10 से ज्यादा खूबसूरत मॉडल्स ने हिस्सा लिया और लेटेस्ट फैशन वियर में अपनी खूबसूरती का प्रदर्शन किया साथ ही जजेज के सवालों के बेहद चतुराई से जवाब भी दिए। शो के मुख्य अतिथि राज खान, फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के हेड जगदीश चन्द्रा, व्यवसायी और समाजसेवी जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल, जुगल अग्रवाल रहे। मिस एल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान सीजन-2 की विजेता पारुल शर्मा रही। फर्स्ट रनर अप सानिया अब्बासी और सेकेंड रनर अप लवीना चोइथरमानी रहीं। इसी प्रकार मिसेज एल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान सीजन-2 की विजेता वर्षा गुर्जर रही और फर्स्ट रनरअप रितु शर्मा और सेकेंड रनर अप सुमित्रा मीना रहीं। ब्यूटी पेजेंट के साथ ही नेशनल डायनामिक अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन भी किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों - जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल, कृपा राम गहलोत, जुगल अग्रवाल, राजेश सैनी, आदि को नेशनल डायनॉमिक अवार्ड दिए गए। शो के आयोजक जालौर जिले के भीनमाल जैसे छोटे से गांव से निकलकर बॉलीवुड में बतौर फिल्म प्रोड्यूसर अपनी पहचान बनाने वाले और मांइड ब्लोइंग स्टूडियो के प्रमोटर अनिल कुंदनमल जी जैन, मांइड ब्लोईंग स्टूडियो के डायरेक्टर सौरभ प्रजापत और खुश अनिल जैन ने बताया कि यह शो राजस्थान के टेलेंटेंड लोगों को प्रमोट करने के लिए आयोजित किया गया। अनिल जैन वर्तमान में बॉलीवुड फिल्में और म्यूजिक एल्बम भी बना रहे हैं।

# अली अब्बास बनाएंगे सबसे बड़ी एक्शन फिल्म

## -सलमान और शाहरुख हो सकते हैं एक साथ



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म निमार्ता अली अब्बास बड़े मियाँ छोटे मियाँ के बाद एक और एक्शन फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म भारत की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इसको लेकर दो सुपर सितारे सलमान खान और शाहरुख खान बात भी शुरू हो चुकी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अली अब्बास जफर बीएमसीएम के बाद एक बड़े लेवल की एक्शन-ड्रामा फिल्म बनाने वाले हैं। अली ने इसकी लिखाई का काम शुरू कर दिया है। वो इसे बहुत बड़े बजट पर बनाना चाहते हैं। ऐसे एक्शन सीक्वेंस और स्टंट्स के साथ, जो आज तक किसी इंडियन फिल्म में नहीं देखे गए। बड़े मियां छोटे मियां के बाद उनका ब्रेक लेने का कोई प्लान नहीं है। अली उससे फारिग होने के फौरन बाद इसी फिल्म पर जुटेंगे। इसके लिए उन्होंने सुपरस्टार से बात की है। मगर उनका नाम अभी छुपाकर रखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि ये सुपरस्टार सलमान खान हो सकते हैं, क्योंकि अली और सलमान सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत जैसी फिल्मों पर साथ कर चुके हैं। ये तीनों ही फिल्में सफल रही हैं। भारत शायद वो आखिरी कायदे की फिल्म थी, जिसमें सलमान नजर आए। उसके बाद से उनकी हालत भी खराब चल रही है। मगर किसी का भाई किसी की जान की असफलता ने सलमान को रिएलिटी चेक दिया है। उन्होंने फिलहाल के लिए अपनी सभी फिल्मों का काम रोक दिया है। टाइगर 3 पूरी हो चुकी है। टाइगर -3 के बाद सलमान खान कौन सी फिल्म शुरू करें यही सलमान खान का चिंतन है। उनके पास अभी तीन-चार फिल्में हैं। मगर वो जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहते। सूरज बड़जात्या के साथ वो एक फिल्म करने वाले हैं।

इसके अलावा करण जौहर ने भी उन्हें एक फिल्म ऑफर की है। इसके अलावा साजिद नाडियाडवाला के साथ किक 2 पर भी काम चल रहा है। बाकी टाइगर वर्सज पठान तो है ही। इस सब के बीच अली अब्बास जफर वाली फिल्म भी शामिल हो सकती है, इस्की सम्भावनाएँ भी बन सकती हैं हालांकि आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं है।वहीं दूसरी ओर पठान की सफलता के बाद शाहरुख खान ने भी साफ कर दिया है कि वो अगले कुछ समय तक सिर्फ एक्शन फिल्में करना चाहते हैं। जवान, डंकी और टाइगर वर्सज पठान के अलावा उन्होंने भी कोई फिल्म फाइनल नहीं की है। ऐसे में यह संभव है कि अली की फिल्म के लिए जिस सुपरस्टार की बात हो रही है, वो शाहरुख खान हों। मगर अभी कुछ भी तय नहीं है। यह तो आने वाला समय बताएगा कि अली अब्बास जफर को किस सितारे की तारीखें पहले उपलब्ध होती हैं। हो सकता है यह दोनों सितारे उनके साथ फिट नहीं बैठे और फिल्म बॉलीवुड के तीसरे सितारे ऋतिक रोशन की झोली में जाकर गिरे। बता दें कि अली अब्बास इन दिनों दो फिल्मों को लेकर खासे चचाओं में हैं। एक है शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी और दूसरी है अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियाँ छोटे मियाँ। यह दोनों फिल्में अब प्रदर्शन की राह पर हैं।

# रानी मुखर्जी को अभिषेक के फोन से आया मैसेज

## - मैसेज देख हैरान हो गई थीं रानी मुखर्जी





**मुंबई (ईएमएस)।** कभी-कभी मोबाइल के जरिए कुछ ऐसी पर्सनल बातें भी सामने आ जाती हैं, जिन्हें जानकर फैंस सरप्राइज हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही वाक्या बालीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी के बीच हुआ। रानी मुखर्जी को अभिषेक बच्चन के फोन से एक ऐसा मैसेज आया, जिससे वह भी आश्चर्य में पड़ गईं। हालांकि, बाद में इस बात का खुलासा हुआ कि यह मैसेज अभिषेक बच्चन के फोन से किसी और ने भेजा था। आज हम आपको इसी एक अजीबो-गरीब मैसेज की कहानी सुनाएंगे।अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की जोड़ी को लोगों ने ऑन स्क्रीन खासा पसंद किया। फिल्म बंटी और बबली से तो इस जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल ही मचा दिया। इसी दौरान अभिषेक और रानी मुखर्जी के अफेयर की खबरें भी सामने आने लगीं। यहां तक की यह भी कहा जाने लगा कि दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, लेकिन फिर अचानक यह रिश्ता टूट गया। इन दोनों के रिश्ते के बीच एक ऐसा वाक्या हुआ, जिसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। दरअसल, एक दिन रानी मुखर्जी के फोन पर अभिषेक बच्चन का मैसेज आया। उसमें लिखा था आई मिस यू। इसे देखकर रानी काफी हैरान हो गईं। अभिषेक के नंबर से उन्हें मैसेज में गया था, मुझे तुम्हारी याद आती है, तुम कहां हो। अभिषेक की तरफ से मैसेज जा चुका था, लेकिन जैसे ही उन्होंने ये देखा तो हैरान हो गईं और दो मिनट के लिए तो सोच में पड़ गईं। रानी मुखर्जी ने इस मैसेज का रिप्लाई भी किया। उन्होंने लिखा, एबी तुम्हें क्या हो गया है? क्या तुम्हारे साथ कुछ गलत हुआ है? ये एक प्रैंक था, जो बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा प्रियंका चोपड़ा ने किया था। इसका खुलासा खुद उन्होंने सिमी ग्रेवाल शो में किया था। प्रियंका ने शो में बताया कि एक बार मैंने अभिषेक का फोन चोरी कर लिया था और उसके बाद उस फोन से रानी मुखर्जी को मैसेज भेज दिया। अभिषेक को तो कुछ पता ही नहीं था, लेकिन रानी मैसेज पढ़कर परेशान हो गई थीं। दरअसल, उस समय अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी काफी क्लोज थे। ऐसे में प्रियंका चोपड़ा ने उन दोनों के साथ एक मजाक करने की कोशिश की। बाद में प्रियंका के शरारत के बारे में दोनों को पता चल गया। दोनों की लव अफेयर्स के चर्चे तब खूब हुए, लेकिन समय के साथ रानी और अभिषेक के बीच बाद में दूरियां बढ़ गई और अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय से शादी कर ली। बता दें कि बॉलीवुड के सुपरस्टार हों या उनके फैंस, मोबाइल सभी के दिलों के राज खोल देता है। सोशल मीडिया पर बॉलीवुड के सुपरस्टार मोबाइल के जरिए ही एक्टिव भी रहते हैं।

# पिता पंकज कपूर की वजह से हीरो बनना चाहते थे शाहिद



बालीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा है कि मेरे पिता पंकज कपूर हैं। सच तो यह है कि मैं अपने पिता की वजह से हीरो बनना चाहता था। मैं अक्सर सोचता था कि क्या वह अभिनेता बनने की मेरी पसंद के लिए मुझे जज करेंगे। माता-पिता जो करते हैं उससे हर कोई प्रभावित होता है। शाहिद ने कहा कि उनकी मां नीलिमा अजीम एक शानदार नर्तकी और अभिनेत्री हैं, जबकि उनके पिता एक अभिनेता के रूप में एक दिग्गज हैं। अभिनेता ने कहा- मेरे पिता मदद करते थे, लेकिन कई बार ऐसा भी होता था कि वह मेरे अभिनय वाली किसी फिल्म या मेरे द्वारा किए गए काम से बहुत खुश नहीं होते थे।

अभिनेता ने कहा, मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक लोग मेरी फिल्मों को देखें। मैं चाहता हूं कि वे सबके लिए सुलभ हों। शाहिद कपूर अगली बार स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट ब्लडी डैडी में दिखाई देंगे।

# वेदांता महाजन को डेट कर रही हैं न्यासा देवगन



अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। अक्सर न्यासा की दोस्तों के साथ पार्टी करते हुए तस्वीरें वायरल होती हैं। कुछ दिन पहले भी ऐसी ही एक फोटो वायरल हुई थी और उसके बाद वेदांत महाजन का नाम चर्चा में आया। वेदांत महाजन को न्यासा देवगन का बॉयफ्रेंड बताया जा रहा है। दोनों ने अभी तक इस पर कोई कमेंट नहीं किया है।

**कौन हैं न्यासा के कथित बॉयफ्रेंड वेदांत महाजन -** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 25 वर्षीय उद्यमी वेदांत महाजन अपने दोस्तों माणक ढींगरा और मोहित रावल के साथ इवेंट मैनेजमेंट कंपनी एमवीएम एंटरटेनमेंट के सह-मालिक हैं। तीनों मुंबई, दिल्ली और लंदन में भव्य क्लब पार्टियों का आयोजन करते हैं, जिसमें जान्हवी कपूर, अहान शेट्टी, महिका रामपाल, आर्यन खान और न्यासा देवगन सहित स्टार किड्स शामिल होते हैं। वेदांता और उनके दो दोस्तों ने अपने स्कूल के दोस्तों के लिए 2014 से 2016 तक लगातार तीन साल तक अपनी टैरेस पर नए साल की पार्टियों का आयोजन किया। उनकी पार्टी में 500 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। उसके बाद मुंबई में नाइट क्लबों और होटलों द्वारा पार्टियों के आयोजन के लिए उनसे संपर्क किया गया। तब से वह बड़ी बजट पार्टियों की मेजबानी कर रहे हैं। वेदांत अब तक कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज के साथ तस्वीरें शेयर कर चुके है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यासा के साथ उनकी कई तस्वीरें देखी जा सकती हैं। हाल ही में हुई एक पार्टी की तस्वीरों के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि न्यासा और वेदांत एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। 2019 में, वेदांत उद्यमिता में मास्टर्स करने के लिए यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन गए और वहां दक्षिण एशियाई छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित करना शुरू किया। लेकिन कोरोना में सबकुछ रुक गया, जिसके बाद उन्होंने लंदन में नाइट क्लबों के लिए पार्टियां आयोजित करना शुरू कर दिया। रणवीर सिंह, कनिका कपूर, इमरान खान, डिवाइन, तेशर, ऋत्विज, गैरी संधू और रेमन रोचेस्टर जैसी कई हस्तियों ने उनके कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी है। वेदांत महाजन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "इंटरनेट पर आप जो तीन घंटे का कार्यक्रम देखते हैं वह बहुत आकर्षक है। लेकिन बहुत कम लोगों को हमारे काम और तनाव का अंदाजा होता है। उन तीन घंटों के लिए कभी-कभी हमें एक हफ्ते की तैयारी करनी पड़ती है, तो कभी-कभी एक महीने की तैयारी करनी पड़ती है। इसके बावजूद कार्यक्रम ठीक से चलेगा या नहीं इस्को लेकर तनाव बना हुआ रहता है। वेदांत ने कहा, "रोशनी से लेकर संगीत तक, कर्मचारियों और गेस्ट के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए मैं जिम्मेदार हूं, इसलिए काम बहुत तनावपूर्ण है।"

# बाक्स आफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है 3 फिल्में

**-सुपरहिट होने से कोई नहीं रोक पाएगा!**

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म द केरल स्टोरी तथा द कश्मीर फाइल्स की तर्ज पर बनी तीन और फिल्में बाक्स आफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है। संजय पूरन सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म 72 हुरे 7 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उम्मीद जताई जा रही है कि द कश्मीर फाइल्स और द केरल स्टोरी की तरह यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस सुपरहिट साबित होंगी। यह फिल्म इस बात का पता लगाएगी कि आतंकवाद के घातक रास्ते पर जाने के लिए युवाओं को कैसे बरगलाया जाता है और उनका ब्रेनवॉश किया जाता है। फिल्म में पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर मुख्य भूमिका में हैं। द केरल स्टोरी के बाद अब फिल्म 72 हूरें विवादों में घिरती नजर आ रही है। जब से इस फिल्म का टीजर सामने आया है तब से ही इस्का विरोध होना शुरू हो गया है। इस साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्म अजमेर 92 साल 1992 के अजमेर रेप मामले पर आधारित है। यह पुष्पेंद्र सिंह द्वारा निर्देशित और सूरज पाल रजक, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और पुष्पेंद्र सिंह द्वारा लिखित है। वहीं, कई इस्लामी संगठनों ने यह आरोप लगाते हुए फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है कि यह समाज में दरार पैदा करेगी और उनका मानना है कि यह फिल्म दरगाह अजमेर शरीफ को बदनाम करने के उद्देश्य से बनाई गई है।

द केरल स्टोरी के बाद अब अजमेर 92 पर विवाद गहराता जा रहा है। द डायरी ऑफ वेस्ट बंगालः द केरल स्टोरीज को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत अभी शांत भी नहीं हुई थी कि अब वहां पर एक और हिंदी फिल्म पर बवाल मचने के संकेत मिले हैं। दरअसल, अब पश्चिम बंगाल पुलिस के निशाने पर फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्देशक सनोज मिश्रा आ गए हैं। बंगाल पुलिस ने निर्देशक पर राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एक नोटिस जारी किया है। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर सुदिप्तो सेन द्वारा निर्देशित फिल्म द केरल स्टोरी अपने रिलीज के पहले दिन से ही छाई हुई है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई जारी है और उम्मीद जताई जा रही है कि ये जल्द ही 300 करोड़ के क्लब में शामिल हो सकती है।आपको ये जानकर हैरानी होगी कि महज 15 से 20 करोड़ में बनकर तैयार हुई फिल्म द केरल स्टोरी अब तक बॉक्स ऑफिस पर 287.79 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। दरअसल, इस फिल्म को लेकर काफी विवाद भी हुए और यही वजह थी इस फिल्म को अच्छा खासा फायदा हुआ।

# एक्ट्रेस काइली जेनर की लेटेस्ट तत्वीरें मचा रही धमाल



मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब धमाल मचा रही हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में काइली जेनर बेहद हॉट लग रही हैं। ग्रे ट्यूब टॉप के साथ एक्ट्रेस ने ब्लैक पैंट पहनी है। इस ड्रेस-अप में वह अपना किलर फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं और हाथ में फोन लेकर कातिलाना अंदाज में फोटोज ले रही रही हैं। काइली की ये तस्वीरें वाकई में बेहद हॉट हैं और फैंस उनका ये अंदाज देख मदहोश हो रहे हैं। वह कमेंट कर एक्ट्रेस के लुक की तारीफ कर रहे हैं। बता दें काइली सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 393 मिलियन फॉलोवर्स हैं। काइली जेनर अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। वह सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर तहलका मचाती रहती हैं।

# 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म ओह माय गॉड 2, भगवान शिव के गेटअप में होंगे अक्षय




मुंबई(ईएमएस)। बालिबुड अभिनेता अक्षय कुमार की सुपरहिट फिल्म ओह माय गॉड फिल्म की सीक्वल ओह माय गॉड 2 अब सिनेमाघरों में होगी। अक्षय ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है साथ ही ओह माय गॉड की रिलीज डेट का भी एलान किया है। फिल्म में उनके साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी हैं। ओह माय गॉड की सफलता के 11 साल बाद अक्षय कुमार अपनी सोशल कॉमेडी ओह माय गॉड 2 के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। पोस्ट शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा- आ रहे हैं हम, आप भी 11 अगस्त को सिनेमाघरों में आइएगा, पोस्ट में अक्षय कुमार, भगवान शिव के गेटअप में नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि अक्षय कुमार की ये फिल्म ओटीटी के माध्यम से लोगों कर पहुंचेगी। अब क्लियर हो गया है कि ये सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं और यह भारत में यौन शिक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ है। इसका निर्देशन अमित राय ने किया है, जिसमें निमार्ता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो है। पिछले दिनों अक्षय कुमार ने ओह माय गॉड 2 के बारे में बात की थी और इसे भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने शानदार अभिनय करियर की बेस्ट फिल्मों में से एक बताया था। ओह माय गॉड 2 जैसी पसंदीदा चीज की फ्रेंचाइजी स्पिन करना एक जिम्मेदारी है और टीम दर्शकों की सभी अपेक्षाओं से अच्छी तरह वाकिफ है। इस समय परदे के पीछे से रिलीज की योजना पर काम किया जा रहा है।

# फिल्म 'आई लव यू' के एक सीन के लिए, 14 घंटे तक पानी में रही रकुल प्रीत सिंह



अपनी आने वाली फिल्म 'आई लव यू' के लिए, रकुल प्रीत सिंह को फिल्म के एक दृश्य के लिए 2 मिनट 30 सेकंड के लिए पानी के अंदर रहने की आवश्यकता थी और उस दृश्य के लिए अभिनेत्री ने जो तैयारी की वह आपके होश उड़ा देगी! रकुल कहती है कि, फिल्म में कहानी की भावनाओं को गहराई से समझने के लिए मुझे एक खास तरह के सोच की जरूरत थी। और इससे सही मायने में जुड़ने के लिए मैंने एक महीने की कड़ी तैयारी भी की। अंडरवाटर सीक्वेंस के लिए जहान एडेनवाला इंस्ट्रक्टर थे, जिन्होंने मुझे दो मिनट 30 सेकंड के लिए पानी के अंदर ज्यादा से ज्यादा वक्त रहने के लिए प्रशिक्षित किया, मैंने एक महीने तक हर रोज प्रैक्टिस की है। वह आगे कहती हैं, "अंडरवाटर सीक्वेंस को शूट करने की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मैं दोपहर 2 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक पानी में थी और मैं पूरे दिन गीली थी और पानी बहुत ठंडा था। वे हर शॉट के बाद मेरे ऊपर गर्म पानी डाल रहे थे ताकि मेरा शरीर ज्यादा ठंडा न हो जाए। बेशक, पानी में क्लोरीन की वजह से आपकी आंखों में जलन हो रही है और यह भी एक चुनौती है लेकिन मैंने वास्तव में इस चुनौती का आनंद लिया क्योंकि इससे मुझे खुद को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली।" जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, एथेना एंड द वर्मिलियन वर्ल्ड प्रोडक्शन की फिल्म "आई लव यू" को प्रशंसित फिल्म निमार्ता निखिल महाजन द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है और ज्योति देशपांडे, सुनीर खेतरपाल और गौरव बोस द्वारा निर्मित किया है। रकुल प्रीत सिंह और पावेल गुलाटी, अक्षय ओबेरॉय और किरण कुमार स्टारर यह फिल्म 16 जून को जिओ सिनेमा पर अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है।

## सूडोकु नवताल- 6458

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6457 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्दजाल - 7205

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | मो. | वा | ज | के. | यी |
| द | कि | ल | प्रे | व | जी | र | द | ह | ए | रा |
| वि | स | शो | म | त | ह | फी | म | ल | ल. | म |
| मि | स | स | र | दि | ल | ज | ध | क | स | दु |
| म | आ | चि | ग | कु | ज | त | तू | प | ह | प |
| हें | ल | न | र | दि | मा | उ | म | व | ग | मु |
| द्र | व | दे | फ्यू | जी | प | र | ज | ह | ल | के |
| क | एं | व | ई | द | ब | र्ड | डू | ए | मू | श |
| पू | ड | ब | फू | आ | शा | भो | स | ले | शी | द |
| र | गॉ | र्म | प | ल | ता | मं | गे | श | क | र |
| वि | ज | न | म | न्ना | डे | डि | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में दस गायक एवं गायिकाओं के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मो.रफी, किशोर कुमार, मुकेश, महेंद्र कपूर, मन्ना डे, तलत महमूद, सचिनदेव बर्मन, लता मंगेशकर, आशा भोसले, के.एल.सहगल

### शब्दजाल - 7204 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | क | ल | द्री | म | बि | हा | र | सी | ल | ज |
| र | ज | ल | दे | त्रां | हि | ड्र | इं | म | ट | वा |
| त | स | स्था | ल | र्म | मा | रा | रा | हा | ख | द |
| म | ज | ज | न | पु | च | रा | प | रा | ली | ब |
| म | ध्य | दो | ग | ल्ता | ल | क | तू | ष्ट्र | झ | उ |
| स | क | प्र | प | ह | प्र | र्ना | ना | ता | घ | त्त |
| गु | अ | स | दे | या | दे | ट | श | ज | ला | र |
| पे | ज | दा | ई | श | श | क | फ | रा | श | प्र |
| स | बा | रा | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | दे |
| त्ता | पा | ला | त | शो | पं | जा | ब | ल | स्त्री | श |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | उ | ड़ी | सा | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6158

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6157 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों से लिया नाम वापस: प्रतिभागियों की लिस्ट में नाम नहीं; मांसपेशियों में खिंचाव, एफबीके गेम्स भी नहीं खेले

**पानीपत।**

**टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों से अपना नाम वापस ले लिया है। ये प्रतियोगिता 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होनी है। हालांकि उनके नाम वापस लेने के संबंध में कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं है। प्रतिभागियों की अपडेट सूची से उनका नाम गायब है।**

प्रतिभागियों की अपडेट सूची टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की गई थी। मई में दोहा डायमंड लीग जीतकर अपने सीजन की शुरुआत करने वाले नीरज चोपड़ा ने 4 जून में नीदरलैंड में हुई एफबीके गेम्स में भी हिस्सा नहीं लिया था।

नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिए बताया था कि मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेम्स से नाम वापस लिया है। ये मांसपेशियां अभ्यास के दौरान खींची थी। संभावना जताई जा रही है कि नीरज ने पावो नूरमी गेम्स में भी इसी कारण से भाग नहीं लिया होगा।

### अगली प्रतियोगिता पर होगी नजर

नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों के पिछले संस्करण में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। फिनलैंड के ओलिवर हेलेंडर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। गौरतलब है कि इवेंट में नीरज चोपड़ा का थ्रो उस समय उनका बेस्ट था। हालांकि, उन्होंने 2022 विश्व कप के दौरान अपने रिकॉर्ड को बेहतर किया। उन्होंने 89.94 मीटर की थ्रो फेंकी, जो मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

2024 के ओलिंपिक के करीब आने के साथ, इस साल के टूर्नामेंट मौजूदा विश्व नंबर 1 के लिए निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं। चूंकि वह पावो नूरमी खेलों में भाग नहीं ले रहे हैं, इसलिए उनका अगला बड़ा टूर्नामेंट कुओर्टेन गेम्स है, जिसके बाद लुसाने डायमंड लीग है। वह हांग्जो, चीन में एशिया गेम्स 2023 में लगातार दूसरे महाद्वीपीय स्वर्ण पदक की भी तलाश करेंगे।

### हेलेंडर अपने खिताब का बचाव करने के लिए पूरी तरह तैयार

फिनलैंड के ओलिवर हेलेंडर पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे। गत चैंपियन ने नीरज चोपड़ा को हराने के लिए 89.83 मीटर का थ्रो फेंका। अब ओलिवर हेलेंडर के आसानी से अपने खिताब का बचाव करने की संभावना है। इस वर्ष के पावो नूरमी खेलों के अन्य फेमस प्रतिभागियों में जूलियन वेबर (जर्मनी), कर्टिस थॉम्पसन (संयुक्त राज्य अमेरिका), जैकब वाडलेज्च (चेक गणराज्य) और केशोर्न वाल्कोट (त्रिनिदाद और टोबैगो) शामिल हैं। प्रतिभागियों की पूरी सूची टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वियातेक तीसरी बार फ्रेंच ओपन चैंपियन बनने के करीब, महिला वर्ग के फाइनल में मुचोवा से मुकाबला



**लंदन।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक और चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा के बीच फ्रेंच ओपन टेनिस के महिला वर्ग का फाइनल खेला जाएगा। स्वियातेक यहां दो बार खिताब जीत चुकी हैं जबकि मुचोवा ने पहली बार इस ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह करियर में दूसरी भिड़ंत है, इससे पूर्व चार साल पहले प्राग ओपन क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में मुचोवा ने स्वियातेक को तीन सेटों के मुकाबले में 4-6, 6-1, 6-4 से मात दी थी। उस समय स्वियातेक 95वीं रैंकिंग की और मुचोवा 106वीं रैंकिंग की खिलाड़ी थीं। अब हालात अलग हैं, स्वियातेक गत विजेता हैं और पिछले एक साल से नंबर एक की कुर्सी पर कायम हैं। वह अपने चौथे ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर हैं। चार साल में तीसरा फ्रेंच ओपन जीतने की दहलीज पर हैं। मुचोवा का करियर चोटों के कारण काफी प्रभावित रहा है। जहां स्वियातेक शीर्ष वरीय है, वहीं कैरोलिना गैरवरीय खिलाड़ी के रूप में खेल रही हैं। पिछले दो हफ्तों से चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने सेमीफाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका को मैच प्वाइंट से वापसी करते हुए उलटफेर में हराकर उनके फिर से नंबर एक बनने की संभावना को खत्म कर दिया। स्वियातेक की बात करें तो इस टूर्नामेंट में अभी तक पोलैंड की इस खिलाड़ी ने एक सेट नहीं गंवाया है। इगा स्वियातेक ने मैच से पहले कहा, मैं मुचोवा का खेल पंसद करती हूं, वह बेहतरीन लय में हैं और ऐसी खिलाड़ी हैं, जो किसी भी दिन उलटफेर कर सकती हैं। वहीं, मुचोवा ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि फाइनल में खेलूंगी। मुझे अपने आप पर भरोसा है, मैं लगातार बेहतर खेलना चाहती हूं।

### एलिक अथानाजे ने डेब्यू मैच में जड़ा अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने यूएई पर किया क्लीन स्वीप




**नई दिल्ली।** यूएई और वेस्टइंडीज के बीच शारजाह में तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला गया। पहले ही सीरीज जीत चुकी वेस्टइंडीज ने तीसरे वनडे मैच में यूएई को 4 विकेट से हराकर क्लीन स्वीप किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई 184 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 35.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर यूएई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। संयुक्त अरब अमीरात ने भी कई बदलाव किए। मुहम्मद वसीम ने 42 रन की पारी खेली। लवप्रीत सिंह मात्र 3 रन ही बनाकर आउट हुए। अरविंद ने 70 रन की पारी खेली। रमीज शहजाद ने 27 रन का योगदान दिया। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। केविन सिंक्लेयर ने चार विकेट चटकाए। वाई करिया को दो विकेट मिला । बड़े बदलावों के साथ उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही।

### दक्षिण कोरिया को हराकर इटली फाइनल में, खिताबी भिड़ंत में उरुग्वे से होगा सामना




**ला प्लाटा ।** इटली ने सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अंडर-20 फुटबाल विश्वकप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना उरुग्वे से रविवार देर रात को होगा। इटली और उरुग्वे पहली बार इस ट्रॉफी को हासिल करने की कोशिश करेंगे। अन्य सेमीफाइनल में उरुग्वे ने ब्राजील को 1-0 से हराया था। इटली ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। वहीं, उरुग्वे 1997 और 2013 के फाइनल में दो बार जगह बना चुका है और दोनों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 1997 में अर्जेंटीना ने उसे हराया था जबकि 2013 में फ्रांस से शिकस्त मिली थी। इटली और दक्षिण कोरिया के मुकाबले को देखने करीब 20,000 प्रशंसक आए थे और यह टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ मुकाबला रहा। इटली के गोलकीपर सेबेस्टियानो डेस्प्लानचेस और दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम जून-हांग ने मैच में शुरू से आखिरी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कियाा। शेजारे कासादे ने 14वें मिनट में गोल करके इटली का मैच में खाता खोल दिया।

भारतीय हॉकी टीम जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में

# जापान को 1–0 से हराया; जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया

**जापान।**

**भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। खेले गए सेमीफाइनल मैच में जापान को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल भारत की ओर से किया गया। भारत के लिए सुनीता टोपो ने 47वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जो अंत तक बरकरार रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। जूनियर वर्ल्ड कप इस साल 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच चिली में आयोजित किया जाएगा।**



### लीग में टॉप रही भारतीय टीम

इससे पहले भारतीय टीम ने लीग में मुकाबले में पॉइंट टेबल में टॉप में रही थी। लीग में खेले 4 मैचों में से भारत ने 3 जीते जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। भारतीय टीम ने लीग में अपने पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 22–0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 2–1 से हराया। जबकि तीसरे मुकाबले में कोरिया के साथ ड्रॉ रहा। वहीं आखिरी लीग मैच में चीनी ताइपे को 11–0 से हराया।

### 10 टीमें ले रही हैं भाग

11 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट 10 टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम के साथ ही चार अन्य टीमों को उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर अंडर -21 हॉकी टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। बाकी पांच टीमें कजाकिस्तान, हांगकांग, चीनी ताइपे, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया ने पिछले साल अक्टूबर में कजाकिस्तान में आयोजित महिला जूनियर कप के जरिए इस टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया है।

### अर्जेंटीना की महिलाओं की चीन पर रोमांचक जीत, ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने नीदरलैंड को रौंदा

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अर्जेंटीना की महिलाओं ने आइंडहोवन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में चीन को रोमांचक अंदाज में 2-1 से हरा दिया जबकि हॉकी के दो दिग्गजों के बीच मुकाबले में, ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड को 7-2 से रौंद दिया। चीन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में अधिक कब्जे और अधिक क्षेत्र के साथ पहले हाफ में दबदबा बनाया, लेकिन किसी भी कीपर को बहुत अधिक दबाव में नहीं रखा गया क्योंकि दोनों टीमें कुछ ही बार सर्कल में घुस पायीं। अर्जेंटीना को तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में एक और गियर मिला, जो गेंद पर बेहतर और एक टीम के रूप में अधिक सामंजस्यपूर्ण दिख रहा था। उन्हें उनके प्रयासों का फायदा मिला जब विक्टोरिया साउज ने 25 गज की दूरी से गेंद को मारा जो डेल्फीना थोम की हॉकी से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया। अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त मिल गयी। चीन ने तीसरे क्वार्टर के अंतिम कुछ मिनटों में सकारात्मक खेल के साथ खेल में वापसी की लेकिन कोई गोल नहीं कर सकीं। चीन ने अंततः चौथे क्वार्टर में बराबरी का गोल दागा। झांग सियाओसूए ने सर्कल में अपना रास्ता बनाया और एक शॉट लिया जिसे कीपर ने बचा लिया लेकिन गेंद फिर रिबाउंड होकर उनके पास वापस आ गयी।

2बच्चों के बाद रिंग में लौटीं बॉक्सिंग की वर्ल्ड चैम्पियन

# ब्रिटेन की नीना ह्यूजेस 41 साल की उम्र में बॉक्सिंग की वर्ल्ड चैम्पियन बनीं



**लंदन।**

सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना... बॉक्सर नीना ह्यूजेस ने इसे हर सांस जिया भी और सहा भी। तुम बॉक्सिंग चैम्पियन नहीं बन सकती, रिंग में उतरने के लिए तुम्हें कोई साइन नहीं करेगा ऐसे ही कई तानों की थकन में नीना ने अपने जुनून को न्योछावर कर पारिवारिक जीवन में लीन होना चुना। बस कुछ कायम रहा तो खुद को फिट रखने की ललक। इतनी कि मां बनने के मात्र 3 हफ्ते बाद दुबारा जिम शुरू कर दिया। 2020 में लॉकडाउन के पहले तक जेहन में ये विचार कभी नहीं आया कि दोबारा जंग के मैदान में लौट पाएंगी। नीना ने प्रोफेशनल करियर शुरू करने से पहले 15 साल लगातार प्रैक्टिस की।

### खिताब डिफेंड के लिए उतरेंगी नीना

आखिरकार नीना ने फिर से बॉक्सिंग रिंग में उतरने का फैसला लिया और महज 5 प्रोफेशनल फाइट के बाद 41 की उम्र में बॉक्सिंग की वर्ल्ड चैम्पियन बनीं। खिताब जीतने के बाद ह्यूगेज पहली बार लंदन के वेंबली स्टेडियम में अपनी चैम्पियनशिप बेल्ट डिफेंड करने उतरेंगी। उनका मुकाबला कैटी हैली से होगा। बॉक्सिंग रिंग में लौटने के निर्णय लेने के तुरंत बाद नीना ने विकफोर्ड में न्यूलैंड्स जिम जाना शुरू किया। 2022 तक छह महीने में तीन मुकाबले खेलने से पहले दिसंबर 2021 में वो अफनी पहली प्रोफेशनल फाइट लड़ाई लड़ चुकी थीं। जिसके बाद उनका मुकाबला बैंटमवेट चैम्पियन मिशेल के साथ हुआ। नीना के अनुसार, 'वे मैच के दौरान अंडरडॉग थीं, लेकिन नीना ने मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। अब वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब जीतने के बाद नीना पहली बार वेंबले में 12,500 क्षमता वाले ओवो एरेना में कैटी हैले से मुकाबला करेंगी। नीना बताती हैं कि मेरे आखिरी दो मुकाबलों में मेरे आठ साल के बेटे ने मुझे रिंग में उतरते देखा। उसे मेरे पर गर्व है और वो मुझे रिंग में बॉक्सिंग करते देख खुश होता है। अगर मैं 10 की उम्र में ही बॉक्सिंग शुरू करती तो आज स्थिति अलग होती, लेकिन सच पूछा जाए तो मुझे उम्र का अहसास इतना नहीं होता।

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए श्रीलंका की टीम में दो युवा खिलाड़ी शामिल

**कोलंबो।**

श्रीलंका ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए अपनी टीम में दो युवा प्लेयर्स को शामिल किया है। श्रीलंका ने जिम्बाब्वे में आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें एक आश्चर्यजनक नाम सूची में शामिल है। जूनियर मलिंगा के रूप में जाने जाते मथीशा पथिराना को भी टीम में रखा गया है जिन्होंने हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 19 विकेट लेकर खिताब जीतने में मदद की। उनके हाल के प्रदर्शन के अफगानिस्तान के खिलाफ इस महीने वनडे में पदार्पण करते हुए डेब्यू मैच में एक ही विकेट लिया और 66 रन दिए। दिग्गज लसिथ मलिंगा के साथ पथिराना की तुलना का मुख्य कारण दोनों खिलाड़ियों की गेंदबाजी की शैली में समानता है। अब वह श्रीलंकाई टीम का हिस्सा होंगे, जो टूर्नामेंट के दो स्थानों में से एक स्थान हासिल करने के लिए प्रबल दावेदारों में से एक है। पथिराना एकमात्र नया चेहरा नहीं है जो श्रीलंका की टीम में है, 29 वर्षीय दुशान हेमंथा को भी अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेलने के बाद चुना गया है। दो नए चेहरों के टीम में जगह बनाने के बाद अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के लिए जगह नहीं बची थी। सीडब्ल्यूसी क्वालीफायर 18 जून से शुरू होगा जिसमें 10 टीमें इस साल के अंत में भारत




में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बचे अंतिम दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम में दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान और विकेटकीपर), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, चरिथ असालंका, धनंजय डी सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), वानिंदु हसरंगा, चमक करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, कसुन राजिता, लाहिरू कुमारा, महेश थीक्षणा, मतीशा पथिराना, दुशान हेमंथा शामिल हैं।

## ट्रेबल से एक कदम दूर मैनचेस्टर सिटी, फाइनल में तीन बार की चैंपियन इंटर मिलान से मुकाबला

**इस्तांबुल ।**

शानदार फॉर्म में चल रही इंग्लिश टीम मैनचेस्टर सिटी देर रात को जब इटली के इंटर मिलान क्लब के खिलाफ भिड़ेगी तो उसकी कोशिश सीजन की अपनी तीसरी ट्रॉफी हासिल करने की रहेगी। मैनचेस्टर सिटी ने मौजूदा सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का खिताब जीता था तो इसके बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर एफए कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। अगर ऐसा सिटी की टीम ऐसा कर लेती है तो वह सीजन में ट्रेबल (एक सीजन में तीन खिताब) पूरा कर लेगी। यह मैच इस्तांबुल में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से खेला जाएगा। कोच पेप गार्डियोला की टीम मैनचेस्टर सिटी पहली बार इस खिताब को पाने की कोशिश करेगी। इंटर



मिलान तीन बार इस ट्रॉफी को अपने नाम कर चुका है। 1964 में इंटर मिलान ने चैंपियंस लीग का खिताब जीता था। इसके बाद 1965 और 2010 में भी यह ट्रॉफी जीती थी। यह पहला मौका होगा जब सिटी और इंटर की टीम किसी मैच में आमने-सामने होंगी। इससे पहले 2005 में भी एक ऐसा फाइनल खेला गया था जब दो टीमों पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल रही थीं। संयोग से वह मैच भी इस्तांबुल में हुआ था। उसमें भी इंग्लैंड और इटली की दो टीमें आमने-सामने थीं। तब इंग्लैंड के क्लब लिवरपूल ने इटली के क्लब एसी मिलान को हरा दिया था। अब देखना है कि एक बार इंग्लैंड की टीम चैंपियन बन पाती है या नहीं। मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश फुटबॉल में कई खिताब अपने नाम किए हैं, लेकिन चैंपियंस लीग में उसका प्रदर्शन खास नहीं रहा है। चैंपियंस लीग में विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्लब खेलते हैं और ऐसे में मैनचेस्टर की टीम के पास फिर इस ट्रॉफी को उठाने का मौका है। इससे पहले टीम 2021 के फाइनल में हारकर खिताब से वंचित रह गई थी। चेल्सी ने लीग में 2021 के फाइनल में सिटी को हराया था। इंटर मिलान के लिए भी यह सीजन शानदार रहा है और उसने दो खिताबी ट्रॉफी जीती हैं। उसने कोप्पा इटालिया और सुपरकोप्पा इटालियाना के खिताब जीते हैं। हालांकि, सिरी-ए में टीम तीसरे स्थान पर रही। चैंपियंस लीग खिताब का टीम को पिछले 13 साल से इंतजार है। इटली की इस टीम ने 2010 में बायर्न म्यूनिख को हराकर चैंपियंस लीग का खिताब जीता था।

साक्षी बोलीं– हम पर समझौते का दबाव

# मुद्दा सुलझने तक एशियन गेम्स नहीं खेलेंगे; बजरंग ने कहा- सरकार बृजभूषण की गिरफ्तारी को तैयार नहीं

**पानीपत।**

रेसलर्स और पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के विवाद में सोनीपत में खाप पंचायत हुई। इसमें साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया पहुंचे। दोनों ने खाप प्रतिनिधियों को गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से हुई मीटिंग के बारे में बताया। इस दौरान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें लगातार धमकी भरी कॉल आ रही हैं। कहा जा रहा है कि समझौता कर लो। नहीं तो पूरा करियर खत्म हो जाएगा। जबकि हम पहले दिन से ही कर रहे हैं कि बृजभूषण को कस्टडी में लिया जाए। वह बाहर रहेगा तो दूसरों पर प्रेशर रहेगा। पॉक्सो एक्ट वाली लड़की टूट चुकी है। धीरे-धीरे और भी लड़कियां टूट जाएंगीं। हम एशियन गेम्स तभी खेलेंगे जब ये सारा मुद्दा सुलझेगा।

उन्होंने कहा कि मैं यह क्लियर कर देती हूं कि हम सब एक हैं। मैं, बजरंग और विनेश हम एक हैं और एक ही रहेंगे। विनेश के ना आने का रीजन है। कुछ इन्क्वायरी चल रही हैं। कुछ और लीगल कार्रवाई हैं। वह भी संभालनी पड़ती हैं।

वहीं बजरंग ने कहा कि सरकार बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए तैयार नहीं है। केंद्र ने 15 जून तक का समय लिया है। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए फिर से धरना दिया जाएगा। 15 के बाद 16 या 17 जून को जंतर-मंतर या रामलीला के मैदान पर दोबारा धरना किया जा सकता है।

वहीं इस मामले में अब दंगल गर्ल गीता फोगाट के पर्सनल फिजियोथेरेपिस्ट परमजीत ने बृजभूषण पर नए खुलासे किए हैं। जिसमें दावा किया कि लड़कियों को रात में बृजभूषण की सिक्योरिटी वाली गाड़ियों में बाहर ले जाया जाता था।

**आधी रात को लड़कियां बाहर जाती थीं** – गीता फोगाट 2014 में मुझे अपना पर्सनल फिजियोथेरेपिस्ट बनाकर साई लखनऊ कैंप में ले गईं। मैंने देखा कि आधी रात के बाद लड़कियां बाहर जाती हैं। जिसकी मैंने अपने लेवल पर जांच की। मुझे पता चला कि जिन गाड़ियों में ये लड़कियां ले जाई जा रही हैं, वह सांसद और



फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की सिक्योरिटी में लगी गाड़ियां होती थीं।

**चीफ कोच को लिखित में दिया** – मैंने चीफ कोच कुलदीप मलिक और कमल सेन को कहा कि रात में बच्चे कहीं बाहर जाते हैं, इनको देखा जाना चाहिए। ये सब लिखित में चीफ कोच कुलदीप मलिक और दूसरे सीनियर अफसरों को दिया। कई बार मीडिया से भी साझा करने की कोशिश की, लेकिन मेरी बात को दबा दिया गया।

**लड़कियों ने कहा- कोई चारा नहीं, फिर हमें हटा दिया** – मैंने इस बारे में रात को बाहर जाने वाली लड़कियों से बात की। लड़कियों ने कहा कि इसके अलावा उनके पास कोई दूसरा चारा नहीं है। मैंने लगातार कंप्लेंट की तो अचानक मुझे लखनऊ के साई कैंप से छुट्टी दे दी गई।

**कैंप में बृजभूषण की पूरी टीम पहलवानों के पीछे** – लखनऊ के साई सेंटर में युवा महिला पहलवानों को फंसाया जाता है। कैंप में अनऑफिशियल रूप से 4-5 लोग रखे गए हैं। थोड़ा चोट लगने पर भी युवा पहलवानों को घर भेजने के नाम पर डराया जाता है। उन्हें कहा जाता कि हम नेताजी से मिलवाकर आपको घर जाने से रोक लेंगे। कैंप में बृजभूषण की एक पूरी टीम काम करती है।

**सीन री-क्रिएट करने पर टीएमसी को एतराज** – महिला पहलवान को क्राइम सीन री-क्रिएट करने के लिए दिल्ली में बृजभूषण के घर पर बने भारतीय कुश्ती संघ के ऑफिस में ले जाने पर तृणमूल कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। उन्होंने इसे महिला पहलवान को मानसिक आघात पहुंचाने की कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली पुलिस पर सवाल खड़े किए। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदार पुलिस अफसरों से जवाब मांगने को कहा। टीएमसी के प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा, पीड़िता को यौन शोषण के आरोपी के घर ले जाना चौंकाने वाला है। दिल्ली पुलिस पहलवान को डराने की कोशिश कर रही है। ये कोई हत्या का मामला नहीं, जहां क्राइम सीन री-क्रिएट कराना हो। ये सीधे तौर पर महिला पहलवान के मन में डर पैदा किया जा रहा है क्योंकि आरोपी बृजभूषण को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। दिल्ली पुलिस जंतर-मंतर पर धरने में शामिल एक महिला पहलवान को दिल्ली में ऑफिस लेकर पहुंची। रेसलर पुलिस टीम के साथ करीब 15 मिनट तक यहां रही। जहां महिला पहलवान से सीन री-क्रिएट कराया गया था।

## सेहत के लिए काफी फायदेमंद है करेले का जूस

करेले में कई औषधीय गुण होते हैं, जिसकी वजह से परंपरागत चिकित्सा और आयुर्वेद में इसका काफी इस्तेमाल होता है। हालांकि टेस्ट में कड़वा होने के कारण कई लोगों को ये पसंद नहीं होता, लेकिन करेले का जूस रोज पीने से आप कई स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकते हैं। ब्लड शुगर लेवल कम करे झ तीन दिन में एक बार सुबह खाली पेट करेले का जूस पियें, इससे ब्लड ग्लूकोज लेवल कंट्रोल में रहता है। इस जूस में मोमोर्सिडिन और केरेटिन नाम के दो एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक तत्व होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को मसल्स तक पहुंचाते हैं। भूख बढ़ाए झ अगर आपको कम भूख लगती है तो मुमकिन है कि आपके शरीर में पोषक तत्वों की कमी रहे, और आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो जाएं। ऐसे में एक ग्लास करेले का जूस पीने से पाचन तंत्र के रस का स्राव होने लगता है, जिससे भूख खुद ब खुद बढ़ जाती है। इसके अलावा करेले के जूस कई अनगिनत फायदे हैं।



## फिनलैंड में हैं सबसे कम मरीज

यह छोटा सा और बिना शोर शराबे से धड़कने वाला दिल आखिर इतने बड़े 'अटैक' का शिकार क्यों हो जाता है। भारत में जहां दिल के रोगी सबसे ज्यादा हैं, वहां फिनलैंड एक ऐसा देश है जहां दिल के मरीज सबसे कम हैं। इस संबंध में वहां जब रिसर्च की गई तो इसकी प्रमुख वजह वहां के लोगों के संतुलित खान-पान के तौर पर देखने को मिली। लोगों को भोजन में सावधानी बरतने की जरूरत है।





# कान छिदवाने के अनेक फायदे

**हिन्दूधर्म** ही विश्व का एकमात्र ऐसा धर्म है जिसकी परंपराएं विज्ञान पर आधारित है। कान छिदवाना सिर्फ परंपरा नहीं हैं बल्कि इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी जुड़े हैं, आइए कान छिदवाने से जुड़े वैज्ञानिक कारणों के बारे में जानते हैं।

### मानसिक क्षमता में वृद्धि

वैज्ञानिक दृष्टि के अनुसार कान छिदवाने से व्यक्ति के ब्रेन में ब्लड सर्कुलेशन सही प्रकार से होता है। और ब्रेन में ब्लड का सही तरह से सर्कुलेशन होने से आपकी बौद्धिक योग्यता बढती है। इसीलिए पहले के समय में गुरुकुल में जाने वाले हर विद्यार्थी को कान में छेद करना पड़ता था, जिससे उसकी दिमागी क्षमता में वृद्धि होती थी और विद्यार्थी बेहतर ज्ञान की प्राप्ति करता था।

### सही रखें प्रजनन क्षमता

कान में छेद करवाना महिलाओं और पुरुष दोनों के लिए फायदेमंद होता है। क्योंकि कान के बीच की सबसे खास जगह जिसे प्रजनन के लिए जिम्मेदार माना जाता है, न केवल पुरुषों के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि महिलाओं की अनियमित पीरियड्स की समस्या को भी दूर करता है।

### पुरुषों के लिए फायदेमंद

ये भी माना जाता है कि कान छिदवाने से व्यक्ति को लकवे की शिकायत कभी नहीं होती, साथ ही ये पुरुषो के अंडकोष को और वीर्य को संचित करने में भी लाभदायक होता है। कान छिदवाने से कई प्रकार के इन्फेक्शन, हाइड्रोसील और पुरुषों में ज्यादातर देखी जाने वाली हर्निया की समस्या भी दूर होती है। इसके अलावा व्यक्ति के चेहरे पर चमक और कान्ति आती है और व्यक्ति के रूप में निखार आता है।

### आंखों के लिए अच्छा

कान में छेद करवाना आपकी दृष्टि में सुधार करने में मदद करता है। एक्यूपंक्चर के अनुसार, कान के बीच के केंद्रीय बिंदु का संबंध आंखों की रोशनी से होता है। एक्यूपंक्चर में इसी जोड़ पर दबाव डाला जाता है, जिससे आंखों की रोशनी सही रहती है।

### कान रखता है स्वस्थ

कान का छेद वाले हिस्से पर दो बहुत जरूरी एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स मौजूद होते हैं, मास्टर सेंसोरियल और दूसरा मास्टर सेरेब्रल। यह प्वाइंट सुनने की क्षमता को सही बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट के अनुसार टिनिटस के लक्षणों से राहत पाने के लिए भी कान छिदवाना बहुत अच्छा रहता है।

### पाचन तंत्र को रखता है दुरुस्त



कान छिदवाने का एक बड़ा कारण पाचन तंत्र को दुरुस्त रखना भी है, क्योंकि इस प्वाइंट पर उत्तेजना से पाचन प्रणाली को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। विशेष रूप से यह प्वाइंट हंगर प्वाइंट का (एक्यूप्रेशर में कहा जाता है) केन्द्र है। हंगर प्वाइंट मानव की पाचन तंत्र की कार्यप्रणाली पर नजर रखने और मोटापे की संभावना को कम करने में मदद करता है।



### कान छिदवाने से जुड़े वैज्ञानिक कारण

कान छिदवाने की परंपरा भारत में काफी पुरानी है। इसके पीछे कई सारी मान्यताएं और रीति-रिवाज हैं, लेकिन अब इंडिया में ही नहीं और भी कई देशों में भी लोग कान छिदवा रहे हैं। महिलाएं तो कान छिदवाती थीं लेकिन अब फैशन के चक्कर में पुरुष भी इसे अपनाने लगे हैं। कान छिदवाने के पीछे हर किसी के अपने विचार है, कुछ लोग कुछ मानते है कि ये एक्युपंचर का विशेष बिंदु होता है जिसका इस्तेमाल उपचार के महत्व से किया जाता है, वहीं कुछ का मानना हैं कि लोग सिर्फ सौंदर्य कि दृष्टि से ही कानों को छिदवाते है। लेकिन यह सिर्फ परंपरा नहीं हैं बल्कि इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी जुड़े हैं।



# हर कदम पर जरूरी है सावधानी

**एचआईवी** यानी ह्यूमन इम्यूनोडीफिशिएंसी वायरस और एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यूनोडीफिसिएंसी सिंड्रोम। एचआईवी वह वायरस है, जो एड्स के लिए जिम्मेदार है। यह वायरस शरीर की कुछ खास कोशिकाओं पर हमला करके बॉडी के इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचाकर उसे कमजोर बना देता है। परिणामतः व्यक्ति एड्स और सेक्स संबंधी कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। जब एचआईवी की वजह से किसी व्यक्ति का इम्यून सिस्टम इस कदर कमजोर हो चुका होता है कि उस कमजोरी का फायदा उठाकर उसके शरीर में 25 अलग-अलग तरह के इन्फेक्शन डिवेलप हो जाते हैं, तब एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के अंदर एड्स पूरी तरह से डिवेलप हो चुका होता है। ऐसे में एड्स की जांच करवाना अनिवार्य हो जाता है। इस स्थिति में शरीर में एचआईवी वायरस की संख्या नियत लेवल से बढ़ती है।

### इनसे नहीं फैलता एड्स

एड्स गले लगने, छूने, छींकने, साथ-साथ खेलने, एक ही बर्तन में खाने या बाथरूम या स्विमिंग पूल शेयर करने से नहीं फैलता। मच्छर के काटने से भी इसके फैलने का खतरा नहीं रहता।

### टेस्ट पॉजिटिव होने पर



यदि टेस्ट एचआईवी पॉजिटिव बताता है तो रोगी अपनी मदद के लिए मेडिकल हेल्प ले सकते हैं। साथ ही एचआईवी की वजह से होने वाली कई बीमारियों से बच सकते हैं, लेकिन यह सब तभी संभव है जब एचआईवी टेस्ट करवाएं।

जांच में एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी मिलने के बाद ही रोगी मेडिकल केयर, काउंसलिंग और जरूरत पड़ने पर सबका सहयोग भी पा सकता है।

### ध्यान रखें

- कोई अपना जिस पर आपको पूरा यकीन हो, उसे बताना क्योंकि परिवार वालों और दोस्तों का सहयोग काफी मायने रखता है।
- रिजल्ट जानने के लिए कोई खास समय निश्चित करें। इसे टालें नहीं क्योंकि टेस्ट रिजल्ट फायदा तभी पहुंचाता है जबकि जल्द से जल्द इसे जान लें।

### एचआईवी टेस्ट के स्टेप्स

**डॉक्टर के ऑफिस या फिर क्लीनिक जाएं** - नर्स या काउंसलर टेस्ट के बारे में बता सकता है। रोगी सवाल कर सकता है और अपने डर को दूर कर सकता है।

**एचआईवी से जुड़े टेस्ट ब्लड में कर लिए जाएं**- यदि पहला टेस्ट, जिसे एलीसा कहा जाता है, पॉजिटिव आता है (यह एचआईवी पॉजिटिव की निशानी है) तो एक बार फिर से ब्लड चेक होगा। यदि दूसरी बार भी ब्लड टेस्ट रिजल्ट पॉजिटिव आता है, जो कि वेस्टर्न ब्लॉट कहलाता है, तो वह एड्स है। यह रिजल्ट फिर से क्लीनिक पहुंचता है- इसके बाद नर्स या काउंसलर बताएंगे कि क्या करना है।

### पूरी तरह कारगर नहीं दवाएं

एचआईवी से बचाव के लिए अब तक न तो कोई वैक्सीन निकाला जा सका है और न ही अन्य कोई उपाय। हालांकि 'एंटीरेट्रो वायरल्स' जैसी कुछ दवाएं जरूर तैयार की गई हैं जिनसे एचआईवी या सेक्स से जुड़ी अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को कुछ और दिन जीने का मौका दिया जा सकता है। हालांकि ये दवाएं महंगी हैं।

### इलाज के बजाय बचाव

वक्त बदल चुका है। एड्स के मरीजों को अब पहले की तरह घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि अब इसे कंट्रोल करने के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। डॉक्टर के अनुसार बेहतर होगा कि एचआईवी एड्स की चपेट में आने संबंधी सुरक्षा बरती जाए, लेकिन इसके बावजूद यदि इसकी चपेट में कोई आ जाता है तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है।

जल्द से जल्द सभी जरूरी जांच कराएं और दवाएं शुरू कर दें। खासतौर से ध्यान रखें कि नियमित रूप से जीवन भर एचआईवी एड्स की दवाएं लेते रहें। इसमें कोताही बिल्कुल भी न बरतें। डॉक्टर अनुसार यूं तो दुनिया भर में कई तरह से इसकी जांच की जाने लगी है, लेकिन हमारे देश में अभी ब्लड टेस्ट का ही मुख्य रूप से उपयोग किया जा रहा है।

### एचआईवी टेस्ट है जरूरी



कोई एचआईवी ग्रस्त है या नहीं, जानने का एकमात्र तरीका टेस्ट ही है। खून में मौजूद सीडी4 की संख्या जब 350 से कम हो जाती है तो इसकी जांच कर ली जानी चाहिए। डॉक्टर के अनुसार जितना जरूरी एचआईवी टेस्ट करवाना जरूरी है, उतनी ही जरूरी उससे पहले की काउंसलिंग है। इसके अभाव में मरीज को इस टेस्ट के लिए तैयार करना या फिर इसका रिजल्ट बताना सही नहीं माना जा सकता।

डॉक्टर कहते हैं कि एड्स होने पर घबराएं नहीं, डॉक्टर की हर सलाह पर अमल करें। कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। आज देश के तकरीबन 300 अस्पतालों और सरकारी संस्थानों में यह जांच मुफ्त में की जा रही है और एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने पर मरीजों को इलाज और दवाएं मुफ्त बांटी जा रही हैं।



### जरूरी है एचआईवी टेस्ट

कोई व्यक्ति एचआईवी ग्रस्त है या नहीं, इसे जानने का एकमात्र तरीका एचआईवी परीक्षण ही है। पूरी तरह से स्वस्थ नजर आने वाला व्यक्ति भी एचआईवी ग्रस्त हो सकता है।

### एचआईवी टेस्ट जरूर करवाएं चाहिए

- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाना, जिसके बारे में निश्चित नहीं कि वह एचआईवी एड्स का शिकार है या नहीं।
- यह पता होना कि जिस व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाए गए हैं वह एचआईवी ग्रसित है।
- पहले कभी दोनों में से कोई भी सेक्स से जुड़ी किसी बीमारी के शिकार रहे हों तो भी एचआईवी का खतरा हो सकता है।
- एक से ज्यादा व्यक्तियों से सेक्स संबंध या फिर किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संबंध जिसका संबंध पहले कई व्यक्तियों से रहा हो।
- किसी ऐसे व्यक्ति के साथ फिजिकल रिलेशन, जो दवाएं लेने के लिए सुई का इस्तेमाल करता हो या फिर उसने दवाएं लेने के लिए कभी किसी अन्य की इस्तेमालशुदा की सिरिंज इस्तेमाल की हो।
- इनमें से किसी भी सवाल का जवाब 'हां' है तो एचआईवी एड्स का टेस्ट जरूर करवा लेना चाहिए।

### हाई न्यूट्रीशनल डाइट जरूरी

एड्स के मरीजों के लिए मिल्क शेक, मैंगो शेक, बनाना शेक जैसी हाई कैलोरी और अंडा, दालें, पीनट्स, बटर, मीट, मछली, दूध जैसी हाई प्रोटीन न्यूट्रीशनल फूड्स दी जाती है।

- एड्स के वैसे मरीज, जिन्हें भूख नहीं लगती, उन्हें हाई फैट वाली फैटी या फ्राइड चीजें खाने में न दें।
- जिन मरीजों को दस्त की शिकायत रहती है, उन्हें सॉल्युबल फाइबर दे सकते हैं। आलू, केला, फ्रूट जूस, नारियल पानी, इलैक्ट्रोलाइट वगैरह उनके लिए बेहतर डाइट कहा जाता है।

जरूरी यह है कि एचआईवी के जिन मरीजों की दवाएं शुरू कर दी गई हों, उन्हें एक ही बार में पूरी डाइट न दें, बल्कि उन्हें कई बार थोड़ा-थोड़ा करके तरल पदार्थ या खाने को दें।

### एचआईवी और सेक्स से जुड़ी अन्य बीमारियों के बीच संबंध

- सेक्स से जुड़ी अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए एचआईवी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। वैजिनल, एनल या ओरल सेक्स से भी यह खतरा बना रहता है। इनसे बचने के लिए कंडोम या अन्य सावधानियां बरतना जरूरी है।
- केवल अपने पार्टनर पर भरोसा करके ही एचआईवी से सुरक्षित नहीं रहा जा सकता। एचआईवी से बचने के लिए इसके कारणों के साथ-साथ इसके बढ़ने की वजहों के बारे में विस्तार से जानें और उसे अमल में लाएं।
- अपने पार्टनर के अलावा किसी से भी सेक्स संबंध न बनाएं। इस बात का भी ध्यान रखें कि आपका पार्टनर एचआईवी पॉजिटिव न हो।
- असुरक्षित यौन संबंध और जहां-तहां ब्लड टेस्ट करवाने से बचें। इस्तेमालशुदा सुई दोबारा काम में न लाएं।

## एक साल में महिलाएं 47 तो पुरुष रोते हैं 7 बार

# रोने के फायदे..नहीं होता ब्लड प्रेशर

हंसने के लिए हम कई तरह के फंडे अपनाते हैं और इसको लेकर कई एक्सरसाइज भ्झी की जाती हैं। कहा जाता है कि हंसने से लंबी उम्र होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि रोने से भी ऐसे ही कई फायदे हैं।



एक शोध में इसका खुलासा हुआ है। रिसर्च में माना गया है कि रोने से हार्ट और ब्लड प्रेशर, कॉर्डियो जैसी खतरनाक बीमारियों की संभावना काफी कम होती है। इसे लेकर कुछ लोगों पर सर्वे भी किया जा चुका है।

## आंसू बहाना आंखों की सेहत के लिए जरूरी

रोना आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आंसू निकलने के बाद हमे साफ देखने में मदद मिलती है। दरअसल आंसू आइबॉल और पलकों को ल्यूब्रिकेट करते हैं और म्यूकस झिल्ली को सूखने से बचाते हैं।



इतना ही नहीं रोने से किसी भी इंसान का मैगनीज लेवल कम हो जाता है। क्योंकि अगर यह हाई होगा तो चिंता, घबराहट, चिड़चिड़ापन, थकान, मेंटल डिसबैलेंस जैसी प्रॉब्लम्स पैदा हो जाती हैं।

### मरते हैं बैक्टीरिया

आंसू एंटी बैक्टीरियल और एंटी वाइरल एजेंट की तरह काम करते हैं। इनमें लाइसोजाइम द्रव पाया जाता है और 90 से 95 प्रतिशत बैक्टीरिया को केवल 5 से 10 मिनट में ही मारने की शक्ति रखता है।

### दूर होगी निराशा और चिंता

आंसू चिंता और निराशा को बाहर निकालते हैं। रोने से मन की सफाई हो जाती है। इसके अलावा आंसू स्ट्रेस की वजह से शरीर से निकलने वाले केमिकल को दूर कर देते हैं। आंसू को रोकने से ब्लडप्रेशर, अल्सर और हार्ट का खतरा बढ़ता है।

### रोने से कम हो जाता है गुस्सा

- एक शोध के मुताबिक करीब प्रतिशत महिलाओं और 73 प्रतिशत पुरुषों का गुस्सा रोने के बाद कम हुआ ।
- आंकड़ों के मुताबिक महिलाएं एक साल में 47 बार रोती हैं, वहीं पुरुष 7 बार।
- औसत रोने का समय 6 मिनट तक था शोध में ।
- शाम के 7 बजे से 10 बजे तक लोग सबसे ज्यादा रोते हैं।

# 1 माह पहले वार्निंग देने लगता है हार्ट अटैक

*दुनिया में ज्यादातर लोगों की मौत की वजह हार्ट अटैक होती है। कुछ मरीजों को तो हार्ट अटैक के बारे में पता ही नहीं चलता, लेकिन थोड़ी एहतियात बरती जाएं तो दिल के दौरे को टाला जा सकता है। हार्ट अटैक के लक्षण 1 महीने पहले दिखने लग जाते हैं। खासतौर पर बॉडी में जब यह 6 लक्षण नजर आएं तो जरा सावधान रहिए, क्योंकि यह हार्ट अटैक का यह संकेत हो सकते हैं।*

## बॉडी में ये 6 लक्षण दिखें तो रहें जरा सावधान

### ज्यादा थकान हो तो संभलें

बिना किसी वर्क आउट के थकान होना हार्ट अटैक की दस्तक हो सकती है। दिल को ज्यादा मेहनत की जरूरत तब होती है, जब हृदय धमनियां कोलेस्ट्राल के कारण बंद हो जाती है। अच्छी नींद के बाद आलस और थकान का अनुभव हो और दिन में भी नींद आए तो खतरा है।



### सीने में जलन तो रहें सतर्क

सीने में दर्द हार्ट अटैक का शिकार बना सकता है। सीने में दबाव या जलन हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### सर्दी का बना रहना टेंशन

लंबे समय तक सर्दी बना रहना भी दिल के दौरे की ओर इशारा करता है। सर्दी में कफ के साथ सफेद या गुलाबी रंग का बलगम, फेफड़ों में स्रावित रक्त के कारण हो सकता है।

### चक्कर आना भी गंभीर

दिल कमजोर होने से खून का संचार सही से नहीं होता है। ऐसे में दिमाग को आक्सीजन नहीं मिल पाती जिससे चक्कर आने लगते हैं। यह हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार एक गंभीर लक्षण है, जिस पर ध्यान देना चाहिए।

### पैरों में सूजन तो है खतरा

दिल को शरीर के अंगों में रक्त पहुंचाने अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे शिराएं फूलती हैं और उनमें सूजन आती है। इसका असर पैर के पंजे, टखने और अन्य हिस्से में में नजर आता है। होंठों की सतह का रंग नीला हो जाता है। यह लक्षण दिखें तो डॉक्टर से मिलें।

## रेसिपी

# गट्टे की कढ़ी



### सामग्री-गट्टों के लिए

- 1 प्याला बेसन
- 1/4 छोटा चम्मच नमक
- 2 चुटकी हींग
- 1/4 छोटा चम्मच अजवाइन
- 2 चुटकी हल्दी
- 2 बड़े चम्मच दही
- 1/2 छोटा चम्मच पिसा धनिया
- 1 छोटा चम्मच अदरक और हरी मिर्च पिसी हुई
- 2 बड़े चम्मच पानी बेसन गूथने के लिए
- 1 छोटा चम्मच तेल बेसन गूथने के लिए
- 1 बड़ा चम्मच तेल गट्टे भूनने के लिए

### सामग्री-झोल के लिए

- 1 बड़ा चम्मच बेसन
- 1 प्याला खट्टा दही
- 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 1 बड़ा चम्मच तेल/ घी
- 1/2 छोटा चम्मच राई/ सरसों (वैकल्पिक)
- 2 चुटकी हींग
- 1/4 छोटा चम्मच गरम मसाला
- 1 प्याला पानी

### गट्टे बनाने की विधि

बेसन को छान लें। पानी को छोड़कर बाकी सभी सामग्री इसमें डालें और अच्छी तरह मिलाएं। थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए कड़ा आटा गूंथ लें। इस आटे को गीले कपड़े से ढककर 5-10 मिनट के लिए रख दें। आटे को चार हिस्सों में बांटें। हाथ में दो बूंद तेल लगाकर एक हिस्से को हथेलियों के बीच में चिकना करें, और लगभग 4 इंच लंबा और 3/4 इंच गोल बेलन जैसा आकार बनाएं। इसी प्रकार बाकी बचे हुए तीन हिस्सों के भी बनाएं। एक बर्तन में लगभग डेढ़-दो प्याला पानी गरम करें। जब पानी उबलने लगे तो इसमें गट्टों के बेलनाकार टुकड़े डालें और मध्यम आंच पर 8-10 मिनट तक उबालें। उबले हुए गट्टों को पानी से बाहर निकाल लें और पानी को झोल में डालने के लिए अलग रखें। गट्टों के इन टुकड़ों को ठंडा होने दें, फिर इन्हें छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कड़ाही में एक बड़ा चम्मच तेल गरम करें। गट्टों को मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक भूनें।

### झोल बनाने की विधि

एक कटोरे में बेसन को छान लें। अब इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर डालें और थोड़ा थोड़ा पानी डालते हुए मिलाते जाएं। ध्यान रखें कि घोल में बेसन की गुठली ना पड़ने पाए। खट्टे दही को अच्छे से फेटें। दही को बेसन में मिलाएं। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करे। इसमें जीरा और राई डालें। जब मसाले अच्छे से तड़क जाएं तो हींग और खड़ी लाल मिर्च डालें। मिर्च भुन जाए तो बेसन का घोल और खट्टे दही का घोल डालें। एक उबाल आने तक चलाते रहें, ताकि गुठलियां न पड़ें। उबाल के बाद आंच को धीमा कर दें और कढ़ी को 4-5 मिनट के लिए पकने दें। अगर लगे कि कढ़ी बहुत गाढ़ी है तो थोड़ा और पानी मिलाएं, और फिर पकाएं। कढ़ी में गट्टों को डालें और अच्छी तरह मिलाएं। गट्टों को 3-4 मिनट तक कढ़ी में पकाएं। गरम मसाला डालें, मिलाएं और आंच बंद कर दें। रोटी या चावल के साथ गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**